CMYK

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 17°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 15 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 7 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 26 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नोएडा में वेतन बढ़ाने को श्रमिक आंदोलन सही: राहुल गांधी पेज 2



मिचेल स्टार्क और दीप्ति शर्मा बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर खेल टाइम्स



क्या सभ्यताओं का संघर्ष है ईरान का अमेरिका से युद्ध सम्पादकीय



अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी संप्रभुता का घोर उल्लंघन: ईरान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### बहू ने ससुराल वालों से मांगा 170 करोड़ का सोना, दावा खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 170 करोड़ रुपये के सोने के दावे से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल वैवाहिक विवाद में बड़ा फैसला सुनाते हुए महिला की ओर से दायर घरेलू हिंसा केस को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि बिना ठोस और विशिष्ट आरोपों के दर्ज ऐसे मामलों को शुरुआती स्तर पर ही समाप्त कर देना चाहिए। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और विजय बिश्नोई की पीठ ने कहा कि सिर्फ परिवार के सदस्यों के नाम लेकर, बिना उनके किसी प्रत्यक्ष भूमिका के आरोप लगाए, आपराधिक मुकदमा चलाना कानून का दुरुपयोग होगा। अदालत ने इस मामले को गढ़ा गया बताते हुए कड़ी टिप्पणी की। मामले में महिला ने आरोप लगाया था कि तलाक समझौते के तहत उसे 120 करोड़ रुपये के गहने और 50 करोड़ रुपये के सोने के बिस्कुट दिए जाने का वादा किया गया था।

### सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा है कि अगर सेवा नियमों में अनुभव, योग्यता या वरिष्ठता के आधार पर छूट का प्रावधान है, तो किसी कर्मचारी को केवल डिग्री न होने की वजह से प्रमोशन से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक सहकारी समिति के कर्मचारी को पदोन्नति देने से इन्कार कर दिया गया था। न्यायालय ने माना कि जब अन्य कर्मचारियों को समान छूट दी गई, तो इस मामले में शैक्षिक योग्यता में रियायत न देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि 'भेदभाव अन्याय का ही दूसरा नाम है।' अदालत ने जोर दिया कि सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना अनिवार्य है।

### राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर, मध्य और पश्चिमी राज्यों में तापमान बढ़ने लगा है। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मप्र के रतलाम में भी तापमान 41डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो हफ्तों तक कोई नया सिस्टम एक्टिव नहीं होगा। इससे गर्मी तेजी से बढ़ेगी। हालांकि पूर्वोत्तर राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा दक्षिण भारत में केरल और कर्नाटक में तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह, उत्तराखंड के केदारनाथ और सिक्किम के लाचेन में बर्फबारी से बंद हुए रास्ते खोलने काम चल रहा है।

## फिर इस्लामाबाद में ही होगी ईरान-अमेरिका के बीच शांतिवार्ता

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दिए संकेत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अगले दो दिनों में पाकिस्तान में कुछ महत्वपूर्ण हो सकता है।

यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान बातचीत की मेज पर लौटने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रम्प ने न्यूयॉर्क पोस्ट के एक रिपोर्टर से कहा कि आपको वहीं रहना चाहिए, क्योंकि अगले दो दिनों में कुछ हो सकता है और हम वहां जाने के लिए अधिक इच्छुक हैं। उन्होंने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर की प्रशंसा करते हुए उन्हें शानदार बताया। शांति वार्ता के लिए जिनेवा को भी एक संभावित स्थान के रूप में सुझाया गया था, लेकिन ट्रम्प ने इस संभावना को कमतर आंका। हमें ऐसे देश में क्यों जाना चाहिए जिसका इससे कोई लेना-देना नहीं है?

### ट्रम्प ने पीएम मोदी से फोन पर की बात

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस साल दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी फोन कॉल थी। इससे पहले मार्च के अंत में पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने होर्मुज के बंद होने पर चिंता जताई थी। इस वार्ता के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था कि मुझे राष्ट्रपति ट्रम्प का फोन आया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है।

## लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने की तैयारी कर रही है। सरकार इसके लिए संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 लाएगी। सरकार ने इनसे जुड़े ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं।



इसके मुताबिक, 850 सीटों में से 815 सीटें राज्यों को और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों को दी जाएंगी। इसके लिए 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक संसद का तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें महिला आरक्षण बिल पर भी चर्चा होगी। एक और जरूरी बदलाव आबादी की परिभाषा है। इससे संसद को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए। परिसीमन बिल के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है। इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार यह सब 2029 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक फायदा लेने के उद्देश्य से कर रही है। अगर सरकार महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना चाहती है, तो मौजूदा 543 सीटों में ही यह लागू किया जा सकता है। सीटों के पुनर्वितरण से उत्तर भारत को ज्यादा फायदा होगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि अगर सीटें अनुपात के आधार पर बढ़ाई गईं, तो दक्षिणी राज्यों में महिलाओं,एससी और एसटी समुदायों को नुकसान हो सकता है।

- **2029 से लागू होगा, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा**
- **सीटें बढ़ाने पर दक्षिणी राज्यों का विरोध**

यह कदम दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक ताकत को कम करने की साजिश हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ सकती है। यहां 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है। यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है।

# पीएम मोदी ने किया दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

### उत्तराखंड, यूपी व दिल्ली को 212 किमी लम्बे इकोनॉमिक कॉरिडोर की दी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के लिए मंगलवार का दिन बेहद खास और ऐतिहासिक रहा। प्रदेशवासियो का इंतजार उस समय खत्म हो गया जब पीएम नरेंद्र मोदी ने देहरादून- दिल्ली इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इससे पहले पीएम मोदी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पीएम मोदी को ब्रह्मकमल का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को शॉल और नंदा देवी राजजात यात्रा का स्मृति चिह्न भेंट किया। पीएम बनने के बाद मोदी मंगलवार को 28वीं बार उत्तराखंड पहुंचे। उन्होंने 11,963 करोड़ की लागत से बने 212 किमी लंबे दून-दिल्ली एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे की सौगात दी। इसके अलावा एक हजार मेगावाट क्षमता के देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण किया। देहरादून में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है, जो पहले अकल्पनीय था। अमृतसर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर समेत कई बड़े प्रोजेक्ट प्रगति के नए द्वार खोल रहे हैं, जिनसे लोगों की उम्मीदें जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से समय की बचत होगी, यात्रा सस्ती होगी और किराया-भाड़ा कम खर्च होगा। साथ ही हजारों श्रमिकों को रोजगार मिला है और इंजीनियरों सहित कई क्षेत्रों को इसका लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पर्यटन को इससे बड़ा फायदा होगा। देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और चारधाम यात्रा के लिए यह इंफ्रास्ट्रक्चर अहम साबित होगा। राज्य विंटर टूरिज्म, विंटर स्पोर्ट्स और वेड इन इंडिया के लिए तेजी से उभर रहा है, वहीं शीतकालीन धार्मिक यात्राओं में भी लगातार वृद्धि हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार अभूतपूर्व काम कर रही है। ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए साल में पूरे देश में दो लाख करोड़ -शेष पृष्ठ दो पर



- **पीएम मोदी ने कई जल विद्युत परियोजनाओं का भी दिया तोहफा**
- **21वीं सदी का भारत बना रहा विकास की नई भाग्य रेखाएं**

### पीएम मोदी ने सहारनपुर में किया रोड शो डाट मंदिर में की पूजा-अर्चना

**सहारनपुर/बिहारीगढ़/ छुटमलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण करने से पूर्व सबसे पहले सहारनपुर में रोड शो किया। प्रधानमंत्री का विमान सुबह करीब 11 बजे उतरा, लेकिन आमजन सुबह 7 बजे से ही कतारों में खड़े होकर उनके दर्शन के लिए उत्सुक दिखाई दिया। जैसे ही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का काफिला रोड शो पर निकला, पूरे क्षेत्र में मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठा। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान सिद्धपीठ मां डाट काली मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन की अपील

पीएम मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल से संसद में विशेष चर्चा होगी। सभी राजनीतिक दल नारी शक्ति वंदन बिल को मिलकर आगे बढ़ाएं। कहा कि मैंने आज देश की सभी बहनों के नाम एक खुला पत्र लिखा है। बड़े आग्रह के साथ देश की माताओं और बहनों को इस कार्य में शामिल होने का आह्वान किया है। मैं आज देवभूमि से देश के सभी दलों से फिर अपील करूंगा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में समर्थन करें। पीएम मोदी ने कहा कि लंबे इंतजार के बाद संसद ने नारी शक्ति वंदन बिल पास किया है, जो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार देता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस अधिकार को लागू करने में देरी नहीं होनी चाहिए। 2029 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले चुनावों से ही इस व्यवस्था को लागू किया जाना चाहिए, ताकि महिलाओं की भागीदारी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में और मजबूत हो सके।

### विकास की नई सौगात लेकर आता है पीएम का दौरा: धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि उनका प्रत्येक दौरा उत्तराखंड के लिए नई ऊर्जा और विकास की नई सौगात लेकर आता है। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और उत्तराखंड को 12 हजार करोड़ की लागत से बने एशिया के सबसे लंबे ऐलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर की सौगात मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड देश का श्रेष्ठ राज्य बनने के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प के साथ 'विकास भी और विरासत भी' की अवधारणा के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है।

## सम्राट के हाथ होगा बिहार का राजपाट

### नीतीश युग का अंत, भाजपा को मिलेगा पहला सीएम

**पटना।** भाजपा पहली बार बिहार में अपना सीएम बनाने जा रही है। सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। एनडीए के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी लोक भवन पहुंचे और वहां राज्यपाल से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सम्राट चौधरी के साथ सभी दलों के प्रमुख भी शामिल थे। अब बुधवार को 11.00 बजे सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। एनडीए की नई सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी लोकभवन पहुंचे हैं। उनके साथ नितिन नवीन और शिवराज सिंह पहुंचे हैं। जदयू की ओर से उमेश सिंह कुशवाहा भी लोकभवन पहुंचे हैं। बिहार विधानसभा के सेंट्रल हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया। नीतीश कुमार ने उन्हें माला पहनाई। इसमें एनडीए के सभी विधायक और वरिष्ठ नेता पहुंचे हैं। भाजपा नेता नीरज कुमार सिंह ने सम्राट चौधरी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर कहा कि बरसों के बाद भाजपा को यह मौका मिला है। एनडीए का शासन होगा, बिहार सम्राट चौधरी के नेतृत्व में काफी विकास करेगा। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने सम्राट चौधरी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर कहा कि बहुत खुशी की बात है कि सम्राट चौधरी भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए हैं।



- **राजभवन पहुंचे, सरकार बनाने का दावा पेश किया, आज सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण**

## वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर फटा, 10 मजदूरों की मौत

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 10 मजदूरों की मौत हो गई है। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने 4 मौतों की पुष्टि की है।

वहीं 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया, जहां 6 मजदूरों ने दम तोड़ दिया है। बाकी 12 घायलों की हालत भी गंभीर है। मजदूर 80 फीसदी झुलस गए हैं। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हर रोज की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान अचानक दोपहर करीब 2 बजे बायलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासन अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्यूब फटने से हादसा हुआ है।


- **30-40 मजदूर झुलसे, 12 की हालत गंभीर, 80 फीसदी जले, परिजनों का हंगामा**

## अतीत की गलतियों को सुधारेगा दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर

अबूबकर शिब्ली

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार अब राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुदृढ़ औद्योगिक अवसंरचना के साथ जोड़कर देख रही है। जिसके चलते सरकार राज्य के परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के प्रयास में लगी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को राष्ट्र को समर्पित किया गया ग्रीनफील्ड दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर इसी श्रृंखला की अगली कड़ी है। दरअसल, उत्तर प्रदेश लंबे समय से विकास की दौड़ में एक पिछड़ा राज्य रहा है। जिसका मुख्य कारण वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद राज्य की अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र (कृषि) से सीधे तृतीय क्षेत्र (सेवा) में चले जाना रहा है। लगभग तीन दशकों तक द्वितीय क्षेत्र (उद्योग) इस राज्य में उपेक्षित ही रहा। जिसका परिणाम यह हुआ कि राज्य में अपेक्षित रोजगार सृजन नहीं हो पाया, क्योंकि उद्योग ही रोजगार सघन क्षेत्र है। इसी उपेक्षा के कारण दीर्घकाल में राज्य सामाजिक आर्थिक विकास की दृष्टि से पिछड़ता चला गया और उत्तर प्रदेश की गिनती 'बीमारू' राज्यों में की जाने लगी। अतीत में हुई इस नीति गतिहीनता से सबक लेते हुए मौजूदा सरकार प्रदेश में उद्योग आधारित विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। राज्य में निजी निवेश आकर्षित करने के लिए बेहतर व सुरक्षित परिवहन अवसंरचना पहली और अनिवार्य शर्त है। मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया दिल्ली देहरादून आर्थिक कॉरिडोर निवेश आकर्षण की दिशा में एक नवीन अध्याय है। यह कॉरिडोर न केवल उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर



- **राज्य में उद्योग आधारित विकास को मिलेगी गति**
- **ब्रांड के रूप में स्थापित होगी वुड कार्विंग व होजरी इंडस्ट्री**

## नोएडा हिंसा के बाद योगी सरकार ने बढ़ाई मजदूरी

**नोएडा/लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा में श्रमिकों के हिसक विरोध प्रदर्शन के बाद अंतरिम मजदूरी दरों में वृद्धि करते हुए नई दरें एक अप्रैल 2026 से लागू कर दी हैं।

सरकारी आदेश के अनुसार मजदूरी दरों को तीन श्रेणियों गौतमबुद्ध नगर (नोएडा)-गाजियाबाद, नगर निगम क्षेत्र तथा अन्य जिलों में विभाजित किया गया है। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद -शेष पृष्ठ दो पर

### कर्मचारियों के प्रदर्शन में फिर हुआ बवाल

**नोएडा।** जिले में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद नोएडा के फेज 2 में प्रदर्शनकारी मंगलवार को फिर से जमा हो गए। उन्होंने पत्थरबाजी की है। हालात को काबू में करने के लिए यहां पुलिस तैनात कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आशा भोसले के निधन पर सोनिया ने परिजनों को लिखा भावुक पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को एक भावुक शोक पत्र लिखा है। श्रीमती गांधी ने आशा भोसले के बेटे आनंद और हेमंत भोसले को संबोधित पत्र में कहा कि आशा भोसले के निधन के साथ भारतीय संगीत का एक स्वर्णिम युग समाप्त हो गया है। उन्होंने आशा जी को एक महान कलाकार, प्रतीक और करोड़ों लोगों को अपनी आवाज से खुशी देने वाली हस्ती बताया। पत्र में उनकी बहुमुखी प्रतिभा का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें उन्होंने शास्त्रीय, लोक और पॉप संगीत में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

### एसएसपी के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट चलाने पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बडगाम जिले में एसएसपी के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट चलाने और लोगों को प्रभावित करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पल्लर बडगाम निवासी समीर अली भट फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट के जरिए चैट के स्क्रीनशॉट साझा कर खुद को एसएसपी का करीबी बताकर लोगों पर प्रभाव डालने की कोशिश कर रहा था। जांच में पाया गया कि आरोपी पहले से कई मामलों में संलिप्त है और वह एसएसपी बडगाम के नाम से फर्जी अकाउंट संचालित कर रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 319 और आईटी अधिनियम की धारा 66-सी के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।


### आसमान छूती महंगाई के साथ मजदूरी बढ़ाने की बात वाजिब

# नोएडा में वेतन बढ़ाने को श्रमिक आंदोलन सही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नोएडा में श्रमिकों के वेतन बढ़ाने को लेकर किए गए आंदोलन को सही ठहराते हुए कहा है कि आसमान छूती महंगाई के साथ मजदूरी बढ़ाने की बात वाजिब है और उनकी इस मांग पर संवेदनशीलता के साथ ध्यान दिया जाना चाहिए।

गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर नोएडा में कल कई कंपनियों में श्रमिकों द्वारा वेतन बढ़ाने के लिए किए आंदोलन का समर्थन किया और कहा कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, उसके अनुसार उनकी न्यूनतम मजदूरी भी बढ़नी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ,



■ जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, उसके अनुसार न्यूनतम मजदूरी भी बढ़नी चाहिए: राहुल

वह इस देश के श्रमिकों की आखिरी पुकार थी-जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 रुपये मासिक आय में से 4,000-7,000 रुपये किराए में चले जाते हैं। जब तक 300 रुपये की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक 500 रुपये सालाना किराया बढ़ा देता है। आय बढ़ने से पहले ही यह बेलगाम महंगाई जीवन का गला घोंट देती है और कर्ज की गहराई में डुबो देती है, यही है 'विकसित भारत' का सच। उन्होंने आगे लिखा कि एक महिला मजदूर ने कहा रसोई गैस के दाम बढ़ते हैं, पर हमारी आय नहीं। इन लोगों ने शायद इस गैस संकट के दौरान अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए 5,000 रुपये तक का गैस सिलेंडर खरीदा होगा। यह सिर्फ नोएडा की बात नहीं है और न ही सिर्फ भारत की। दुनियाभर में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई है। मगर अमेरिका के शुल्क युद्ध, वैश्विक महंगाई और बाधित आपूर्ति शृंखला का बोझ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मित्र' उद्योगपतियों पर नहीं पड़ा। इसकी सबसे बड़ी मार उस मजदूर पर पड़ी है, जो दिहाड़ी कमाता है और तभी रोज खाता है। वह मजदूर, जो किसी युद्ध का हिस्सा नहीं, जिसने कोई नीति नहीं बनाईजिसने बस काम किया, चुपचाप, बिना शिकायत और अपने अधिकार की मांग करने पर उसे मिलता क्या है। दबाव और अत्याचार।

### संशोधन विधेयक सांसदों को उपलब्ध न कराना लोकतंत्र का मजाक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि जिस संविधान संशोधन विधेयक को लेकर सरकार 16 अप्रैल से संसद की बैठक बुला रही है, उसे अब तक सांसदों को उपलब्ध न कराना सरकार की मनमानी और लोकतंत्र का मजाक उड़ाने जैसा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि सरकार ने पहले 29 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक बुलाने की विपक्ष की मांग ठुकराकर मनमानी की और अब तक सांसदों के साथ इस विधेयक को साझा न कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अवहेलना की है। उन्होंने कहा कि संसद की बैठक 16 अप्रैल से शुरू हो रही है। यह बैठक ऐसे समय बुलाई जा रही है जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार चरम पर होगा।

# दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे परियोजना का मुख्य आकर्षण है वन्यजीव गलियारारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से उत्तराखंड की राजधानी देहरादून तक निर्मित 212 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे को राष्ट्र को समर्पित किया। यह एक्सप्रेस-वे दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ेगा। करीब तीन वर्ष में तैयार इस एक्सप्रेस-वे पर वाहन बिना रुके तेज गति से संचालित हो सकेंगे और दिल्ली से देहरादून की यात्रा लगभग ढाई घंटे में पूरी की जा सकेगी।

परियोजना में 16 प्रवेश एवं निकास प्वाइंट, 12 टोल प्लाजा तथा 76 किलोमीटर सर्विस रोड का निर्माण किया गया है। करीब 13 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने इस एक्सप्रेस-वे पर 62 फ्लाईओवर और 113 अंडरपास बनाए गए हैं। परियोजना में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया है। वन्यजीवों की आवाजाही के लिए विशेष अंडरपास तथा हाथियों के लिए सुरक्षित गलियारा विकसित किया गया है।

■ एक्सप्रेस-वे दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ेगा

परियोजना का मुख्य आकर्षण 12 किलोमीटर लंबा वन्यजीव गलियारा है। इसके नीचे राजाजी नेशनल पार्क और शिवालिक वन क्षेत्र में हिरण, हाथी तथा अन्य वन्यजीव सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकेंगे। गलियारे का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि वाहनों की रोशनी और ध्वनि का वन्यजीवों पर न्यूनतम प्रभाव पड़े।

इस एक्सप्रेस-वे से उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बीच संपर्क मजबूत होगा। इसके साथ ही पर्यटन, व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। राज्यमंत्री जसवंत सैनी और भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने कहा कि यह परियोजना केवल सड़क मार्ग नहीं, बल्कि विकास और रफ्तार का नया मार्ग है।

# मायावती ने केंद्र-राज्य सरकारों पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बी आर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए देशवासियों, विशेषकर पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन गरीबों, वंचितों, शोषितों और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष में बीता। मायावती ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से समानता और न्याय की गारंटी सुनिश्चित की, जिससे वे अमर हो गए और देश हमेशा उनका कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने बसपा समर्थकों द्वारा पूरे देश में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए धन्यवाद भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्यों की



■ संविधान के उद्देश्य सही ढंग से लागू होते, तो देश पूरी तरह आत्मनिर्भर और विकसित बन चुका होता

सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि बाबा साहेब के मानवतावादी और बहुजन-कल्याणकारी संविधान के उद्देश्यों को सही ढंग से लागू किया गया होता, तो आज देश पूरी तरह आत्मनिर्भर और विकसित बन चुका होता। उन्होंने आरोप लगाया कि अभी भी देश में करोड़ों लोग गरीबी, बेरोजगारी, जातिवाद और शोषण जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

# नोएडा में हिंसा के लिए सरकार जिम्मेदार

## इंटेलिजेंस पूरी तरह फेल रही: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने नोएडा में हुई घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसे सरकार की नाकामी बताते हुए कहा कि इंटेलिजेंस पूरी तरह फेल रही और प्रशासन को पहले से जानकारी होने के बावजूद घटना को होने दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर यह कोई बड़ी साजिश है तो इसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी पर आती है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाया जाएगा और उनकी पार्टी बाबा



साहब के संविधान पर आधारित समाज की स्थापना करेगी। अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पर व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा कि उनसे बड़ा झूठ बोलने वाला कोई संत नहीं है। उन्होंने उन्हें नकली संत बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार का संविधान से कोई सरोकार नहीं है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा नेता हार के डर से भूमिगत हो गए हैं, लेकिन जनता मिलकर उन्हें हराने और सत्ता से हटाने का काम करेगी। उन्होंने भीमराव अंबेडकर के संविधान को ष्लोहे की तलवारष बताते हुए कहा कि यह देश के लोगों को न्याय और सम्मान दिलाने का माध्यम है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दौरान बाबा साहब की प्रतिमाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया गया है और चुनाव से पहले बजट के जरिए जनता को गुमराह करने की कोशिश की जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों, पिछड़ों और पीडीए वर्ग के खिलाफ भेदभाव जारी है, हालांकि जनता अब इन साजिशों को समझ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा 400 से अधिक सीटें जीतने और संविधान बदलने के दावे किए गए थे, लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता ने मतदान के जरिए संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है।

### अंबेडकर जयंती पर मुख्यमंत्री योगी ने बाबा साहब के आदर्शों को बताया पथप्रदर्शक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'भारत रत्न' बी आर अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने बाबा साहब के आदर्शों को बताया पथप्रदर्शक बताया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहब ने समता, न्याय और बंधुत्व के उच्च आदर्शों से आलोकित, समरस एवं समावेशी समाज की मजबूत आधारशिला रखी। भारतीय संविधान के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है, जिसने देश को लोकतांत्रिक मूल्यों की सुदृढ़ दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि अंत्योदय और लोक-कल्याण के प्रति समर्पित बाबा साहब सच्चे अर्थों में मां भारती के अमूल्य रत्न हैं। उनका संपूर्ण जीवन समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब का प्रेरक जीवन और उनके आदर्श हम सभी के लिए सदैव पथप्रदर्शक रहेंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता, न्याय और समरसता स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करें।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 77550.25
निफ्टी 24050.60



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया संकटः वाहन उद्योग के लिए अप्रैल में होगी अग्नि परीक्षा

**नई दिल्ली, वार्ता**

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम का मानना है कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर अप्रैल में अग्नि परीक्षा होगी।

सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने मंगलवार को वाहनों की थोक बिक्री के आंकड़े जारी करने के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि मार्च में उत्पादन प्रभावित नहीं हुआ है, लेकिन अप्रैल में कंपनियां दबाव महसूस कर रही हैं और इस महीने कंपनियों की 'अग्नि परीक्षा' होगी। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि युद्ध लंबा न चले यदि ऐसा होता है वाहनों की बिक्री में एकल अंक की वृद्धि के कुछ अनुमान सही साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल लोग जानकारी लेने के लिए शोरूम में आ रहे हैं, लेकिन खरीदारी का फैसला लेने में देरी कर रहे हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रमुख श्री चंद्रा ने कहा कि अप्रैल के पहले दो सप्ताह में पश्चिम एशिया संकट का दबाव पड़ना शुरू हो गया है और उत्पादन की लागत बढ़ी है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम की आपूर्ति पहले पश्चिम एशिया से होती थी, अब कंपनियां उसका विकल्प खोज रही हैं। उन्होंने कहा अप्रैल में यह साफ होगा कि आपूर्ति बढ़ने की रफ्तार और पहले से मौजूद कलपुर्जों और कच्चे माल के भंडार की खपत की रफ्तार में कितना संतुलन बन पाता है। चंद्रा ने कहा कि वाहन उद्योग में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले प्रोपेन और एलपीजी की कमी चिंताजनक है। कुछ चुनिंदा पेट्रो-रसायन के दाम बढ़ रहे हैं और परिवहन की लागत भी बढ़ी है।

सियाम के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में वाहनों की घरेलू बिक्री 10.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,82,65,519 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 7.9 प्रतिशत बढ़कर 46,43,439 इकाई पर पहुंच गई। दुपहिया की बिक्री 10.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,17,05,974 इकाई पर रही। श्री चंद्रा ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में सभी खंडों में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। सात साल बाद यह स्थिति बनी है जो वाहन निर्माता कंपनियों के लिए खुशखबरी है। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर की दरों में पिछले साल सितम्बर में की गई कटौती से ग्राहक धारणा मजबूत बनी हुई है।

### इंडिगो की चार दिन की सेल, टिकट पर 10 प्रतिशत तक छूट

**नई दिल्ली।** प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार से चार दिन की सेल की घोषणा की है जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर बुकिंग में 10 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। 'समर गेटअवे' सेल के तहत 14 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच बुकिंग कराई जा सकती है, जबकि यात्रा की तारीख 01 जुलाई से 09 अक्टूबर 2026 के बीच होने की शर्त रखी गई है। यात्री इंडिगो की वेबसाइट, मोबाइल एप, एआई-संचालित असिस्टेंट 6ईस्काई, इंडिगो के व्हाट्सएप नंबर (91-70651 45858), या चुनिंदा ट्रैवल पार्टनर के वेबसाइट्स और ऐप के माध्यम से बुकिंग करते समय 'एसयूएमआर 10' (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) प्रोमो कोड का उपयोग करके इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

# वाहनों की घरेलू बिक्री 10.4 प्रतिशत बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।**

पहली छमाही के सुस्त प्रदर्शन के बावजूद वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और रेपो दरों में कटौती के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में वाहनों की घरेलू बिक्री 10.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,82,65,519 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष के दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 7.9 प्रतिशत बढ़कर 46,43,439 इकाई पर पहुंच गई। दुपहिया की बिक्री 10.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,17,05,974 इकाई पर रही। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्र ने रिपोर्ट जारी करने के मौके पर बताया कि वित्त वर्ष



2025-26 में सभी खंडों में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। सात साल बाद यह स्थिति बनी है जो वाहन निर्माता कंपनियों के लिए खुशखबरी है।

वित्त वर्ष के दौरान वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 12.6 प्रतिशत मजबूत वृद्धि देखी गई और यह एक साल पहले के 9,58,679 इकाई से बढ़कर 10,79,871 इकाई पर रही। तिपहिया की बिक्री में भी 12.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 8,36,231 इकाई हो गई। हालांकि तिपहिया के खंड में ई.रिक्शा की बिक्री में 29.6 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। श्री चंद्रा ने कहा कि जीएसटी की दरों में पिछले साल सितम्बर में की गई कटौती से ग्राहक धारणा मजबूत बनी हुई है।

इसके साथ ही रिजर्व बैंक द्वारा पिछले साल रेपो दरों में की गई कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती और सरकार द्वारा आयकर छूट की सीमा बढ़ाने से भी बिक्री बढ़ाने में मदद मिली है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीएम मोदी...**

भी खर्च नहीं होते थे, आज 12 लाख करोड़ से ऊपर होते हैं। उत्तराखंड में ही सवा दो लाख करोड़ से ऊपर की परियोजनाओं पर काम जारी है। कभी उत्तराखंड के गांव में सड़क के इंतजार में पीढ़ियां बदल जाती थी। अब सड़क गांव तक पहुंच रही है। वीरान गांव फिर जीवंत हो रहे हैं।

ये रहे उपस्थित' कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश के राज्यपाल ले.ज. (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, विजय बहुगुणा, डा. रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य, खजान दास, डा. धन सिंह रावत, सौरभ बहुगुणा, मदन कौशिक, राम सिंह कैड़ा, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा, सांसद अनिल बलूनी, अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, नरेश बंसल उपस्थित रहे। वहीं, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वर्चुअल माध्यम से शामिल हुईं। कार्यक्रम में इनके अलावा उत्तराखंड के विधायकगण, दायित्वधारी, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम जनता मौजूद रही।

**अतीत की...**

से लेकर दिल्ली तक विकास की एक श्रृंखला स्थापित करेगा, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद के लिए भी विकास के नए द्वार खोलेगा, क्योंकि इस कॉरिडोर का एक तिहाई से अधिक हिस्सा सहारनपुर से होकर गुजरता है। यही कारण है कि यह कॉरिडोर जनपद में परिवहन कनेक्टिविटी और बेहतर जीवन स्तर के साथ ही औद्योगिक विकास के नए अवसर पैदा करेगा। इस कॉरिडोर के किनारे राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक क्लस्टर्स विकसित करने की योजना है। जिससे न सिर्फ पर्याप्त रोजगार सृजन होगा। बल्कि सहारनपुर की वुड कार्विंग और होजरी इंडस्ट्री को भी ब्रांड आधारित उन्नति के अवसर मिलेंगे।

इसके साथ ही यह उत्तराखंड की चारधाम महामार्ग परियोजना के साथ जुड़कर धार्मिक पर्यटन को भी मजबूत करेगा। इतना ही नहीं यह कॉरिडोर वर्तमान में तनाव से गुजर रहे मानव-वन्यजीव संबंधों को भी बेहतर बनाते हुए हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र के साथ संतुलित विकास का वाहक बनेगा। यह हाईवे शिवालिक रेंज में 12 किमी. लंबे वन्यजीव गलियारे के ऊपर से होकर गुजरेगा। जिसमें 6 वन्यजीव व 2 पृथक हाथी अंडरपास शामिल हैं। इससे मानव व वन्यजीव अपने अपने क्षेत्र में संतुलित एवं विकसित जीवन यापन का अनुभव करेंगे। संक्षेप में कहे तो यह कॉरिडोर केंद्र व राज्य सरकार के व्यापक विजन का हिस्सा है, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित सहारनपुर में क्षेत्रीय व पर्यावरणीय संतुलन के साथ सुदृढ़ औद्योगिक अवसंरचना पर केंद्रित है। इससे सामाजिक आर्थिक विकास के नए अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही यह उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाने का दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**नोएडा हिंसा...**

में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 11,313 रुपये से बढ़ाकर 13,690 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिकों की 12,445 रुपये से बढ़ाकर 15,059 रुपये तथा कुशल श्रमिकों की 13,940 रुपये से बढ़ाकर 16,868 रुपये कर दी गई है। नगर निगम वाले अन्य शहरों में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 11,313 रुपये से बढ़ाकर 13,006 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिकों की 12,445 रुपये से बढ़ाकर 14,306 रुपये तथा कुशल श्रमिकों की 13,940 रुपये से बढ़ाकर 16,025 रुपये निर्धारित की गई है। सरकार ने सोशल मीडिया पर न्यूनतम मजदूरी 20 हजार रुपये प्रतिमाह तय किए जाने के दावों को भ्रामक और निराधार बताया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक के बाद सोमवार देर रात लिया गया।

### प. बंगाल विधानसभा चुनाव में 2,926 उम्मीदवार मैदान में

**नई दिल्ली/कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की है। चुनाव आयोग के अनुसार नामांकन वापसी की अंतिम तिथि के बाद राज्य में कुल 2,926 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर 1,478 उम्मीदवार और दूसरे चरण में 142 सीटों पर 1,448 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल थी, जबकि 10 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटिनी) और 13 अप्रैल को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। चुनाव कार्यक्रम के तहत दूसरे चरण के लिए मतदान 29 अप्रैल को कराया जाएगा।

# अंबेडकर के विचारों से प्रेरित हैं सरकार की योजनाएंः नितिन

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि सरकार की योजनाएं बाबा साहब अंबेडकर के विचारों से प्रेरित है और इसी का अनुकरण करते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है।

श्री नितिन ने आज यहां भाजपा मुख्यालय में संविधान के शिल्पकार डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलित अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से बाबासाहेब को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने



का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय ने समावेशी विकास के जरिए विकसित भारत का सपना देखा था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार साकार करने का प्रयास कर रही है।

महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अतीत में अंबेडकर को उचित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित सरकार बनने के बाद ही बाबा. साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने अंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का विकास, संविधान दिवस की शुरुआत और अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना जैसे कदम उठाकर उनके विचारों को सम्मान दिया है। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यमुना बाढ़ सुरक्षा परियोजना को मंजूरी

**■ मजनू टीला से ओआरबी तक बनेगी दीवार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकार ने यमुना की बाढ़ से बचाने वाली दीवार के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के अंतर्गत रिंग रोड के किनारे मजनू का टीला से ओल्ड रेलवे ब्रिज (ओआरबी) तक लगभग 4.72 किलोमीटर लंबी एक मजबूत सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को बताया कि हमारी सरकार ने तत्कालीन बजट में इस दीवार के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया है। यह दीवार न केवल यमुना के पानी को रिहायशी इलाकों में घुसने से रोकेगी, बल्कि सिविल लाइंस, कश्मीरी गेट, यमुना बाजार और मजनू का टीला जैसे संवे. दनशील क्षेत्रों के लिए एक अभेद्य सुरक्षा कवच का काम करेगी। दशकों से ऐसा होता आ रहा है कि जब भी यमुना में जलस्तर बढ़ता है तो मजनू का टीला और उसके आसपास के निचले इलाकों से ही पानी सबसे पहले राजधानी में प्रवेश करता है। वर्ष 1978 की भीषण बाढ़ से लेकर 2023 और वर्ष 2025 की बाढ़ तक, रिंग रोड का यह हिस्सा जलमग्न होने के कारण पूरी दिल्ली की रफ्तार रोक देता था। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान तटबंध भविष्य की चुनौतियों के लिए पर्याप्त नहीं हैं, इसलिए अब सरकार स्थायी समाधान की ओर बढ़ रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में यमुना ने 208.66 मीटर का अपना सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर छुआ था, जिसने 1978 के रिकॉर्ड को भी ध्वस्त कर दिया। वहीं 2025 में भी यमुना खतरे के निशान (205.33 मीटर) को पार कर 207.48 मीटर तक पहुंच गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की बाढ़ की आशंका भविष्य में भी बनी रहेगी, जिसके स्थायी समाधान के लिए प्रस्तावित दीवार एक मजबूत व स्थायी विकल्प है। इस परियोजना का तकनीकी आधार अगस्त 2024 में तैयार की गई जॉइंट फ्लड कमिटी की रिपोर्ट है, जिसमें पुणे स्थित केंद्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केंद्र के विशेषज्ञ एवं सदस्यों द्वारा हाइड्रोलिक मॉडल अध्ययन और विस्तृत डेटा विश्लेषण किया गया था। इस अध्ययन में स्पष्ट रूप से सुझाव दिया गया कि रिंग रोड के इस हिस्से पर मजबूत फ्लड प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण ही दीर्घकालिक समाधान हो सकता है, लेकिन पूर्व सरकार ने दिल्ली को बाढ़ से बचाने के लिए कोई निर्णय नहीं लिया, जिसका परिणाम है कि बाढ़ आते ही इन इलाकों में बाढ़ के हालात पैदा हो जाते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना के किनारे बनने वाली यह दीवार नदी और शहर के बीच एक मजबूत ढाल बनेगी, जिससे नदी का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर नहीं आएगा। इस दीवार से नदी के किनारों को कटने से बचाया जा सकेगा, जिससे सड़कों और आसपास की इमारतों की नींव सुरक्षित रहेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली सरकार इस प्रोजेक्ट को युद्धस्तर पर पूरा करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। इस पूरी दीवार को अगले मॉनसून सीजन 2027 से पहले तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना केवल बाढ़ से सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शहरी अवसंरचना को सुदृढ़ करने, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों के जीवन स्तर को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस दीवार के निर्माण के बाद दिल्ली को हर वर्ष आने वाली बाढ़ की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी।

# नकली ऑटो पाट्‌र्स के रैकेट का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नकली ऑटो पाट्‌र्स के रैकेट का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 25-30 लाख रुपये के नकली ऑटो पाट्‌र्स बरामद किए है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल को एसआई इंद्रवीर से मिली विश्वसनीय जानकारी के आधार पर एसीपी नरेंद्र बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने करोल बाग में छापेमारी कर आरोपी भारत (27) और राजेंदर सिंह (28) को पकड़ लिया था।छापेमारी के दौरान पुलिस ने उनके पास से , नकली स्पेयर पाट्‌र्स और पैकेजिंग सामग्री की भारी मात्रा बरामद की है जब्त की गई चीजों में पैकिंग पाउच, कार्टन, क्लच असेंबली, टाइमिंग चेन, ऑयल सील, फिल्टर, ब्रेक पैड, केबल और गाड़ी के कई दूसरे पुर्जे शामिल हैं।

इसके अलावा, आरोपियों में से एक के गोदाम से लगभग 60 बोरे नकली स्पेयर पाट्‌र्स बरामद किए गए।इस दौरान पुलिस ने पैकिंग मशीनें और एक बारकोड प्रिंटर भी बरामद की है , जिससे पता चलता है कि बाजार में नकली सामानों की संगठित तरीके से रीपैकेजिंग और बिक्री की जा रही थी।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी भरत ने कबूल किया कि आसानी से पैसे कमाने के लिए, उसने जानी-मानी कंपनियों के जाली/नकली स्पेयर पाट्‌र्स का धंधा और उन्हें जमा करना शुरू कर दिया था, जिन्हें बरामद जगह पर पैक करके रखा जाता था।

इस दौरान आरोपी राजेंदर सिंह ने बताया कि लगभग 7ख्8 महीने बाद, ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए, उसने अलग-अलग कंपनियों के नकली स्पेयर पाट्‌र्स का धंधा और उन्हें बेचना शुरू कर दिया। लगातार पूछताछ के दौरान, उसने पैसे कमाने के लिए इस गैर-कानूनी काम में अपनी हिस्सेदारी कबूल कर ली। शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी टीवीएस के ब्रांड नाम के तहत नकली स्पेयर पाट्‌र्स की सप्लाई और बिक्री में लगे हुए थे।

# डॉ. अम्बेडकर समानता व सामाजिक न्याय के दृढ़ समर्थक थे: विजेन्द्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने आज कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर समानता और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने यह विचार आज दिल्ली विधान सभा परिसर में आयोजित डॉ. अम्बेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात व्यक्त किए। बाबा साहेब की महान विरासत का उल्लेख करते हुए गुप्ता ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। उन्होंने संविधान को एक अद्वितीय और दूरदर्शी दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह आज भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचार आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिनमें महिला सफाई कर्मी भी शामिल थीं। उनकी उपस्थिति डॉ. अम्बेडकर के प्रति समाज के सभी वर्गों में व्याप्त गहरे सम्मान और श्रद्धा को दर्शाती है। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अम्बेडकर के आदर्श और दृष्टि आज भी एक समावेशी, न्यायपूर्ण और समानतापूर्ण समाज के निर्माण के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शासन और सार्वजनिक जीवन में इन सिद्धांतों को आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। विजेन्द्र गुप्ता ने यह भी उल्लेख किया कि डॉ. अम्बेडकर की जयंती को उनके महान योगदान के सम्मान में राजपत्रित अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित डॉ. अम्बेडकर को समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु उनके अद्वितीय योगदान के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा।



विधान सभा परिसर में आयोजित डॉ. अम्बेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में बिजेंद्र गुप्ता व अन्य कर्मचारीगण।

## एक नजर

### अक्षय तृतीया के लिए 'गोल्ड प्राइस लॉक' सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसर पर सोना खरीदना भारतीय परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी को ध्यान में रखते हुए इंस्टामार्ट और कल्याण ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए एक अभिनव "गोल्ड प्राइस लॉक" सुविधा पेश की है, जो खरीदारी को पहले से अधिक आसान, सुरक्षित और लाभकारी बनाती है। अर्जुन चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट (ग्रोथ), इंस्टामार्ट ने कहा, इंस्टामार्ट में, हमने हमेशा यह कोशिश की है कि खास मौकों पर भारतीयों के कीमती धातुओं की खरीदारी के तरीके में नवाचार लाया जाए। रमेश कल्याणरामन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, कल्याण ज्वेलर्स ने कहा, "सोने की कीमत लॉक करने की सुविधा कल्याण ज्वेलर्स के रिटेल शोरूम्स में पहले से ही एक पसंदीदा फीचर रही है, जो ग्राहकों को त्योहारों की खरीदारी की योजना बनाते समय अधिक भरोसा देती है।

### खनन निवेश का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** वेदांता चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट साझा करते हुए भारत की इस्पात निर्माण महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने और संसाधन आत्मनिर्भरता को मजबूत करने में लौह अयस्क उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। बड़े पैमाने पर निवेश और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी खनन क्षमता की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने भारत की भू-वैज्ञानिक क्षमता को अनलॉक करने और देश की दीर्घकालिक औद्योगिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए सरल एवं उत्पादन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। पोस्ट में अग्रवाल ने उल्लेख किया कि भारत का 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने के लिए लगभग 800 मिलियन टन लौह अयस्क की आवश्यकता होगी, जिसके लिए घरेलू उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि जरूरी है।

### भारतीय सेना ने निकाला पर्यटकों को सुरक्षित

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर नॉर्थ सिक्किम में फंसे पर्यटकों को ऑपरेशन हिमसेतु के तहत सुरक्षित बाहर निकाला।यह ऑपरेशन तब शुरू किया गया जब एक भूस्खलन से तारामचू के आगे सड़क का एक जरूरी हिस्सा टूट गया। इससे चट्टान का रास्ता बंद हो गया और सैकड़ों पर्यटक वहां फंस गए। भारतीय सेना के इंजीनियरख्त्रिशक्ति सैपर्स ने तुरंत काम शुरू किया और रास्ता ठीक करने में जुट गए। इस ऑपरेशन में एक खास काम यह रहा कि टूटे हुए रास्ते पर जल्दी से एक अस्थायी पैदल पुल बनाया गया। इससे लोगों को सुरक्षित निकलने में मदद मिली, भले ही मौसम और रास्ता मुश्किल था। इसके अलावा, टीमों ने डोंक्याला पास पर जमी भारी बर्फ भी साफ की, ताकि रास्ता खुला रहे और काम चलता रहे। अच्छी योजना और सभी टीमों के साथ मिलकर काम करने से कुल 1,170 पर्यटकों और 70 मोटरसाइकिलों को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### दिल्ली से लापता लड़कियों की लोकेशन मिली बिहार, तीनों लड़कियों में दो है नाबालिग

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के घोंडा और मौजपुर इलाके से तीन लड़कियों के लापता होने का मामला सामने आया है।परिजनों ने आरोप लगाया है कि कुछ युवक बहला- फुसलाकर तीनों को अपने साथ ले गए है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, तीनों लड़कियां बीते 8 अप्रैल से लापता हैं। काफी तलाश के बाद जब उनका कोई सुराग नहीं मिला तो परि. जनों ने संबंधित जाफराबाद थाने में शिकायत दी। पुलिस ने जांच के दौरान तीनों के मोबाइल फोन की लोकेशन खंगाली, जिसमें उनकी आखिरी लोकेशन बिहार के सीतामढ़ी में मिली। इसके बाद जांच टीमों ने इस एंगल पर काम तेज कर दिया है। परिजनों का कहना है कि यह पूरी घटना सुनियोजित लग रही है और लड़कियों को जानबूझकर दिल्ली से बाहर ले जाया गया है। इनमें से दो लड़कियां नाबालिग बताई जा रही हैं, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया है। इधर, एक लड़की के परिजन पुलिस टीम के साथ सीतामढ़ी पहुंचे हुए हैं और वहां संभावित ठिकानों पर तलाश कर रहे हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा, जिसके कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रदर्शनकर्ताओं को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म्स में से एक पॉलिसीबाजार ने अपने आसियान रश प्रोग्राम के तहत शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सलाहकारों को 39 लाख मूल्य के उपहार देकर सम्मानित किया। यह पहल कंपनी की कर्मचारी सर्वोपरि सोच और कर्मचारियों को प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। स्वास्थ्य, टर्म, सेविंग्स जैसे विभिन्न बिजनेस वर्टिकल्स से चुने गए कुल 89 शीर्ष सलाहकारों को सम्मानित किया गया। पॉलिसीबाजार के सह-संस्थापक एवं मुख्य बिक्री अधिकारी, जेरी भूटिया ने कहा पॉलिसीबाजार परिवारों को उनका वित्तीय भविष्य सुरक्षित करने के बड़े उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम' देश की नारी शक्ति के सम्मान में एक ऐतिहासिक कदम : रक्षा खडसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता रक्षा खडसे ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' देश की नारी शक्ति के सम्मान में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम तो है ही, साथ ही, यह पहल महिलाओं को नीति निर्माण और देश के नेतृत्व में समान भागीदारी सुनिश्चित करने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। रक्षा खडसे ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह निर्णय भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महिलाओं की भूमिका को और सशक्त करेगा। रक्षा खडसे ने कहा कि 16 अप्रैल से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के लिए संसद में विशेष सत्र बुलाया गया है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में सबसे बड़ा ऐतिहासिक निर्णय है। यह देश की महिलाओं के लिए एक निर्णयकारी पहल है। आज लोकसभा और विधानसभा में कई महिलाएं अपना-अपना प्रतिनिधित्व कर रही हैं और आगे चलकर इस अधिनियम के माध्यम से देश की सभी महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33% आरक्षण मिलने वाला है। यह सिर्फ सीट बढ़ने की बात नहीं है, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में भी महिलाओं का काफी बड़ा योगदान रहेगा और जब विक. सित भारत की बात की जाती है तो महिलाओं की पॉलिसी बनाने में एक काफी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब भी कोई चुनाव आता है तो 50% वोट शेयरिंग महिलाओं की रहती है। चुनावों में महिलाओं की भागीदारी भी काफी सक्रिय रूप से बढ़ रही है, इसलिए यही समय है, जब महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में उनका अधिकार इस आरक्षण के माध्यम से मिलना चाहिए, जो प्रधानमंत्री देने जा रहे हैं।

# आंबेडकर जयंती के पर निकाली गई प्रभात फेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की 135 वी जयंती के अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा रामनगर विस्तार शाखा द्वारा इलाके मे प्रभात फेरी निकाली गयी, इस मौके पर सैकड़ो लोग इस प्रभात फेरी मे शामिल हुए स यह फेरी रामनगर, भगवानपुर खेड़ा, जगजीवन नगर, चंद्रलोक, बुध बाजार, न्यू मार्डन शाहदरा, डीडीए पार्क मानसरोवर पार्क, मंडोली रोड से होती हुई अम्बेडकर गेट पर जाकर समाप्त हुई, जहां बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए गए ओर माला पहनाई गयी। इस मौके पर शाखा के अध्यक्ष उपासक डॉ सुनील सागर ने कहा बाबा साहब ने दलितों ओर वंचितों के लिए लड़ाई लड़ी ओर उनको अधिकार दिलवाए ताकि समाज का यह तबका अन्य लोगों के की तरह अच्छा जीवन जी सकें स बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षा शेरनी का दूध है जो इसे पियेगा वो दहाड़ेगा, ओर आज उनकी वजह से ही दलित ओर वंचित समाज अच्छी शिक्षा प्राप्त कर पा रहा है।

इस अवसर पर गिरवर सिंह गौतम, दिलावर सिंह, राकेश कर्दम, धर्मवीर सिंह, वीरेंद्र सागर, विपिन सागर, लख्मी, दीपक कुमार, शैलेन्द्र कुमार, विजय कुमार, अरविंदर कुमार, विनय, छत्तर पाल, मनोज कुमार भी उपस्थित थे।




केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता रक्षा खडसे प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

# अंबेडकर जयंती पर गूंजा संविधान जागरूकता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नई दिल्ली में बाल संविधान एवं एलीना और महान संविधान पुस्तक श्रृंखला के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधन देते हुए देश की नई पीढ़ी को संविधान से जोड़ने का सशक्त आह्वान किया। ओम बिरला ने कहा कि बाल संविधान हर घर तक पहुंचना चाहिए ताकि बचपन से ही बच्चों में संविधान के प्रति समझ और




सम्मान विकसित हो। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि देश की युवा पीढ़ी को संविधान के मूल्यों से जोड़ा जाए तो वह न केवल जागरूक नागरिक बनेगी बल्कि एक सशक्त संस्कारित और जिम्मेदार समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# साइंस ऑफ स्पिरिचुअलिटी मेडिटेशन सेंटर' का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने छात्रों के बीच होलिस्टिक डेवलपमेंट, मेडिटेशन प्रैक्टिस और वैल्यू-बेस्ड एजूकेशन को बढ़ावा देने के मकसद से साइंस ऑफ स्पिरिचुअलिटी मेडिटेशन सेंटर शुरू किया है।

सेंटर का उद्घाटन संत राजिन्दर सिंह जी महाराज, जो एक विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और साइंस ऑफ स्पिरिचुअलिटी के प्रमुख हैं, ने माता रीटा जी, प्रो. प्रतीक शर्मा, वाइस चांसलर, दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, प्रो. रितु सहगल, AIIM दिल्ली, प्रो. टी. विजया कुमार (डायरेक्टर, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर साइंस ऑफ




हैप्पीनेस, CESH), प्रो. एस. इंदु, डीन, डिजिटल एजूकेशन, डॉ. एम. जयसिम्हाद्री, एसोसिएट डायरेक्टर, CESH, के साथ-साथ साइंस ऑफ स्पिरिचुअलिटी और दर्शन एजूकेशन फाउंडेशन की नेतृत्व टीम, खास मेहमान, फैकल्टी, स्टाफ और DTU के छात्रों की मौजूदगी में किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्रों, फैकल्टी, एल्युमनाई और आमंत्रित अतिथियों समेत बड़ी संख्या में भाई-बहन शामिल हुए।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में मेडिटेशन सेंटर का उद्घाटन करते हुए बहुत खुशी जताई।

# कुख्यात वाहन चोर को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने एक कुख्यात वाहन चोर को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से दो चोरी के दोपहिया वाहन तथा 09 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ग्यारह मामलों को सुलझा लिया है। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि 10 अप्रैल को हेड कांस्टेबल रघुवेंद्र सिंह को एमबी रोड, एशियन मार्केट साकेत के पास एक सक्रिय वाहन चोर की आवा. जाही के संबंध में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। यह चोर एक चोरी की स्कूटी पर घूम रहा था और चोरी के मोबाइल फोन खरीदने-बेचने में भी शामिल था।

# 'रुद्र टू शंकरा: द अल्केमी ऑफ कम्पैशन' का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में देवताओं के स्वरूप केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि जीवन के गहरे दर्शन को भी अभिव्यक्त करते हैं।



इसी भाव को जीवंत करता है नृत्य-नाट्य प्रस्तुति 'रुद्र टू शंकरा: द अल्केमी ऑफ कम्पैशन', जिसका आयोजन एनसीयूआई ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में किया गया। कार्यक्रम को दिल्ली सरकार के आर्ट, कल्चर एंड लैंग्वेजेज विभाग का सहयोग प्राप्त है तथा मुख्य अतिथि के रूप में सतीश उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस प्रस्तुति के माध्यम से 'रुद्र' से 'शंकर' तक की आध्यात्मिक यात्रा को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# नाला निर्माण व पानी निकासी की समस्या को लेकर सड़कों पर उतरे लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ग्राम मोरटी से अटोर को जाने वाले मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन एवं बंद पड़े नाले के कारण ग्राम मोरटी राधाकृष्णापुरम कॉलोनीवासी गंदगी एवं नाले में जानवरों जैसे कुत्ते आदि के सड़ने पानी में जहरीले मच्छर आदि होने से फैलती बीमारी से काफी परेशान हैं। हर रोज सरकार की राह देखते हैं कि कोई जनप्रतिनिधि आए और उनकी समस्या का समाधान करें। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, नाली का पानी जगह-जगह सड़कों एवं मकानो के पीछे भरा हुआ है, जिससे कई मकानों के गिरने का भी खतरा बना हुआ है।

विकास की और गतिशील क्षेत्र होने पर भी उक्त क्षेत्र में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे समस्त ग्रामवासी एवं कॉलोनीवासी त्रस्त हो गए हैं। कॉलोनी के लोगों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) अरुण कुमार त्यागी से अनुरोध किया है कि वे विधायक मुरादनगर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष तक समस्त कॉलोनी वासियों की समस्या पहुंचाएं और इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराएं।

अरुण त्यागी द्वारा समस्त कॉलोनीवासियों को उक्त समस्या का समाधान कराए जाने हेतु आश्वस्त किया गया और कहा गया कि पानी निकासी की समस्या सभी की कॉमन समस्या है। जिसका निस्तारण होना अति आवश्यक है।

अरुण त्यागी सदस्य क्षेत्र पंचायत के साथ कॉलोनीवासी मास्टर सुखबीर सिंह पाल, प्रेम सिंह रुहेला, उपेंद्र मिश्रा, जितेंद्र शर्मा, प्रदीप जायसवाल, संजय त्यागी, ललित कुमार दीक्षित, प्रेम सागर यादव, प्रदीप यादव, अनिल कुमार, अनिल त्यागी, रो. हतास पाल, राजू सोम, सुशील कुमार, राम जयसवाल, पुनीत दिक्षित, कपिल दिक्षित, सोहन सिंह राघव, कांता प्रसाद, डॉ कमल सिंह, विनोद चौधरी, विकास चौधरी, आनंद देव हुड्डा, संदीप यादव, प्रदीप यादव, रंजीत पटेल , जोगिंदर चौधरी, मूलचंद शर्मा, कैलाश शर्मा, मुकेश लाला, सुरेंद्र पाल, किरणपाल, राहुल गुप्ता, अर्चित चौधरी, गौरव पाल, राजन थापा, सुशील थापा, देवानंद शाह, किरण पाल, ओमपाल सैनी, त्रिभुवन झा, प्रमोद कुमार, ओमपाल ठेकेदार, मिश्रा जी, वरुण दादा, वर्षा ऑटोमोबाइल आदि उपस्थित रहे।

# कृष्णा रुहेला बने समाजवादी पार्टी कोर कमेटी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी आंदोलन को मजबूत करने की दिशा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे समाजवादी नेता कृष्णा रुहेला को उनकी वर्षों की मेहनत, निष्ठा एवं संगठन के प्रति समर्पण का सार्थक प्रतिफल प्राप्त हुआ है। कृष्णा रुहेला लंबे समय से समाजवादी पार्टी के एक सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। वे लगातार दो कार्यकाल से पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली, संगठन क्षमता एवं समाज के प्रति समर्पण ने उन्हें संगठन में एक मजबूत और विश्वसनीय पहचान दिलाई है। इन्हीं गुणों को दृष्टिगत रखते हुए अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री की संस्तुति पर तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा कृष्णा रुहेला को समाजवादी पार्टी की कोर कमेटी की राज्य कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह जिम्मेदारी न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष, समर्पण एवं कार्यक्षमता की पहचान है, बल्कि पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रेरणास्रोत भी है कि सच्ची लगन, मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने पर संगठन में सम्मान और जिम्मेदारी अवश्य प्राप्त होती है। इस अवसर पर कृष्णा रुहेला ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों एवं समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और अधिक मेहनत, निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर किया भंडारे का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारतीय संविधान के निर्माता श्भारत रत्नश बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर डासना से प्रधान रीना रानी व पूर्व प्रधान सतीश प्रधान के नेतृत्व में नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिसमें सैकड़ो संख्या सैकड़ों महिलाओं, नवजवानों, विद्वानों और बाबा साहेब के अनुयायियों ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर डा0 अम्बेडकर को स्मरण किया गया व इंदरगढ़ी व मिशलगढ़ी में भंडारे का आयोजन किया गया तथा उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान रीना रानी, पूर्व प्रधान सतीश प्रधान व गौरव कुमार प्रधान प्रतियाशी सहित सेकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## वेव सिटी ने सुरक्षा और शहरी सेवाओं को बढ़ाने के लिए

# उन्नत एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र किया लॉन्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारत की पहली निजी स्वामित्व वाली स्मार्ट सिटी, वेव सिटी ने ICCC (एकीकृत नियंत्रण और कमांड सेंटर) के लॉन्च की घोषणा की, जो एक केंद्रीकृत डिजिटल बैकबोन है जो वास्तविक समय की निगरानी, कुशल प्रशासन और स्मार्ट सिटी सेवाओं के निर्बाध प्रबंधन को सक्षम करने के लिए डिजाइन किया गया है। ICCC भविष्य के लिए तैयार, सुरक्षित और निवासी-केंद्रित शहरी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के वेव सिटी के दृष्टिकोण को पुष्ट करता है। यह सुविधा 16,000 वर्ग फुट में फैली हुई है और इसके मूल में एक केंद्रीकृत सीसीटीवी निगरानी प्रणाली है जो पूरे वेव सिटी में वास्तविक समय की निगरानी प्रदान करती है। इसके अलावा, कमांड सेंटर एक केंद्रीय सुविधा कार्यालय के रूप में कार्य करता है, जो निवासियों को सेवाओं और सहायता के लिए एकल-बिंदु इंटरफेस प्रदान करता है। यह एकीकृत सेटअप परिचालन दक्षता को बढ़ाता है, प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करता है और निवासियों की जरूरतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करता है। लॉन्च के बारे में बोलते हुए, सीजे सिंह, सीओओ, वेव सिटी ने कहा, ष्इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का लॉन्च वास्तव में स्मार्ट और भविष्य के लिए तैयार टाउनशिप बनाने के वेव सिटी के दृष्टिकोण में एक प्रमुख मील का पत्थर दर्शाता है। उन्नत प्रौद्योगिकियों और वास्तविक समय डेटा एकीकरण का उपयोग करके, यह न केवल अधिक परिचालन दक्षता को बढ़ावा देता है बल्कि निवासियों के लिए एक सुरक्षित, अधिक संवेदनशील वातावरण को भी बढ़ावा देता है। वेव सिटी ने अपने आवासीय और वाणिज्यिक इकाई धारकों को 12,000 से अधिक स्वामित्व पत्र सौंपे हैं और यह 30,000 से अधिक खुश निवासियों का निवास है जो पहले से ही वेव सिटी में रह रहे हैं।

# हाऊस टैक्स में राहत के निर्णय पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने जताया आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** व्यापारियों एवं आम नागरिकों के हित में हाऊस टैक्स में राहत देने के महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारिक संगठनों में हर्ष का वातावरण है। इस जनहितकारी निर्णय के लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया गया। नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल द्वारा इस राहत की घोषणा कराए जाने पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने लखनऊ पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का शॉल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए हाऊस टैक्स में दी गई राहत के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय न केवल व्यापारियों बल्कि आम नागरिकों को भी बड़ी आर्थिक राहत प्रदान करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार सदैव जनहित के मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में

# क्रिएट स्मार्ट एआई सिस्टम्स विद पायथन पर कार्यशाला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा "Create Smart AI Systems with Python" विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बी. टेक प्रथम वर्ष (CSE-AI/ML) के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और नई तकनीकों को करीब से समझा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं रिसोर्स पर्सन रविकांत त्यागी (जनरल मैनेजर, Xebia) के स्वागत से हुई। उन्हें प्रो. डॉ. जयदीप कुमार (डायरेक्टर, SET) और डॉ. कमलेश कुमार गौतम (HoD/प्रोफेसर, CSE) द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने स्वागत संबोधन में डायरेक्टर प्रो. डॉ. जयदीप कुमार ने छात्रों को कौशल- आधारित शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से बढ़ते प्रभाव व भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र के दौरान रविकांत त्यागी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मूल सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाया और Python के माध्यम से स्मार्ट AI सिस्टम विकसित करने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। उन्होंने कई आधुनिक एआई टूल्स और तकनीकों का लाइव प्रदर्शन भी किया, जिससे छात्रों को वास्तविक जीवन में एआई के उपयोग की स्पष्ट समझ मिली। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने प्रोग्रामिंग कौशल, तार्किक सोच और समस्या समाधान क्षमता को निखारा। यह सत्र सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव के बीच की दूरी को कम करने में बेहद उपयोगी साबित हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान छात्रों को नवीनतम तकनीकों से जोडने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी जयंती पर किया भंडारे का आयोजन

# हम सभी को बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए: सतीश प्रधान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारतीय संविधान के निर्माता श्भारत रत्नश बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर डासना से प्रधान रीना रानी व पूर्व प्रधान सतीश प्रधान के नेतृत्व में नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिसमें सैकड़ो संख्या सैकड़ों महिलाओं, नवजवानों, विद्वानों और बाबा साहेब के अनुयायियों ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर डा0 अम्बेडकर को स्मरण किया गया व इंदरगढ़ी व मिशलगढ़ी में भंडारे का आयोजन किया गया तथा उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान रीना रानी, पूर्व प्रधान सतीश प्रधान व गौरव कुमार प्रधान प्रतियाशी सहित सेकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संजय नगर स्थित ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के वॉलीबॉल ग्राउंड में दो दिवसीय ओपन वॉलीबॉल टूर्नामेंट "द ग्रीन फील्ड लेगेसी कप" का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 38 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। टूर्नामेंट का शुभारंभ कल मुख्य अतिथि डॉ. संजीव शर्मा एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र चौधरी द्वारा किया गया।

उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर आयोजन में विशेष रूप से नितिन भाटी, सूर्यांश तोमर, राजनेश सिंह, अमित कुमार, ललित चौधरी, रजत चौधरी, अरविंद सिंह एवं यशपाल सिंह की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। यह प्रतियोगिता डे-एंड-नाइट प्रारूप में आयोजित की जा रही है, जिसके लिए मैदान पर लाइट की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 12 अप्रैल को सायंकाल तक संपन्न होगा।

टूर्नामेंट में विजेता टीम को 21,000 रुपये तथा उपविजेता टीम को 11,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इस आयोजन में गाजियाबाद सहित आसपास के जिलों जैसे मेरठ, दिल्ली एवं आर्मी की विभिन्न टीमों ने भाग लिया है, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और भी प्रतिस्पर्धात्मक एवं आकर्षक बन गया है। य

ह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रहा है तथा खेल भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया



गाजियाबाद। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान इंदरजीत सिंह टीटू ने बताया कि बारह अप्रैल को आरंभ हुए अखंड पाठ की सुबह समाप्ति हुई उसके बाद स्त्री के द्वारा गुरु जस गायन किया गया। एक बजे तक उसके बाद एक बजे से लेकर दो बजे तक दिल्ली से आए महान कीर्तनीय भाई कोमल सिंह ने अपने साथियों के साथ गुरु जस गायन किया आई हुई संगत को गुरु गोबिंद सिंह जी के बारे में और बैसाखी से संबंधित सारी बातें संगत को गुरबानी के द्वारा बताने का काम किया। दो बजे कीर्तन की समाप्ति के बाद अरदास हुई समाप्ति के बाद कड़ा प्रसाद वितरित किया गया। गुरु घर में गुरुघर माथा टेकने वाले राजनीतिक लोगों में शहर विधायक संजीव शर्मा अपने साथियों के साथ गुरुघर माथा टेकने पहुंचे। इनके अलावा राष्ट्रीय लोकदल की महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी प्रदेश सचिव ओडी त्यागी जी अपने साथियों के साथ पहुंचे आए हुए अतिथियों को गुरुधर की तरफ से मोमेंटो और सरोपा देकर सम्मानित किया गया। खालसा साजना दिवस सिख धर्म के लिए एक बहुत बड़ा पर्व होता है, जिस दिन सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने अलग अलग जाति के पांच लोगों को ऊंच नीच मे फर्क मिटाते हुए पाँच प्यारे बनाकर सिख धर्म की स्थापना की थी। 14 अप्रैल को किसान भी अपनी खुशी का इजहार करते हुए बैसाखी मनाते हैं क्योंकि इस दिन फसल पक कर तैयार हो जाती है इस दिन को बैसाखी के साथ जोड़कर किसान खुशी मनाता है। इस बैसाखी के कार्यक्रम की सभी व्यवस्था प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू जी ने देखी उनके सहयोग में कमेटी के अन्य पदाधिकारी सहयोग कर रहे थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव कुलविन्दर सिंह ओबेराय देख रहे थे.आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत गुरदारे के चेयरमैन सरदार हरमीत सिंह ने अपने साथियों के साथ किया। लंगर की व्यवस्था हरजिंदर सिंह काकु वीर जी जसमीत सिंह, अमन और जगमोहन कपूर ने हरपाल सिंह भुई ने अपने साथियों के साथ निभाई हमारे कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह मारवा और जसवीर सिंह मुंगे वीर ने कार्यक्रम में अपना विशेष सहयोग दिया।

# सपाईयों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट व महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारतीय संविधान के निर्माता श्भारत रत्नश बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिसमें सैकड़ो संख्या गाजियाबाद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं समाज सेवी के साथ सैकड़ों महिलाओं, नवजवानों, विद्वानों और बाबा साहेब के अनुयायियों ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर डा0 अम्बेद्कर को स्मरण किया, तथा उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया, गगन-भेदी नारे लगाए गए, जब तक सूरज चाँद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा।

कार्यक्रम में इस अवसर पर प्रमुख समाजवादी साथी सम्मिलित रहेजिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट , नितिन त्यागी जिला महासचिव, महानगर महासचिव राजन कश्यप नाहर सिंह यादव वरिष्ठ नेता पूर्व महानगर अध्यक्ष जेपी कश्यप, प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग सिकंदर यादव पूर्व मेयर प्रत्याशी प्रदेश सचिव अलाउद्दीन अब्बासी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विशाल वर्मा पूर्व शहर विधानसभा प्रत्याशी सिंह राज जाटव वरिष्ठ सपा नेता रमेश चंद यादव एडवोकेट मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष मोहम्मद कल्लन महानगर अध्यक्ष युवाजन सभा विक्की ठाकुर रविंदर यादव अंशु ठाकुर संदीप प्रधान अनिल चौधरी, राज देवी चौधरी किरण कालिया, महानगर अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष छात्र सभा मनीष त्यागी मोहम्मद अब्बास हैदर असलम कुरैशी कृष्ण यादव ताहिर हुसैन राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा रोहत माथुर मोहम्मद चांद हुसैन उमेश कश्यप साजिद सैफी जिले खान शाहनवाज खान विधानसभा अध्यक्ष इरफान अमानत चौधरी यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष रविंद्र यादव, नसीम खान आदिल लाल गुल मोहम्मद मंसूरी एससी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह गौतम नवीन कुमार शर्मा पार्षद आदिल मलिक जगमोहन टैंक अवधेश यादव सुरेंद्र यादव बहादुर सिंह यादव रिजवान चौधरी सोनू प्रधान राहुल रावत कार्यालय प्रभारी आदि लोगों उपस्थित रहे।

## संबंध विच्छेद

हम राकेश ठाकुर पुत्र हरी सिंह व रानी पत्नी राकेश ठाकुर निवासी- म. नं- बी- 357, रामलीला ग्राउण्ड साहनी चौक लाजपत नगर साहिबाबाद थाना- साहिबाबाद जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र अनुज व पुत्रवधु स्वाति को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी0 डि0 ), जनपद-गाजियाबाद उपस्थित श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस.-जे**

**विविध वाद सं0- 38 सन् -2026**

**( कम्प्यूटर नं0 130 / 2026 )**

विपिन पाल सिंह पुत्र स्व० नेत्रपाल सिंह, आयु 36 वर्ष निवासी- आर० सी-185 सुभाष पार्क, खोडा कॉलोनी, तहसील व जिला गाजियाबाद। आधार नं०-2260 4500 8423.

..........प्रार्थी/वादी

**बनाम**

1. मिनाक्षी पत्नी रामनाथ पुत्री स्व० श्री नेत्रपाल सिंह निवासी-मकान नं०-537, ए-1 रेलवे कॉलोनी, जगधारी यमुना नगर हरियाणा। 2. दीपक कुमार सिंह पुत्र स्व० श्री नेत्रपाल सिंह निवासी-ए-519, ब्लॉक-ए, बुद्ध मार्ग मंडावली फाजलपुर पूर्वी दिल्ली 110092। 3. मयंक मोहन सिंह पुत्र स्व० श्री नेत्रपाल सिंह निवासी मकान नं०-ए-519, ब्लॉक-ए बुद्ध मार्ग मंडावली शंकरपुर बरामद पूर्वी दिल्ली 110092

.... प्रतिवादीगण/विपक्षीगण

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्री विपिन पाल सिंह, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि रूपया अंकन लगभग 6,00,000/- रूपये स्व० नेत्रपाल सिंह के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 29.05. 2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 01. 04.2026 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

6,00,000/-रूपये

**आदेशानुसार**

**( तरूण कुमार )**

**मुंसरिम सिविल जज**

**( सी0डि0 ) गाजियाबाद**

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे विकास का नया संगमः सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को जनता को समर्पित किया गया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन बेहद खास और शुभ है। देश के लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ भारत-रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग 12,000 करोड़ रुपये की लागत से बने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को देश को समर्पित किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में दिल्ली की जरूरतों को समझते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी हुई हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा परिवहन मंत्रालय के तहत दिल्ली में करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये के काम चल रहे हैं, जो राजधानी के बुनियादी ढांचे को नई दिशा दे रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि 12,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह एक्सप्रेसवे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय को लगभग 6 से 7 घंटे से घटाकर मात्र 2 से 2.5 घंटे कर देगा।

उन्होंने इसे केवल दूरी कम करने वाला प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि दिल्ली की आधुनिकता को देवभूमि की आध्यात्मिकता से जोड़ने वाला सेतु बताया। उन्होंने कहा कि देश में एक्सप्रेसवे और हाई-स्पीड कॉरिडोर का नेटवर्क तेजी से विस्तार कर रहा है, जो 3,000 किमी से अधिक हो चुका है, वहीं नेशनल हाईवे नेटवर्क भी लगभग 51,000 किमी से बढ़कर 1,46,000 किमी तक पहुंच गया है। यह देश में बुनियादी ढांचे के तीव्र विकास का प्रमाण है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम द्वारा आज बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 136वीं जयंती के उपलक्ष्य में केदारनाथ साहनी सभागार, निगम मुख्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली के माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, पार्षदगण, निगम आयुक्त श्री संजीव खिरवार, समस्त अतिरिक्त आयुक्त, समस्त क्षेत्रीय उपायुक्त, वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, निगम आयुक्त श्री संजीव खिरवार व निगम के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा निगम मुख्यालय के प्रांगण में स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुआ। इस अवसर पर महापौर ने सभी को भारत रत्न, संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 136वीं जयंती की हार्दिक बधाई दी। अपने संबोधन में महापौर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने की उनकी प्रेरणा आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। महापौर ने कहा कि शशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोश का संदेश समाज को सशक्त बनाने का आधार है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे डॉ.भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपनाते हुए समाज के हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

# वसंत एन्क्लेव में सेना के ब्रिगेडियर पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने वसंत एन्क्लेव में भारतीय सेना में कार्यरत एक ब्रिगेडियर और उनके परिवार पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने दिल्ली पुलिस के आयुक्त व वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस मामले की गहन जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। दिल्ली के एलजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि वसंत एन्क्लेव में हुई घटना से मैं बहुत चिंतित हूं, जिसमें भारतीय सेना के एक सेवारत ब्रिगेडियर, उनकी पत्नी और उनके 23 वर्षीय बेटे (जो आईआईटी दिल्ली से ग्रेजुएट है) पर हमला किया गया।

उन्होंने कहा, मैंने खुद ब्रिगेडियर पीएस अरोड़ा से बात करके घटना के बारे में जानकारी ली और उनका हालचाल जाना। मैंने पुलिस कमिश्नर व डीसीपी से भी बात की और उन्हें निर्देश दिया कि वे इस मामले की पूरी और तेजी से जांच सुनिश्चित करें, ताकि जो लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके। मैंने दिल्ली पुलिस को यह भी निर्देश दिया है कि वे उस अधिकारी और उनके परिवार को पूरी सुरक्षा प्रदान करें। हम अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अंबेडकर जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह हम सभी लोगों के लिए खुशी का मौका है कि आज अंबेडकर जयंती है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि संविधान के निर्माण में डॉ. अंबेडकर की ओर से दिया गया योगदान काफी अहम है। उन्होंने संविधान में सभी लोगों को समानता का अधिकार दिया। उन्होंने दावा किया कि आज की तारीख में देश के हालात ठीक नहीं हैं। ऐसी स्थिति में हमारे लिए यह जरूरी हो जाता है कि हम संविधान में बाबा साहेब द्वारा बताए गए सिद्धांतों को अपने व्यावहारिक जीवन में लागू करें। हम लोग भाईचारा बढ़ाएं और जो साथी पिछड़े हैं, उन्हें बराबर में लाने का काम करें।

# नकली सामान बनाने वाले गैंग का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नकली सामान बनाने वाले संगठित रैकेट का भंडाफोड़ कर सरगना और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 20,000 से ज्यादा नकली चीजें बरामद हुईं, जिनमें ट्यूब, पैक्ड प्रोडक्ट और कच्चा माल शामिल है।नकली सामान स्थानीय बाजारों और साप्ताहिक बाजारों में सप्लाई किया जाता था ।दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि 6 अप्रैल को एक कम्पनी के अधिकृत प्रतिनिधि से एक शिकायत मिली। यह शिकायत संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, बादली, इलाके में उनके जाने-माने ब्रांडों के, सामानों के नकली उत्पादों के अवैध निर्माण और बिक्री के संबंध में थी।

इसके बाद एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में टीम ने विशिष्ट और विश्वसनीय जानकारी के आधार पर संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक परिसर में छापा मारकर आरोपी सरगना नीरज गुप्ता(40) और उसके साथियों रवि,(31),सुरेश कुमार राजपूत (56) और दिनेश चंद्र सती (54) को बाजार में श्वीटश हेयर रिमूवल क्रीम के नकली प्रोडक्ट बनाने,और बेचने में सक्रिय रूप से शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।




**बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को जनता को समर्पित किया गया, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ीं।**

# फर्जी न्यायिक अधिकारी व उसका साथी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके पास एक आग्नेयास्त्र और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में से एक व्यक्ति ने जाली दस्तावेजों का कथित तौर पर इस्तेमाल करके खुद को न्यायिक अधिकारी बताया था। आरोपियों की पहचान सूर्य अग्रवाल (31) और निखिल यादव (21) के रूप में हुई है। दोनों व्यक्ति उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, संसद मार्ग थाने की एक टीम ने दोनों व्यक्तियों को राष्ट्रीय राजधानी में संभावित सुरक्षा खतरों की जांच के लिए एक अभियान के बीच गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) सचिन शर्मा ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''पांच अप्रैल को शाम करीब पांच बजे टीम ने एक संदिग्ध एसयूवी (एमजी हेक्टर) कार को रोका, जो बिना पंजिकृत नंबर प्लेट के थी और उसकी खिड़कियों पर काली फिल्म लगी थी। गाड़ी पर 'जज, उत्तर प्रदेश सरकार' लिखा एक स्टिकर भी लगा था, जिससे संदेह हुआ। वाहनों के शीशे पर काली फिल्म लगाना प्रतिबंधित है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने बताया कि तलाशी के दौरान निखिल यादव के पास से एक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए गए, जबकि अग्रवाल के पास पांच कारतूस मिले। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान, अग्रवाल ने खुद के एक अधिवक्ता होने और उत्तर प्रदेश का एक सिविल जज होने का दावा किया।

## प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए डीआरएस मॉडल्स का अध्ययन करने के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पर्यावरण विभाग को नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरे की समस्या से निपटने के लिए डिपॉजिट रिटर्न स्कीम (डीआरएस) लागू करने की संभावनाओं पर विस्तृत अध्ययन करने के निर्देश दिए हैं।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता में हुई उच्च-स्तरीय बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्लास्टिक और अन्य कचरे से जुड़ी गंभीर समस्या पर चर्चा की गई। यह कचरा नालों को जाम कर रहा है, जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है, मिट्टी को नुकसान पहुंचा रहा है और खुले में जलने से वायु प्रदूषण बढ़ा रहा है। बैठक के दौरान सिरसा ने कहा, "यह स्कीम अन्य राज्यों में सफल रही है और दिल्ली को भी अपनी शहरी चुनौतियों के अनुसार इसे अपनाने पर विचार करना चाहिए, ताकि जल्दी और ठोस परिणाम मिल सकें।"

उन्होंने इस संबंध में स्टैंडिंग ऑर्डर जारी करते हुए पर्यावरण विभाग को कहा है कि वे इन मॉडलों का विस्तृत अध्ययन करें, दिल्ली के लिए उपयुक्त डीआरएस ढांचा तैयार करें और फाइनेंशियल मैकेनिज्म, संस्थागत व्यवस्था, स्टेकहोल्डर्स की जिम्मेदारियां और लागू करने की रणनीति को शामिल करते हुए एक व्यापक प्रस्ताव एक महीने के भीतर तैयार करें।

# डॉ. अंबेडकर जयंती पर मुख्यमंत्री ने बाबा साहब को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।**। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 26 अलीपुर रोड स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब को नमन किया और उनके विचारों का स्मरण किया। डॉ. अंबेडकर की स्मृति में मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक वॉटर एटीएम का उद्‌घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया।

डॉ. अंबेडकर की परिनिर्वाण स्थली पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के दलित और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित किया। उन्होंने उन्हें भारत के लो. कतंत्र का एक मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि उनकी दी हुई बुनियाद पर आज 140 करोड़ देशवासियों का विशाल लोकतांत्रिक ढांचा मजबूती से खड़ा है।

बाबा साहब का जीवन और विचार हमें समानता, न्याय और आत्मसम्मान के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनके अमर संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आज भी समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने 26 अलीपुर रोड स्थित बाबा साहब की परिनिर्वाण स्थली पर श्रद्धांजलि अर्पित करना अपने लिए सौभाग्य बताया। शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के जीपी ब्लॉक एवं बेरीवाला बाग ब्लॉक में स्थापित वॉटर एटीएम का उद्‌घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब की जयंती पर नागरिकों को स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना उनके विचारों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शालीमार बाग विधानसभा के वार्ड संख्या 55, 56 और 57 में कुल 7 स्थानों पर वॉटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। साथ ही, स्थानीय नागरिकों को वॉटर एटीएम कार्ड भी वितरित किए गए हैं ताकि वे नियमित रूप से शुद्ध पेयजल का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि ये वॉटर एटीएम आधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं और नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुलभ पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार निरंतर ऐसी नीतियां और योजनाएं बना रही है, जिनसे प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिल सके, विशेष रूप से उन वर्गों के लिए जो अब तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहे हैं।



**डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बाबा साहब को नमन करते हुए।**

# सम्राट चौधरी को बिहार का सीएम बनाए जाने से लोगों में खुशी की लहरः शिव शरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** सम्राट चौधरी को बिहार का नया मुख्यमंत्री बनाए जाने पर देशभर में खुशी की लहर देखी जा रही है।



इसी कड़ी में अखिल भारतीय कुशवाहा समाज के राष्ट्रीय महासचिव शिव शरण कुशवाहा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बड़ा बयान दिया है। शिव शरण कुशवाहा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाना सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह फैसला न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के कुशवाहा समाज के लिए गर्व का विषय है। इसके साथ ही उन्होंने देशवासियों को भी हार्दिक बधाई दी और उम्मीद जताई कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

## नरेन्द्र गिरोह के दो बदमाश पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जहांगीरपुरी इलाके में सक्रिय 'नरेन्द्र गिरोह' के दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रणधीर उर्फ विजय (25) और परवेश उर्फ मोहम्मद दानिश (28) के रूप में हुई है। उनके मुताबिक, दोनों आरोपी पहले भी लूट, डकैती जैसे कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्तपंकज कुमार ने बताया कि एक गुप्त सूचना मिली थी कि नरेन्द्र गिरोह के दो सदस्य भलस्वा झील के पास लूट की वारदात को अंजाम देने आने वाले हैं।

# बहाने से बुलाकर मारे चाकू, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में देर रात एक युवक पर चाकुओं से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। जनता मजदूर कॉलोनी स्थित ईदगाह रोड पर 25 वर्षीय जुबैर को फोन करके बहाने से बुलाया गया, जहां पहले से मौजूद कुछ हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार रात करीब 11 बजे की है। जुबैर को किसी परिचित द्वारा फोन कर ईदगाह रोड पर बुलाया गया था। जैसे ही वह वहां पहुंचा, पहले से मौजूद आरोपियों ने उसे घेर लिया और चाकुओं से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल को तुरंत गुरु तेग बहादुर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है और हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना वेलकम पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और संदिग्धों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# छह महीने बाद परिवार से मिलने आए नाबालिग की चाकू गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में बीती रात एक नाबालिग अपने परिवार से मिलने छह महीने बाद आया। जिसकी पुरानी दुश्मनी में चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज करके जांच कर रही है। मृतक नाबालिग के परिवार वालों का कहना है कि सुल्तानपुरी पुलिस ने छह महीने पहले अगर सख्त कार्यवाई की होती तो शायद उनका बेटा आज जिंदा होता। परिवार ने गंभीर आरोप लगाए कि जिस लडके ने उनके बेटे की हत्या की है। उसका पिता इलाके गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल रहता है,जिसके बारे में पुलिस को भी पता है,मगर पुलिस उसको लेकर आंख बंद करके रहती है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात करीब पौने दस बजे पुलिस को ई ब्लॉक में रोहन नामक युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। गली में काफी दूरी तक खून पड़ा था। रोहन के परिवार वाले उसे संजय गांधी अस्पताल ले जा चुके थे। पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने रोहन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। जिसके पेट और हाथ में चाकू मारा गया था। परिवार ने रोहन की उम्र 17 साल बताई। छह महीने पहले भी हमारे बेटे रोहन पर इलाके में रहने वाले गुप्ता के बेटे ने जानलेवा हमला किया था। उस समय भी रोहन को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने मामले में जितनी गंभीरता दिखानी चाहिए थी। उतनी नहीं दिखाई थी। पुलिस के अधिकारियों से कई बार मिलने के बाद भी उनको निराशा मिली थी।

# भारत में टेक्नीस ओडिसी इंट्राओक्युलर लेंस लांच किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** जॉनसन एंड जॉनसन ने भारत में अपने प्रिसबायोपिया-करेक्टिंग इंट्राओक्युलर लेंस पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए, टेक्नीस ओडिसी आईओएल लॉन्च किया है। यह नया फुल विजुअल रेंज आईओएल बेहतर क्वालिटी और लगातार स्पष्ट नजर देने के लिए तैयार किया गया है। इसके जरिए मरीज दूर, पास और बीच की दूरी पर भी साफ देख सकते हैं, जिससे चश्मे पर उनकी निर्भरता कम हो जाती है। जॉनसन एंड जॉनसन के सर्जिकल विजन इंडिया और साउथ एशिया के कंट्री मैनेजर बुर्जिन शाहाना ने कहा, ष्टेक्नीस ओडिसी आईओएल मोतियाबिंद के उन मरीजों की एक बड़ी जरूरत को पूरा करता है, जो चश्मे पर कम निर्भर रहना चाहते हैं। भारत में इसकी शुरुआत से एडवांस्ड आईओएल तकनीक तक पहुँच बढ़ेगी, जो हर दूरी पर लगातार और बेहतर नजर देने के लिए बनाई गई है। टेक्नीस ओडिसी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि सर्जन्स को काम के दौरान ज्यादा भरोसा मिले, क्योंकि इसका फ्रीफॉर्म डिफ्रैक्टिव प्रोफाइल बची हुई रिफ्रैक्टिव गलतियों को बेहतर तरीके से संभालने में मदद करता है।

# हिट एंड रन में कार में गोद में बैठी दो साल की बच्ची खिड़की से बाहर सड़क पर गिरी, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में एक हिट एंड रन मामले में फॉर्च्यूनर कार ने सेलेरियो कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद सेलेरियो कार में गोद में बैठी दो साल की बच्ची खिडकी से बाहर आकर सडक पर गिर गई। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। हादसे में चालक समेत पांच लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि बवाना इलाके में ई रिक्शा में कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक साल के बच्चे समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार दोपहर दो बजे बवाना पुलिस को खामपुर लाल बत्ती पर दो कारों की टक्कर होने और उसके कई लोगों के घायल होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। फॉर्च्यूनर और सेलेरियो कार क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी थी। घायलों को तुरंत सत्यवादी राजा हरीशचन्द्र अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डॉक्टरों ने दो साल की बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित करके रविन्द्र और एक महिला की हालत गंभीर बताई। शुरूआती जांच में शिकायतकर्ता रविन्द्र से पता चला कि उसकी कार में आधा दर्जन लोग सवार थे। जब वह अपनी सेलेरियो कार से दिल्ली से सोनीपत की ओर जा रहे थे। बकोली गांव के पास खमपुर रेड लाइट पर उनकी कार खड़ी थी। हरी बत्ती होने पर जैसे ही उनकी कार आगे बढ़ी। अचानक से पीछे से टोयोटा फॉर्च्यूनर कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि सेलेरियो घूम गई और सडक के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के दौरान, कार में अपने माता पिता के साथ गोद में बैठी दो साल की बच्ची फिसलकर गाड़ी की खिडकी से बाहर जा गिरी थी। जबकि फॉर्च्यूनर का ड्राइवर गाड़ी को छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल दोनों गाडियों को फॉरेंसिक जांच के लिए जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है,जबकि फरार कार चालक की तलाश में छापेमारी की जा रही है। वहीं बवाना इलाके में रविवार शाम करीब आठ बजे इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास,पूठखुर्द-बवाला रोड के पास एक एक्सिडेंट होने की पुलिस को पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। दो ई रिक्शा और कार क्षतिग्रस्त हालत में खड़े थे। हादसे में एक साल का बच्चा,उसका पिता समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत नजदीक के महर्षि वाल्मिकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों की हालत गंभीर बताई। पुलिस ने तीनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। घायलों की पहचान एक साल के शिवांग, उसके पिता हितेश, सद्दाम हुसैन, हीरा रजक,सोनू कुमार और प्रदीप के रूप में हुई। पुलिस को सद्दाम हुसैन ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाता है। वह सोनू और हीरा रजक सवारी को लेकर पुठखुर्द से बवाना गैस गोदाम रोड की तरफ से जा रहा था। उसके आगे प्रदीप नामक चालक अपने ई रिक्शा को लेकर जा रहा था। अचानक से पीछे से एक कार ने उसके ई रिक्शा में टक्कर मारी। उसका रिक्शा से संतुलन बिगड़ गया। आगे चल रहे प्रदीप के रिक्शा से टकराकर दोनों रिक्शा पलट गए। उससे पहले प्रदीप का रिक्शा सडक किनारे खड़े हितेश जिसकी गोद में उसका एक साल का बेटा था। वह भी हादसे की चपेट में आ गया था।

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे को विकास का ऐतिहासिक कदम बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के उद्‌घाटन पर समस्त दिल्लीवासियों की ओर से उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन को शुरू सभी देशवासियों को डॉ. अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए किया और अंत जय जय विकास पुरूष मोदी, जय भीम जय संविधान के उदघोष से किया। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस-वे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहा. सिक और दूरदर्शी कदम है।

# आंबेडकर जयंती पर सुरक्षा चाक-चौबंद, डीएम एसपी खुद उतरे मैदान में, किया माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को पूरे जनपद में श्रद्धा, उत्साह और जनभागीदारी का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। शहर की सड़कों पर सुबह से ही लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जबकि आंबेडकर तिराहे पर हजारों की संख्या में लोग एकत्र होकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते नजर आए।





जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संविधान निर्माता के आदर्शों पर चलने का संदेश भी दिया। इसके बाद डीएम और एसपी ने थाना हापुड़ नगर क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्य मार्गों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूरे शहर में जगह-जगह झांकियां, रैलियां और शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में युवाओं और सामा. जिक संगठनों ने भाग लिया। आंबेडकर तिराहे पर माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा, जहां लोग नारों के साथ बाबा साहेब को नमन करते दिखे। पुलिस प्रशासन की सतर्कता के चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। भारी भीड़ के बावजूद यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। वहीं, शहरवासियों ने भी प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# पिलखुआ में समरसता की पहल, हर वर्ग को साथ लेकर चलने का आहवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुआ।** सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को रेलवे रोड स्थित बाल मुकुंद धर्मशाला में सामाजिक सद्भाव एवं समरसता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 70 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज में एकता और समरसता के संदेश को मजबूत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह शिवकुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हर परिवार में श्रद्धा, नम्रता और योग्यता जैसे गुणों का विकास होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता का अर्थ केवल समानता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के सभी वर्गों, जातियों और समुदायों के बीच आपसी सम्मान, अपनत्व और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना ही सच्ची समरसता है।

उन्होंने कहा कि जब समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान मिलता है, तभी वास्तविक समरसता स्थापित होती है। इसके लिए आवश्यक है कि हम भेदभाव, ऊंच-नीच और संकीर्ण मानसिकता को त्यागकर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और सहयोग का भाव अपनाएं। परिवार और संस्कारों को समाज की एकता का आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि मजबूत परिवार ही समरस समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ, जहां पूरे हॉल में देशभक्ति का वातावरण बन गया और उपस्थित लोगों ने जोरदार नारों के साथ एकता और अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर उपेंद्र जिला संघचालक, विपिन नगर संघचालक, अभिषेक, हरीश, पवन तोमर, मनोज शिशोदिया, वरुण शर्मा, देवेंद्र शर्मा, प्रद्युम्न, विजय शर्मा सहित विभिन्न समाजों के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# आंबेडकर जयंती पर हापुड़ में स्टंटबाजी का तांडव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जहां एक ओर शहर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला, वहीं दूसरी ओर कुछ युवकों की लापरवाही और खतरनाक स्टंट ने लोगों की सां. सें थाम दीं। हजारों लोगों की भीड़ के बीच ऐसे नजारे सामने आए, जिन्होंने किसी बड़े हादसे की आशंका को भी जन्म दे दिया।



शहर में विभिन्न स्थानों पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि कार्यक्रमों के साथ विशाल रैलियां निकाली जा रही थीं। सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा हुआ था और लोग 'जय भीम' के नारों के साथ बाबा साहब को नमन कर रहे थे। इसी दौरान कुछ युवक भीड़ के बीच ट्रैक्टर को तेज रफ्तार में गोल-गोल घुमाते नजर आए। ट्रैक्टर की गति इतनी अधिक थी कि उसका नियंत्रण बिगड़ने पर किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता था। इसी बीच मेरठ रोड से आंबेडकर तिराहे की ओर आ रही एक रैली में दो युवकों ने अचानक सड़क किनारे लगे ऊंचे होर्डिंग पर चढ़कर खतरनाक करतब करना शुरू कर दिया। जब उनसे इस जानलेवा स्टंट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बेखौफ अंदाज में कहा कि उन्हें किसी का डर नहीं है और वे आगे भी ऐसे ही स्टंट करते रहेंगे। वहीं आंबेडकर चौराहे पर एक युवक ने भीड़ के बीच अपने कंधे पर मोटरसाइकिल उठाकर लोगों को हैरत में डाल दिया। जनसैलाब और जोश के बीच इस तरह के खतरनाक स्टंट ने कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए।

हालांकि पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही थी, लेकिन भीड़ के बीच इस तरह की लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती थी।

# मोटरसाइकिल से पटाखा छोड़ रहे युवक ने की अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जहां एक ओर शहर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला, वहीं दूसरी ओर भारी भीड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती साबित हुआ। इसके बावजूद हापुड़ नगर पुलिस ने मुस्तैदी और सूझबूझ का परिचय देते हुए पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।



आंबेडकर तिराहे और तहसील चौराहे सहित प्रमुख स्थानों पर हापुड़ कोतवाल विनोद पांडेय के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर यातायात और भीड़ को नियंत्रित किया गया, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही। हजारों लोगों की मौजूदगी के बीच पुलिस लगातार निगरानी करती रही। इसी दौरान आंबेडकर तिराहे पर एक युवक बुलेट मोटरसाइकिल से लगातार पटाखे छोड़ रहा था, जिससे आसपास मौजूद लोग परेशान हो रहे थे और अफरा-तफरी का माहौल बन रहा था। स्थिति को भांपते हुए कोतवाल विनोद पांडेय स्वयं मौके पर पहुंचे और युवक को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने विनम्रता के साथ युवक से भीड़ में पटाखे न छोड़ने की अपील की, लेकिन युवक ने पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए बीच सड़क में मोटरसाइकिल खड़ी कर शोर मचाना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद कुछ समझदार लोगों ने आगे बढ़कर युवक को समझाया और जयंती के पावन अवसर पर शांति बनाए रखने की बात कही। काफी समझाने के बाद युवक शांत हुआ और स्थिति सामान्य हो सकी। पुलिस की तत्परता और संयमित रवैये के चलते एक बड़ा विवाद टल गया। कार्यक्रम के दौरान कहीं भी कोई बड़ा व्यवधान नहीं हुआ और पुलिस की सक्रियता के चलते आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

# कार की खिड़कियों-छतों पर बैठकर स्टंट, हाईवे पर खतरा ही खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब कुछ युवकों ने हुड़दंग मचाते हुए हाईवे पर कब्जा जैसा माहौल पैदा कर दिया। चलती गाड़ियों की खिड़कियों और छतों पर बैठकर युवकों ने जानलेवा स्टंट किए, जिससे न केवल उनकी खुद की जान जोखिम में पड़ी, बल्कि पीछे चल रहे वाहनों की रफ्तार भी थम गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हुड़दंग कर रहे युवक गाड़ियों के काफिले के साथ हाईवे पर चल रहे थे और अचानक उन्होंने वाहन की छत और खिड़कियों पर बैठकर खतरनाक करतब दिखाने शुरू कर दिए। इस दौरान हाईवे पर यातायात बाधित हो गया और पीछे चल रहे वाहन धीमी गति से रेंगने को मजबूर हो गए। स्थिति ऐसी बन गई कि किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता था। हाईवे जैसे व्यस्त मार्ग पर इस तरह की लापरवाही ने आम लोगों में दहशत पैदा कर दी। इस घटना ने हाईवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां एक ओर यातायात नियमों की अनदेखी साफ नजर आई, वहीं दूसरी ओर ऐसे हुड़दंगियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी उठने लगी है। फिलहाल पुलिस प्रशासन मामले की जांच में जुटा है और वायरल वीडियो के आधार पर हुड़दंग करने वाले युवकों की पहचान कर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# पारिवारिक झगड़ा हुआ हिंसक, दोनों पक्षों में जमकर मारपीट व पथराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के गढ़ कस्बे में आपसी पारिवारिक विवाद उस समय हिंसक हो गया जब दो सगे भाइयों के बीच कहासुनी ने मारपीट और पथराव का रूप ले लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है।



मिली जानकारी के अनुसार, गढ़ कस्बे की टंकी वाली गली में रहने वाले दो भाइयों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। रविवार को यह विवाद अचानक इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के परिवार आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया और दोनों ओर से जमकर मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर भी फेंके गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन गुस्से में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते रहे। इसी बीच किसी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना को लेकर गढ़ कोतवाली पुलिस भी हरकत में आ गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## एक नजर

### रील के चक्कर में हद पार, हापुड़ हाईवे पर युवक की शर्मनाक हरकत वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में रील बनाने और सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ अब खतरनाक और शर्मनाक रूप लेती जा रही है। ताजा मामला दिल्ली-लखनऊ हाईवे का है, जहां एक युवक ने चलती गाड़ी के सनरूफ से बाहर निकलकर अशोभनीय तरीके से प्रदर्शन किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश है।



बताया जा रहा है कि प्रदर्शन करने वाला युवक एक बसपा नेता के जिला पंचायत सदस्य से जुड़ा बताया जा रहा है। युवक ने हाईवे जैसे व्यस्त मार्ग पर न केवल ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाईं, बल्कि सार्वजनिक मर्यादा को भी तार-तार किया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक गाड़ी के सनरूफ से बाहर निकलकर शरीर का प्रदर्शन कर रहा है, जिससे आसपास चल रहे वाहन चालकों में असहजता और नाराजगी देखी गई। इस तरह की हरकत से हाईवे पर चल रहे अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई। अचानक ध्यान भटकने से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक का काफिला कुछ दूरी तक इसी तरह हाईवे पर चलता रहा, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले का संज्ञान लेकर जांच की जा रही है और संबंधित युवक की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बाबा साहेब डॉ० अम्बेडकर जन्मजयन्ती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

y[kuÅA कार्यक्रम से पूर्व बाबा साहेब की प्रतिमा पर डॉ0 अम्बेडकर पार्क में माल्यार्पण कार्यक्रम किया गया, उसके बाद सभागार, जिला पंचायत में बाबा साहेब और भारत माता के चित्रों पर अथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए नरेन्द्र सिंह क्षेत्र सामाजिक समरसता संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र ने कहा कि बाबा साहेब ने जिन विकृतियों के कारण बौद्ध धर्म को अपनाया, अगर ऐसा न करते तो देश में जगह जगह केरल और जम्मू कश्मीर हो जाते। मुख्य अतिथि राजेन्द्र क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघषों भरा रहा उनके जीवन संघर्ष को देश सदा स्मरण करेगा, उन्होंने हिन्दू धर्म को बटने नहीं दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ0 सौरभ मालवीय प्रदेश महामंत्री विद्या भारती, लखनऊ ने कहा कि बाबा साहब को यदि बाबा साहेब को ऋषि की संज्ञा दी जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। कार्यक्रम डॉ0 राम नरेश, परिक्रमा प्रसाद प्रधानाचार्य, श्याम किशोर बेचैन कवि, गंगा राम एडवोकेट ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजन चन्दन लाल वाल्मीकि ने बताया कार्यक्रम में वंचित समाज के प्रबुद्ध और अपने अपने क्षेत्र में दक्ष लोगों को डॉ0 अम्बेडकर रत्न सम्मान के रूप में, प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र, मीठी नीम का पौधा और पुष्प माला देकर सम्मानित किया। श्याम किशोर बेचैन को अपने स्वच्छकार के राष्ट्रीय मंचों पर झाडू छोडे कलम उठाओ के लिए, दुर्गे उर्फ दुर्गा प्रसाद गिहार समाज, सदस्य जिला पंचायत, शहीद भगत सिंह निःस्वार्थ सेवा समित के संस्थापक जसपाल पाली, डॉ0 राजेश गौतम गरीबो और बेसहायों को निशुल्क चिकित्सा और परामर्श दे कर देश की सेवा में अपना योगदान दे रहे है। सभा में सदर विधायक विधायक योगेश वर्मा, डॉक्टर राम नरेश, सह संयोजक सामाजिक समरसता अवध प्रांत, अवधेश जिला संघ चालक, अविनाश विभाग प्रचारक, संजीव जिला कार्यवाह, अमरेश सह कार्यवाह, हरबंश पासी संपर्क प्रमुख, मुक. ेश धीमान सह जिला कार्यवाह, नीरज सिंह विभाग संपर्क प्रमुख, विजय सह नगर कार्यवाह, पवन गुप्ता ब्लाक प्रमुख, दिव्या सिंह ब्लाक प्रमुख, देव दत्त चढ्ढा, मंजू लता श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, आशु मिश्रा, संतोष कुमार, गंगा राम एडवोकेट, सुरेंद्र शरण वाल्मीकि, कुंवर विकेंस, बबलू वाल्मीक, अभ्यास वाल्मीकि, संजय वाल्मीकि, बंपी वाल्मीकि, बी एल गौतम, अयोध्या प्रसाद गौतम कुमार अभिनव, आयुष्मान, सहित भारी संख्या में अम्बेडकर के अनुयाई उपस्थित रहे।

# आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं: प्रदीप

vyhx<A नगर निगम में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का किसी भी तरह का शोषण बर्दाश्त नहीं होगा। कर्मचारियों की समस्याओं का शीध्र निदान नहीं किया गया तो सभी कर्मचारी संघर्ष के लिए तैयार रहें उक्त विचार श्रमिक नेता प्रदीप शर्मा ने नगर निगम कर्मचारी यूनियन की आवश्यक बैठक में व्यक किए।



नगर निगम कर्मचारी यूनियन, अलीगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यालय, रेलवे स्टेशन रोड, मधेपुरा में संपन्न हुई। बैठक में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए सभी सदस्यों का पटका पहनाकर सम्मान किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ श्रमिक नेता श्री प्रदीप शर्मा ने की, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिकों एवं विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अध्यक्षता करते हुए श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि यदि श्रमिक संगठित रहेंगे, तो उनकी कोई भी जायज मांग रोकी नहीं जा सकती। उन्होंने नगर निगम में व्याप्त वेतन विसंगतियों एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ निरंतर संघर्ष जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार सत्ताधारी दल एकजुट हो सकते हैं, उसी प्रकार श्रमिक संगठनों को भी एकजुट होकर मजदूरों के हितों की रक्षा करनी चाहिए। इसके उपरांत संभाग संगठन मंत्री श्री शंकर लाल जी ने संगठन के इतिहास और विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 23 जुलाई 1955 को स्थापित भारतीय मजदूर संघ ने राष्ट्रहित में कार्य करते हुए श्रमिक कल्याण और औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने संगठन के मूलमंत्र "देश के हित में करेंगे काम, काम लेंगे पूरे दम" को दोहराते हुए कहा कि न्यूनतम मजदूरी श्रमिकों का अधिकार है और इसे सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष (रोडवेज) श्री विनोद शर्मा ने कहा कि श्रमिकों को अपने अधिकारों के लिए संगठित होना अत्यंत आवश्यक है। एकजुट होकर उठाई गई आवाज ही संगठन को मजबूत बनाती है और मांगों को पूरा कराने में निर्णायक भूमिका निभाती है। बैठक में भगवान सिंह ने यह गंभीर मुद्दा उठाया कि नगर निगम में 20 वर्षों की सेवा के बावजूद उनका स्थानांतरण किया जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। वहीं, शेखर जीवन (ड्राइवर संघ अध्यक्ष) ने भी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि नगर निगम में लगभग 1050 आउटसोर्स कर्मचारी पिछले 20 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। निगम द्वारा करोड़ों रुपये की योजनाएं संचालित की जा रही हैं,लेकिन श्रमिकों के वेतन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में श्रमिकों को मात्र रुपये 366 प्रतिदिन दिए जा रहे हैं, जिसे बढ़ाकर रुपये 436 किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिले के प्रचार मंत्री श्री रवि कुमार सिंह ने श्रमिकों के शोषण को तत्काल बंद करने और लंबित मांगों का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की।

भारतीय मजदूर संघ के महानगर अध्यक्ष श्री सुशील कुमार ने कहा कि राष्ट्र का निर्माण श्रमिकों के परिश्रम से होता है। यदि श्रमिकों का शोषण जारी रहा, तो राष्ट्र निर्माण की नींव कमजोर हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि श्रमिकों को समय पर न्यूनतम मजदूरी उपलब्ध कराई जाए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर श्रमिकों की प्रमुख मांगों में न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करना, मेडिकल अवकाश प्रदान करना, ईएसआई कार्ड बनवाना,साप्ताहिक अवकाश वेतन सहित देना प्रमुख रूप से शामिल हैं। बैठक में सोरन सिंह, रविंद्र सिंह, अशोक,अजय शर्मा, सुधीर कुमार, गोपाल जी, राजव. ीर सिंह, शहाबुद्दीन, सत्य प्रकाश, ताजुद्दीन, सतीश, मुमताज, सुनील कुमार, अमर, मोहित, तिलक सिंह, विनोद कुमार, राज. कुमार, राजपाल, पुरुषोत्तम कुमार, पुरुषोत्तम शर्मा, बिट्टू,भगवान सिंह, योगेंद्र सिंह, सुशील कुमार सिंह,वसीम अजहर, मनीष रावत, नगेंद्र कुमार, ललित, विशम्बर, दीपक, मुमताज अहमद, योगेंद्र कुमार, चंद्रकांत सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में सभी श्रमिकों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा एवं न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित कराने हेतु संघर्ष करने का दृढ़ संकल्प लिया।

## 2.8 किलो गांजे के साथ पकड़ा

eFkjkA थाना गोविंद नगर पुलिस ने दो किलो 800 गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना गोविन्दनगर पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को 80 फुटा रोड़ के किनारे हरीकेश गौतम की गली के सामने थाना गोविन्द नगर जनपद मथुरा से अभियुक्त आकाश पुत्र राजकुमार निवासी गुलाब कुंड कालोनी थाना मथुरा गेट जपनद भरतपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गोविन्दनगर पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी गोविंद नगर रवि त्यागी, रिंकेश शर्मा चौकी प्रभारी डीग गेट, एसआई मयंक वत्स आदि पुलिसकर्मी थे।

## सपा जिला कार्यालय पर मनाई गई बाबा भीमराव आम्बेडकर जयंती

y[kuÅA समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा हजरतगंज स्थित भारत रत्न परम् पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पश्चात समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपतराय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था, इन्होंने संविधान का निर्माण किया और कहा कि षिक्षित बनो, संघर्ष करो। डॉ साहब ने समाज की गैरबराबरी के विरूद्ध आन्दोलन किया। अपनी जाति के कारण अम्बेडकर जी को सामाजिक प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव सहन करना पड़ता था। समाजवादी पार्टी सदैव ही डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के आदर्षों पर चलती आ रही है।इस अवसर पर प्रदेश सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल, जिला उपाध्यक्ष अनिल पासी, गुड्डू लोधी, असफाक सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेन्द्र कुमार यादव, यशवीर लोधी, प्रदेश महासचिव शिक्षक सभा दिनेश सिंह, बी0के0टी0 विधानसभा अध्यक्ष अजय रावत, आकाश गौतम, ज्ञान प्रकाश लोधी, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष संजय यादव, परमेष्वर गौतम, षिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, सीताराम लोधी, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष हारून अजीज, छात्र सभा जिलाध्यक्ष ओम लोधी, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, ऋषि प्रजापति, जिला सचिव मनोज यादव, सुजीत यादव, संगीत गौतम, अनवर अंसारी, एड0 रामनाथ रावत, प्रवेश यादव, हसीन गाजी, सुरेश रावत, मो0 आमिर, गोविन्द यादव, सचिन यादव, सूर्यभान यादव, गांधी रावत, त्रिभुवन सिंह, दीपक महाकाल, आनन्द यादव, संतोष रावत, हिमांशु लोधी, हरिकेश रावत, अखिलेश भार्गव, सचिन गौतम, शुभम यादव, करन लोधी, राज लोधी एवं संतोष रावत के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी बवाल, पुलिस से झड़प, पथराव



■ **15 कंपनियों की फोर्स, 26 पुलिस अफसर भेजे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा, यानी गौतमबुद्ध नगर में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मचारी मंगलवार को भी सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो झड़प हो गई। भीड़ ने 2-3 जगहों पर पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया। हालांकि पुलिस ने थोड़ी देर में ही हालात पर काबू पा लिया। प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया।

फिलहाल, पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवान इंडस्ट्रियल इलाकों में सुबह 5 बजे से फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, पीएसी और आरएएफ की 15 कंपनियां, 26 अफसर (8 एडिशनल एसपी और 18 डीएसपी) नोएडा भेजे गए हैं। आज ज्यादातर कंपनियां बंद हैं।

डीजीपी राजीव कृष्ण लखनऊ के कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग कर रहे। कहा- क्षतिग्रस्त संपत्ति की भरपाई भी उपद्रवियों से कराई जाएगी। वहीं, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि अब तक 300 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं। अफवाह फैलाने वाले कुछ ग्रुप आइडेंटिफाई किए गए हैं। कुछ ऐसे लोग हैं, जो अलग-अलग जगहों पर भी पाए गए हैं। 50 ग हैंडल के जरिए हिंसा के लिए उकसाया गया। इधर, यूपी सरकार ने सोमवार देर रात फैक्ट्री कर्मचारियों की सैलरी बढ़ा दी। न्यूनतम मजदूरी दरों में 3000 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ी हुई सैलरी 1 अप्रैल से लागू होगी। सोमवार को बवाल के बाद हाईलेवल कमेटी ने रात में कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसके बाद रात डेढ़ बजे सरकार ने आदेश जारी कर कमेटी की सिफारिशों पर मुहर लगा दी।

**350 से ज्यादा फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ की थी:** इससे पहले, नोएडा में सोमवार को अलग-अलग इलाकों में फैक्ट्री कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। 9 अप्रैल से सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे 42 हजार कर्मचारी सड़कों पर उतर आए। 350 से ज्यादा फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ की। 50 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दीं। 150 वाहन तोड़ दिए। पुलिस पर पथराव किया था।

## कई श्रमिक कार्रवाई के डर से गांव लौटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के फेस-टू की औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले कई श्रमिक अपने गांव चले गए। कंपनियों में अवकाश और पुलिस की कार्रवाई के डर से उन्होंने घर लौटना ही बेहतर समझा।फेस-टू क्षेत्र सहित शहर के कई अन्य हिस्सों में सोमवार को श्रमिकों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर जमकर बवाल किया। कंपनियों में पथराव करने के साथ पुलिस की गाड़ियों को भी पलटकर आग लगा दी। इसके चलते कुछ औद्योगिक इकाईयों ने भी अगले आदेश तक इकाइयों को बंद करने का निर्णय लिया।

दूसरी ओर, पथराव और तोड़फोड़ के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। अब श्रमिकों को डर सता रहा है कि कहीं पुलिस की कार्रवाई का वह निशाना नहीं बन जाएं। श्रमिक अभिषेक कुमार ने बताया कि वह फेस-टू की एक कंपनी में काम करता है। हंगामा के दौरान वह मौजूद था, लेकिन उसने हिंसा नहीं की। अब उसे डर सता रहा है कि कहीं पुलिस उस पर भी कार्रवाई न कर दे। ऐसे में वह अपने जिले महोबा आ गए हैं। रिंकू सिंह ने बताया कि कपड़े निर्यात की एक कंपनी में काम करते हैं। सोमवार को वह कंपनी गए थे। वहां हंगामे की वजह से कंपनी में छुट्टी कर दी गई। उसने कंपनियों में तोड़फोड़ होते आंखों से दे। उसे अब और बड़ा बवाल होने और पुलिस की कार्रवाई का डर सता रहा है। ऐसे में बिहार में अपने पैतृक गांव में आ गए। सूरज कुमार ने बताया कि वह मूलरूप से बिहार के गया जिले का रहने वाला है। नोएडा में बवाल की खबर सुनकर परिजनों ने उसे वापस बुला लिया। अब नोएडा में शांति होने के बाद ही फिर वापस आएगा।

## मजदूर आंदोलन में विदेशी साजिश होने का शक गहराया, 300 उपद्रवी दबोचे, रासुका की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वेतन वृद्धि और अन्य मांगों पर हुयए हिंसक प्रदर्शन के बाद मंगलवार सुबह फिर से फेज दो और सेक्टर 121 में श्रमिक एवं घरेलू सहायिकाओं का गुस्सा भड़क गया। नाराज महिलाओं ने सड़क जमकर पथराव का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की सूझबूझ से बड़ी घटना टल गई। पुलिस ने दोपहर तक 300 आरोपितों को गिरफ्तार और हंगामा व प्रदर्शन करने पर 100 से ज्यादा आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। पुलिस कमिश्नर ने आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा संहिता (एनएसए) में कार्रवाई की बात कही है। इंटरनेट मीडिया पर गलत वीडियो प्रसारित कर माहौल खराब करने के मामले में अभी तक सात मुकदमे दर्ज हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने श्रमिकों से शांति की अपील कर नौकरी पर लौटने के दौरान सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

नोएडा में हुए बवाल में कमिश्नरेट पुलिस पड़ोसी देशों से बैठे हुक्मरान द्वारा साजिश रचने की बात मान रही है। पुलिस को शक है कि गौतमबुध नगर में माहौल खराब करने के लिए दूसरे राज्यों के संगठित गिरोह ने विभिन्न लोगों को फंडिंग भी की है। हालांकि, जांच टीमों को अभी इस दिशा में अहम सुराग हाथ नहीं लगे हैं लेकिन इंटरनेट मीडिया पर संगठित गिरोह द्वारा लोगों को भड़काने के साक्ष्य मिल गए हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अभी तक दो ऐसे संगठन में शामिल अराजक तत्वों के खिलाफ साक्ष्य मिले हैं जब विभिन्न राज्यों में हिंसक प्रदर्शन और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया करते हैं। इस हम इनपुट के बाद सुरक्षा एजेंसी अभी हाई अलर्ट हो गई है। उन्होंने भी गौतम बुद्ध नगर कमिश्नर पुलिस से साक्ष्य लेकर जांच तेज कर दी है।

**मंगलवार को कुछ इलाकों में पथराव भी हुआ:** पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि विभिन्न मांगो पर हुए बवाल के दूसरे दिन सेक्टर 121 स्थित क्लियो काउंटी सोसायटी में घरेलू सहायिकाओं ने गेट नंबर 2 के पास प्रदर्शन किया था।

इस बीच कुछ लोगों ने सड़क जाम के दौरान पथराव का प्रयास भी किया लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और सभी को समझाकर वहां से खदेड़ दिया। अभी तक वीडियो और फुटेज के अलावा सीसीटीवी कैमरे की मदद से 300 आरोपितों को पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन के दौरान माहौल खराब करने वाले 100 से ज्यादा आरोपियों को भी हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ चल रही है।

## नोएडा-गाजियाबाद में श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 21 प्रतिशत बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उच्च स्तरीय समिति ने श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में 21 प्रतिशत तक वृद्धि करने की घोषणा की है। ये वेतन वृद्धि विभिन्न श्रेणियों और शहरों के आधार पर लागू होगी ताकि अलग-अलग वर्गों के श्रमिकों को उनकी जरूरत और परिस्थितियों के अनुसार लाभ मिल सके। हालांकि, समिति अपनी रिपोर्ट अब प्रदेश सरकार को सौपेंगी। न्यूनतम वेतन वृद्धि की ये दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। दरअसल, प्रदेश सरकार ने श्रमिक आंदोलन को देखते हुए उच्च समिति का गठन किया है।

समिति के अध्यक्ष औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार, सदस्य अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग आलोक कुमार, प्रमुख सचिव श्रम एमकेएस सुंदरम और सचिव श्रम आयुक्त (कानपुर) मार्कण्डेय शाही हैं। मंगलवार को ग्रेनो के ऑडिटोरियम में दीपक कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि घटनाक्रम को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में यह वृद्धि सबसे अधिक 21 प्रतिशत तक की गई है। अंतरिम वेतन वृद्धि के अनुसार अब जिले में कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 से बढ़ाकर 16025 प्रति माह किया गया है। अकुशल का 11313 से बढ़ाकर घ13690, जबकि अर्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12445 से बढ़ाकर 15059 किया गया है। अब अगले माह गठित होने वाले वेज बोर्ड में रिपोर्ट पर चर्चा होगी और बोर्ड की अनुशंशाओं के आधार पर स्थायी न्यूनतम वेतन निर्धारण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही, समिति ने बताया कि सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए स्वास्थ्य, पेंशन एवं उनके बच्चों की शिक्षा से जुड़ी नई योजनाओं पर विचार कर रही है। इस मौके पर जिलाधिकारी मेधा रूपम और यीडा के सीईओ आरके सिंह भी मौजूद रहे।

**नगर निगम और अन्य जनपदों के लिए भी दरें तय:** समिति के अध्यक्ष ने बताया कि नगर निगम वाले जनपदों के लिए अकुशल श्रमिकों का वेतन 11313 से बढ़ाकर 13006, अर्ध कुशल श्रमिकों का वेतन घ12445 से बढ़ाकर 14306 और कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 से बढ़ाकर 16025 कर दिया गया है। इसी प्रकार अन्य जनपदों के लिए अकुशल श्रमिकों का वेतन 11313 से बढ़ाकर 12356, अर्ध कुशल श्रमिकों का वेतन घ12445 से बढ़ाकर 13591 और कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 से बढ़ाकर 15224 किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस निर्णय से लाखों श्रमिकों को राहत मिलेगी, जो बढ़ती महंगाई और आर्थिक दबाव के बीच अपनी मांगों को लेकर लगातार आवाज उठा रहे थे।

## हिंसा फैलाने वालों से शक्ति से निपटेगी सरकार : दीपक कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने कहा कि पुलिस और इंटेलीजेंस से सूचना मिली है कि आंदोलन को उग्र बनाने में असामाजिक तत्वों का हाथ है। सरकार हिंसा फैलाने वालों से शक्ति के साथ निपटेगी। औद्योगिक विकास आयुक्त ने कहा कि सोमवार को प्रदर्शन के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसात्मक घटानाओं का संज्ञान लेते हए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। समिति ने नोएडा पहुंचकर पूरे प्रकरण की जांच की। जांच में यह तथ्य सामने आया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर 20,000 मासिक न्यूनतम वेतन लागू होने संबंधी खबरें पूरी तरह भ्रामक एवं निराधार हैं।

वास्तविक स्थिति यह है कि भारत सरकार द्वारा नई श्रम संहिताओं के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर फ्लोर वेज निर्धारित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसका उद्देश्य देश के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की एक समान आधार रेखा सुनिश्चित करना है। साथ ही, पुलिस से पता चला है कि इस हिंसा में बाहरी लोग भी शामिल हैं, जो श्रमिक नहीं हैं। पुलिस और इंटेलीजेंस जांच कर इसकी



तहकीकात कर रहे हैं। जल्द ही इनके चेहरे भी बेनकाब कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में औद्योगिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले असामाजिक एवं बाहरी तत्वों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन ने अभियान शुरू कर दिया है। पहचान किए गए दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है, जिसमें गिरफ्तारी, मुकदमे दर्ज करना व अन्य विधिक प्रावधानों के अंतर्गत दंडात्मक कदम उठाना शामिल है। सरकार स्पष्ट रूप से यह संदेश देना चाहती है कि शांति और विकास के वातावरण को बाधित करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**श्रमिकों को भड़काने में बाहरी लोग शामिल:** अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने कहा कि श्रमिकों व नियोक्ताओं से बातचीत की गई। श्रमिक प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण था, जिसमें वेतन वृद्धि, साप्ताहिक अवकाश, ओवर टाइम का दोगुना भगतान शामिल है। उन्होंने हिंसा में बाहरी तत्वों की संलिप्तता की आशंका जाहिर की। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार यूनिवर्सल फ्लोर वेज को लागू करने की तैयारी है। 23 अप्रैल तक इसमें राज्य सरकारों से सुझाव मांगे गए हैं। राज्य सरकारों के सुझावों को शामिल करने के बाद इसे लागू किया जाएगा। इसमें श्रमिकों की भौगोलिक स्थिति पर ही वेतन तय किए जाएंगे। साथ ही, श्रमिकों की चिकित्सा, आवास समेत अन्य लाभों को शामिल किया जाएगा। कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2025-26 में 4300 कंपनियां पंजीकृत हुई हैं। जितनी कंपनियां एक वर्ष में आईं, उतनी 2010 से 2020 तक आ सकी थीं।

**नियोक्ता भी वैश्विक चुनौती से गुजर रहे:** श्रम आयुक्त मार्कण्डेय शाही ने कहा कि वर्तमान समय में उद्योग जगत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों से गुजर रहा है। कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि व निर्यात में कमी ने उद्योगों पर दबाव बढ़ाया है। इसके बावजूद श्रमिकों की मांगों को उन्होंने प्रासंगिक एवं विचारणीय बताया।

**कंट्रोल रूप स्थापित किया गया:** डीएम मेधा रूपम ने कहा कि श्रमिकों के कल्याण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसके नंबर-120-2978231, 120-2978232, 120-2978862, 120-2978702 हैं। इन नंबर के माध्यम से श्रमिक अपनी किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत अथवा सूचना दर्ज करा सकते हैं।

**समिति आज भी जिले में रहेगी:** उच्च स्तरीय समिति बुधवार को भी जिले में ही रहेगी। समिति ने पिछले दो दिनों में श्रमिकों और नियोक्ताओं के साथ बैठकें कीं। इसके बाद किसी निर्णय पर पहुंची। श्रमिकों और नियोक्ताओं की समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। श्रमिक या नियोक्ता समिति से मिलकर अपनी बात रख सकता है। इसके लिए उन्हें 2336004 और 2336005 पर कॉल करना होगा।

## एक नजर

### ट्रक से कुचलकर बुजुर्ग की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में जीटी रोड पर सोमवार को ट्रक ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को कुचल दिया। हादसे में बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग गया। बुजुर्ग के बेटे ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से बांदा के रहने वाले 80 वर्षीय शंकर लाल मिश्रा छपरौला में अपने परिवार के साथ रहते थे। वह सोमवार को पीएनबी बैंक के सामने सड़क पार कर रहे थे। इसी बीच दादरी की तरफ से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस मामले में बुजुर्ग के बेटे ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

### युवक को गोली मारी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित मुतैना गांव में मंगलवार को एक युवक को गोली लगने से घायल हो गया। युवक के पैर में गोली लगी है और उसका इलाज ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित परिवार ने पड़ोस के कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते गोली मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।
पीड़ित पक्ष की मोनिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका भांजा अंकी, जो बुलंदशहर का रहने वाला है, पिछले कुछ वर्षों से उनके घर पर रहकर ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करता है। मोनिका ने बताया कि मंगलवार को वह अपने ससुर के साथ किसी काम से ग्रेटर नोएडा गई थीं। दोपहर में घर लौटने पर उन्होंने देखा कि पड़ोस के कुछ लोग घर से भागते हुए निकल रहे थे। शक होने पर जब वह कमरे के अंदर पहुंचीं तो उनका भांजा अंकी घायल अवस्था में पड़ा मिला। अंकी के पैर में गोली लगी हुई थी। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसियों ने पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया। घायल युवक को आनन-फानन में जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि पीड़ित पक्ष की शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट से एयरपोर्ट तक फर्राटा भरना होगा आसान

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट से एयरपोर्ट तक फर्राटा भरना अब और आसान हो जाएगा। एक्सप्रेस-वे के समानांतर आने वाली 60 मीटर रोड को एयरपोर्ट से जोड़ने का काम शुरू हो गया है। एयरपोर्ट से 900 मीटर सड़क बनाई जा रही है, जो सीधा 60 मीटर रोड से आकर मिलेगी। 900 मीटर सड़क के बीच आने वाली नहर के ऊपर पुल का काम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शुरू कर दिया गया है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद यहां से उड़ाने शुरू करने की तैयारी जोर शोर से चल रही है। वहीं दूसरी ओर एयरपोर्ट तक की कनेक्टिविटी को बढ़ाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। यमुना एक्सप्रेस-वे से एयरपोर्ट जाने वाले लोगों को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से गुजरना होगा और वह सीधे एयरपोर्ट में प्रवेश करेंगे। वहीं दूसरी ओर एक्सप्रेस-से के जीरो प्वाइंट से समानांतर आने वाली 60 मीटर रोड से आने वाले लोग भी 900 मीटर की रोड से होकर सीधे एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश कर पाएंगे।

## बाबा साहब के दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही देश विश्व गुरु बन सकता है: रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर मंगलवार को सेक्टर 22 स्थित रॉय पार्क में टीम आरडब्ल्यूए सेक्टर 22 द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए संरक्षक एवं ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष पंडित रवि शर्मा ने कहा कि डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर जिन्हें बाबा साहेब भी कहा जाता है वो भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार, न्यायविद्, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ के रूप में जाने जाते है। स्वतंत्र भारत



के पहले कानून और न्याय मंत्री बनने का शौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ।

जीवनभर छुआछूत, जाति-प्रथा और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी। देश उनके योगदान को कभी नहीं भूला सकता। उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही देश विश्व गुरु बन सकता है। इस अवसर पर महासचिव लक्ष्मण धस्माना, सचिव देविंद्र रावत, डॉक्टर विपुल राय और मदन शर्मा, लता रावत, गुर श्री राम, करण परिहार, पाण्डेय, भानु प्रताप आदि मौजूद रहे।

## नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे समेत कई जगह जाम लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दलित प्रेरणा स्थल में मंगलवार को काफी अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने से जाम की स्थिति बन गई। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे, फिल्म सिटी मार्ग, सेक्टर-15 नयाबांस गांव के सामने समेत कई जगह वाहनों की कतार लगी रही। ट्रैफिक पुलिस ने तीन घंटे से अधिक समय तक वाहनों के रास्तों मे बदलाव किया। हालांकि, जाम से बचाने की योजना फेल नजर आई। सेक्टर-95 दलित प्रेरणा स्थल में मंगलवार सुबह करीब आठ बजे से ही लोग पहुंचना शुरू हो गए थे। शाम करीब पांच-छह बजे तक लोगों के आने का सिलसिला जारी रहा। इससे पहले सुबह 10-11 बजे के बीच अधिक संख्या में लोग प्रेरणा स्थल पहुंचे।

दलित प्रेरणा स्थल के सामने जाम लगने पर यातायात पुलिस ने नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे की ओर से आकर सीधे डीएनडी और चिल्ला बॉर्डर की ओर जाने वाले वाहनों को सेक्टर-37 की ओर मोड़ दिया। इस दौरान नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर दो-तीन किलोमीटर लंबी वाहनों की लाइन लग गई। महामाया फ्लाईओवर से चिल्ला बॉर्डर तक भी दोनों तरफ वाहनों की लाइन लगी रही। कालिंदी कुंज पर दिल्ली की ओर से आने वाले लोग भी जाम में फंसे रहे। अलग-अलग समय में करीब तीन घंटे तक वाहनों के रास्तों में बदलाव किया गया।

## क्रूरता से मवेशी ले जा रहा था चालक, तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक में मवेशियों को क्रूरता से भरकर ले जाने के मामले में ट्रक चालक समेत तीन लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत चालक समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एसीपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के डाढ़ा गांव निवासी विकास ने बताया कि 12 अप्रैल राजस्थान से एक ट्रक मवेशियों को अवैध तरीके से गाजियाबाद की तरफ ले जा रहा था। बील अकबरपुर टोल के पास ट्रक को रोका तो पाया कि 36 मवेशी क्रूरता के साथ भरकर ले जाए जा रहे हैं। उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी थी, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जयपुर के बमरु गांव निवासी ट्रक चालक शाहिद, मोहम्मद शाहरुख कुरैशी और मोहम्मद आसिफ कुरैशी को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि सभी मवेशियों को खंडेरा गांव स्थित गौशाला में भेज दिया गया है। वहीं, ट्रक को कब्जे में लेकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## स्विमिंग पूल के पास गिरा प्लास्टर, बाल-बाल बचे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित हिमालय प्राइड सोसाइटी के क्लब हाउस में स्विमिंग पूल के पास प्लास्टर गिर गया। हालांकि इसमें कोई घायल नहीं हुआ। निवासियों का आरोप है कि बिल्डर ने घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया है। इस कारण सोसाइटी में आए दिन कोई न कोई घटना हो रही है। निवासियों को भले ही एओए मिल गई हो लेकिन उसके पास कम अधिकार होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

निवासी शुभ्रा शुक्ला ने बताया कि सोसाइटी में रविवार को प्लास्टर गिरा। ऐसी घटना अक्सर होती रहती है। इसके अलावा बिजली का बिल एडवांस में देने के बाद भी एनपीसीएल का बकाया है। उन्होंने बताया कि सोसाइटी की बिजली भी कटने वाली है। पार्क से लेकर ओपन एरिया में साफ सफाई के नाम पर केवल बिल्डर ने निवासियों ने मेंटेनेंस लिया लेकिन कुछ भी नहीं किया।

उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल को एओए को हैंडओवर मिला है। अब एओए ने काम करना तो शुरू किया है लेकिन पुराने फंड का कोई हिसाब तक नहीं दिया गया है। बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था तक नहीं है। हर समय पानी भरा रहता है। आईएफएमएस फंड तीन करोड़ है। उसको भी नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोसाइटी में कई कार्य अधूरे हैं।

## पूर्व सीएम उमा भारती की तबीयत बिगड़ी

■ **वृंदावन से लौटते समय जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती की तबीयत वृंदावन से लौटते समय अचानक बिगड़ गई। उन्हें तत्काल जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की निगरानी मंगलवार को उनका उपचार जारी है और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

उनकी तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में चिंता फैल गई। कई भाजपा नेता और समर्थक



अस्पताल पहुंचने लगे। बुलंदशहर के अनूपशहर से विधायक संजय शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जाना।

रबूपुरा नगर पंचायत अध्यक्ष शशांक सिंह सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी उनसे मिलने पहुंचे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

इससे पहले सोमवार को उमा भारती ने वृंदावन के कात्यायनी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। उन्होंने देश में गौ रक्षा, राष्ट्र की सुरक्षा, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ की मुक्ति के लिए प्रार्थना की थी।

पूजा के बाद उन्होंने वृंदावन में यमुना नदी में हुए हालिया हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने इसे श्बेहद दुखदश और श्हृदयविदारक घटनाश बताया, जिससे हर कोई आहत है। उमा भारती ने कहा कि ऐसी घटनाओं के पीछे नाव की क्षमता और लापरवाही जैसे पहलुओं की जांच आवश्यक है, जिस पर प्रशासन को कार्य करना चाहिए।

उमा भारती ने इस संवेदनशील मुद्दे पर किसी भी प्रकार की राजनीतिक टिप्पणी करने से इनकार किया। अस्पताल में डॉक्टर लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए हैं।


**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक

## डीएम ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम डीएम कौर द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस मौके पर डीएम ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर एक ऐसा नाम है, जिसने भारतीय समाज में शैक्षिक एवं समानता एवं सामाजिक क्षेत्र में क्रांति लाने का काम किया। उनकी जयंती पर हम उनके आदर्शों और सिद्धांतों को याद करते हैं, जिन्होंने हमें एक समतामूलक समाज की कल्पना करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी तथा समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और उनके सशक्तिकरण के लिए काम किया। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और वंचित वर्गों को शिक्षित करने के लिए काम किया तथा भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई महत्वपूर्ण नीतियों को आकार देने में मदद की।

उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक समतामूलक समाज बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें सामाजिक भेदभाव और असमानता के खिलाफ लड़ना चाहिए और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए तथा पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ वंचित वर्गों को उनके अधिकार उपलब्ध कराने में हमें अपना योगदान भी देना चाहिए।

इस मौके पर एडीएम न्यायिक वान्या सिंह, प्रशासनिक अधिकारी उमेश विज द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रशास. निक अधिकारी कलेक्ट्रेट सलाहुद्दीन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट एवं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

उधर विकास भवन परिसर में बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह द्वारा विकास भवन परिसर स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान उपयुक्त मनरेगा आरबी यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित विकास भवन स्थित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारी एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा विचार व्यक्त कर बाबा साहब द्वारा राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में उनके योगदान का स्मरण कराया गया।

# डा. नवेद अकबर ने शिक्षा के क्षेत्र में बनाई नई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए रहबर-ए-आम मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. नवेद अकबर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरे हैं। उनके मार्गदर्शन और आधुनिक शिक्षण पद्धति ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को नई दिशा प्रदान की है।



डा. नवेद अकबर द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष रूप से बायोलॉजी विषय के विद्यार्थियों के लिए उनके द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे नि:शुल्क नोट्स अतिरिक्त कक्षाएं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। विद्यालय में अनुशासन आधुनिक शिक्षा प्रणाली तथा तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डा.अकबर का मानना है कि शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास को भी मजबूत करना आवश्यक है। उनके नेतृत्व में विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर मार्गदर्शन और समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भी विद्यालय में आए सकारात्मक बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि डा.नवेद अकबर के प्रयासों से संस्थान की पहचान लगातार मजबूत हो रही है।

## एक नजर

### बाबा साहब को नमन



**बिजनौर।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा आज जनपद न्यायालय परिसर स्थित स्व.विरेंद्र पाल सिंह एड.मैमोरियल बार हाल में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार एड. की अध्यक्षता में महासचिव चौधरी मनोज कुमार सेठी एड.के संचालन में भारतरत्न महाविद्वान, संविधान निर्माता, युगपुरुष, महामानव बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता महीपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष यशपाल सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता हरि सिंह भारती, पीताम्बर सिंह, विनय देवरा, नवदीप सिंह पूर्व महासचिव, रामपाल सिंह पाल, उपाध्यक्ष तुषार चौधरी, कोषाध्यक्ष कविता चौधरी, संयुक्त मंत्री वंदना आजाद व नितिन कुमार, शुभम चौधरी, ममतेश चौहान, गंगाराम, महेंद्र सिंह आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### संविधान बचाने का आह्वान



**नूरपुर।** सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी के निवास बाबा साहब की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक रामअवतार सैनी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने देश का संविधान लिखा। संविधान की वजह से दबे-कुचले लोगों को बराबरी का अधिकार मिला। बाबा साहब ने लोगों वोट देने का अधिकार दिया है। उनके नक्शे-कदम पर चल कर अपने बच्चों शिक्षित बनाना होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान को मिटाना चाहती है। उनके संविधान को बचाने के लिए आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनानी है। अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना है। इस मौके पर सपा विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद, जिला पंचायत सदस्य इमरान, राहुल चौधरी, बीके कश्यप, सुनील गुर्जर, शहजाद मलिक, एमआर पाशा, अबरार अहमद, प्रेम सैनी, जुल्फुकार कुरैशी, डा. खादिम अंसारी, विशाल यादव, गंगाराम सैनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नसीम अहमद ने किया।

### सिद्धबली विहार कॉलोनी में मनाई जयंती



**नजीबाबाद।** कोतवाली मार्ग स्थित सिद्धबली विहार कॉलोनी में डा. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति जनजाति जनकल्याण समिति द्वारा बाबा साहब की जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला शक्ति के द्वारा केक काटकर और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इस मौके पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें और सभी ने बाबा साहब के विचारों को अपनाने की बात कही। प्रमुख वक्ताओं में ऊष्मा कशेरवाल, भुवनेश्वरी, हेमलता, इंद्रबंधु शास्त्री, राकेश कुमार, प्रो.जेपी गुप्ता, प्रो.मनोज कुमार तथा धनीराम ने अपने विचार रखें। समिति के अध्यक्ष रामनाथ सिंह सेवा. निवृत्त पुलिस निरीक्षक, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, व्यवस्थापक राम भरोसे सिंह एवं शेर सिंह सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक का विशेष सहयोग रहा। अनीता, अमरजीत, सुनीता देवी, सुनीता आर्य, इंदु वर्मा, सीमा, रूबी, कुसुम देवी, सरोज बाला, राखी, रचना, सरिता देवी,रिंकल अग्रवाल, प्रवीण कुमार, मेघनाथ सिंह, कुशल पाल सिंह, अमर सिंह जिला पंचायत सदस्य, मुन्ने सिंह, संजीव कुमार, अरविंद गौतम, रामनाथ सिंह अध्यापक, निरंजन कुमार, पवन कुमार, परविंदर सिंह, धर्मेंद्र भूषण आदि की गरिमा मय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डा. जितेंद्र कुमार ने किया।

### डुकैट का शैक्षणिक भ्रमण



**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के बीसीए के विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध आईटी कंपनी डुकैट, नोएडा का शैक्षिक भ्रमण किया। जिसमें कंपनी के नवाचार एवं गतिविधियों को समझा। यह कंपनी आईटी टेंनिंग प्रदान करने के लिए जानी जाती है। कंपनी के मैनेजर जितेष ने विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने कंपनी भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आईटी के क्षेत्र में प्रयोग होने वाली नवीन तकनीकों से अवगत कराया एवं विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डाटा साइंस से सम्बंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह कहा कि यह बडी सम्भावनाओं का क्षेत्र है। उन्होंने यह भी बताया कि नवीन सॉफ्टवेयर में दक्षता प्राप्त विद्यार्थी अपना एक अच्छा करियर बना सकते है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य बी.सी.ए. के विद्यार्थियों को थ्योरी कक्षाओं के साथ-साथ औद्योगिक भ्रमण के माधयम से नई तकनीकों को जानना भी अत्यंत आवश्यक है। जिससे उनकी दक्षता में वृद्धि हो सके। विश्वविद्यालय के सचिव दीपक मित्तल ने कहा कि सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण का लाभ लेकर आईटी के क्षेत्र में अपना ज्ञान बढ़ा सकते है। वि.वि. के निदेशक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को उनके क्षेत्र में रोजगार के लिए औद्योगिक भ्रमण आवश्यक है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. हितेश शर्मा ने बताया कि औद्योगिक भ्रमण पाठ्यक्रम की जटिलता को आसान बनाने में सहायक है। स्कूल ऑफ कम्प्यूटर एप्लिकेशन व इंजीनियरिंग के डीन डा. हर्ष कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए औद्योगिक भ्रमण के उद्देश्य बताए।

# अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

## कांग्रेस कार्यालय पर स्मृति सभा का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस जिला कार्यालय पर भारतरत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं स्मृति सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में किया गया।



इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके प्रति अपनी श्रद्धा एवं स्नेह व्यक्त किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहब द्वारा भारतीय संविधान के निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान एवं समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु किए गए उनके संघर्षों को विस्तार से रेखांकित किया।

सभा में सभी उपस्थित जनों ने बाबा साहब के समतामूलक, न्यायपूर्ण एवं समावेशी भारत के विचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा उनके सिद्धांतों और अंबेडकरवाद की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता एवं न्याय की स्थापना संभव है। इस मौके पर सभी कांग्रेस सदस्यों ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में विकास भवन की ओर मार्च किया और बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभा में पार्टी के जिला, शहर, नगर, ब्लॉक एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

## आगामी बैठक में प्रस्तावों को शामिल करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और समग्र विकास को लेकर भाजपा पदाधिकारियों एवं नामित सभासदों ने आज नगर पालिका को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आगामी बोर्ड बैठक के एजेंडे में जनसरोकार से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को शामिल कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लागू करने की मांग उठाई।

ज्ञापन में अधिशासी अधिकारी और पालिका अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा गया कि नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस रणनीति बनाते हुए शीघ्र कार्यवाही जरूरी है। इसमें नगर पालिका परिसर में जनसेवा केंद्र की स्थापना, रोडवेज बस स्टैंड के लिए उपयुक्त भूमि का चयन तथा एम्बुलेंस व अंतिम यात्रा वाहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। भाजपा प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए विवाह मंडप/बैंक्वेट हॉल का निर्माण कराया जाए, जबकि प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसके अलावा नगर में स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। ज्ञापन में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता दी गई। इसके तहत तालाबों व जलाशयों के पुनरुद्धार एवं सौंदर्यीकरण, एक आधुनिक पार्क के निर्माण तथा काशीराम आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास आवंटन की मांग की गई। इसके साथ ही मुख्य मार्गों पर जर्जर सड़कों व पुलियों के पुनर्निर्माण, जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हर माह प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित करने की आवश्यकता जताई गई। अंतिम संस्कार स्थल के विकास और वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई।

ज्ञापन सौंपने वालों ने उम्मीद जताई कि नगर हित से जुड़े इन प्रस्तावों को बोर्ड बैठक में शामिल कर शीघ्र अमल में लाया जाएगा, जिससे हल्दौर के विकास को नई गति मिल सकेगी। इस दौरान दीपक कुमार चानू, शाश्वत रस्तोगी, डा. यश चंद्रा, चरनजीत सिंह मिक्का, कुसुम देवी के प्रतिनिधि के रूप में गौतम कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## संविधान की रक्षा के लिए अखिलेश को सीएम बनाने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के नेता अनुज मलिक ने भारतरत्न व संविधान निर्माता बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



प्राप्त समाचार के अनुसार बाबा साहब की जयंती पर सपा नेता अनुज मलिक ने क्षेत्र विभिन्न गांवों में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से बाबा साहब द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने के पीडीए विजन को विस्तार से समझाया। अनुज मलिक ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करनी होगी और अखिलेश यादव को सीएम बनाना होगा। उन्होंने मौजूद लोगों से इस संकल्प को लेकर एकजुट होने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने अनुज मलिक का स्वागत किया और बाबा साहब के आदर्शों पर चर्चा की। सपा नेता ने जोर देकर कहा कि बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाते हुए पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के उत्थान के लिए समाजवादी पार्टी निरंतर कार्यरत है। कार्यक्रम बाबा साहब अंबेडकर की जयंती को याद करते हुए सामाजिक न्याय, संविधान बचाने और 2027 में सपा की जीत के संदेश के साथ सम्पन्न हुआ।

## विधायक ने मानसी गुप्ता को दी शुभकामनाएं



**बढ़ापुर।** मौहल्ला बाजार निवासी आयुर्वेदिक दवाइयों के विक्रेता शुभांकर गुप्ता की पुत्री मानसी गुप्ता ने एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) में छठी रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से जनपद भर में हर्ष की लहर है। सूचना मिलने पर मंगलवार की दोपहर भाजपा विधायक सुशांत सिंह समर्थकों के साथ मानसी गुप्ता के आवास पर पहुंचे और मानसी के स्वजन से मुलाकात कर राम दरबार भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान भाजपा नेता विजय सिंह, संजीव कश्यप बंटी, जयवीर पंचवाल, मुकेश आर्य, प्रमोद चौहान, ललित वर्मा, नितिन चौधरी, कैलाश प्रजापति, नितिन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी में मनाई जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी में भारतरत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन डा. बीके स्नेही के नेतृत्व में किया गया।

इस मौके पर पर डा. सीएचसी प्रभारी डा. बीके स्नेही सहित अन्य वक्ताओं ने बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके महान योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर विश्व के महान विचारक समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर उच्च उपलब्धियां हासिल कीं और देश को समानता न्याय एवं अधिकारों का मार्ग दिखाया। वक्ताओं ने कहा बाबा साहब ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त की तथा कोलंबिया विश्वविद्यालय अमेरिका से पीएचडी की उपाधि हासिल की। भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान के कारण उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता भी कहा जाता है। उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों के आधार पर आज देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था संचालित हो रही है। जिसमें सभी वर्गों को समान अधिकार एवं अवसर प्राप्त हैं।

इस मौके पर डा. राकेश कुमार, डा. हासिम, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, धीरेंद्र सिंह, योगेश कुमार, हरीश कुमार, प्रदीप रावत, दुशाला शर्मा, अनीता देवी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# डॉ. अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

## कोटला और अंबेडकर नगर में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर स्थानीय मुख्य बाजार स्थित अंबेडकर चौक, मौहल्ला कोटला एवं अंबेडकर नगर में श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए।





कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष, उनके सामाजिक न्याय के सिद्धांतों तथा संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में समानता, शिक्षा और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ आसपा नेता अशरफ जमील एड. ने कहा कि बाबा साहब ने देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बाबा साहब के विचारों को अपनाना और भी अधिक आवश्यक हो गया है।

उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और समाज में व्याप्त भेदभाव, अन्याय एवं कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना एक ऐसे भारत का था, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रहे।

इस मौके पर पूर्व मंत्री धनीराम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने समाज के हर वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और जागरूकता ही वह माध्यम हैं, जिनसे समाज में वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और समाज में एकता एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर चंद्र प्रकाश रवि, नवीन भारती, परवेज, डा. विकास, डा. अजब सिंह, सभासद अखिलेश कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सपा नेता नदीम चौहान ने 17 गांवों में मनाई बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** सिवाल खास विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नदीम चौहान ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई। मंगलवार को आयोजित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के दौरान सिवाल खास विधानसभा में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हुई जिसमें दर्जनों जगह पर सपा नेता नदीम चौहान अतिथि के रूप में मौजूद रहे इस दौरान नदीम चौहान सुबह से लेकर रात के नौ बजे तक दलित समाज के बीच रहे। वह सरूरपुर, नगर पंचायत सिवालखास, रोहटा, माजरा, घसौली, दिलावरा, जंगेठी, रसूलपुर, धौलड़ी, सिसौला खुर्द, जानी खुर्द, पांचाली खुर्द और घाट सहित कई गांवों व कस्बों में आयोजित कार्यक्रमों में मौजूद रहे। हर जगह नदीम चौहान का दलित समाज के लोगों ने दिल से स्वागत किया और कहा कि नदीम चौहान हर समय उनके साथ रहते हैं। वहीं नदीम चौहान ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सामान्य शिक्षा और दलित समाज के अधिकारों के साथ-साथ सर्व समाज के अधिकारों को दर्शाता है उनका जीवन केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायक है।

नदीम चौहान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं और वह बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाए रखने के लिए भाजपा के सामने मजबूती से खड़े हैं इसीलिए आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में दलित समाज को मजबूती के साथ अखिलेश यादव को वोट देना चाहिए क्योंकि भाजपा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को धीरे-धीरे मिटाना चाहती है जिसकी शुरुआत सोशल मीडिया पर भी देखने को मिल रही है। उन्होंने दलित समाज के लोगों से कहा कि वह एकजुट होकर भाजपा को आईना दिखाएं और अपने अधिकारों और सम्मान की लड़ाई को मजबूत करें वहीं दलित समाज के लोगों ने भी नदीम चौहान के पीठ थपथपाई और आने वाले चुनाव में मजबूती के साथ उन्हें साथ देने का वादा किया।



बाबा साहेब की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते नदीम चौहान।


अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण करते कांग्रेस महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, हेमंत गुर्जर।


अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी।

## रसूलपुर धौलडी में शिया समुदाय के लोगों ने अंबेडकर जयंती पर पिलाया मीठा जल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार को जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में 135वीं अंबेडकर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इसी उपलक्ष में यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा अंबेडकर पार्क से होते हुए कर्बला रोड पर से गुजरी। इस दौरान शिया समुदाय के लोगों ने इमामबाड़ा अबू तालिब के गेट पर करबला रोड पर इमाम हुसैन की याद में मीठा जल पिलाकर जाटव समाज के लोगों को यात्रा में शामिल सद्भावना का परिचय दिया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया जिसमें ग्रामीणों ने शिया समुदाय के लोगों की सराहना की। इस दौरान ग्राम प्रधान उम्मीदवार जमा काजमी, नजीर नकवी, तनवीर हैदर, भाजपा नेता नगीन अब्बास, मेहंदी असगर, मोहिब नकवी, सागर इमाम, अहमद हसन, मोहम्मद ममनून काजमी, कोकब काजमी, समाज सेवी हसन राजा, इस्लाम शाह, रहबर रजा फूल शाह, सुभान अलीशा, डाक्टर अली मेहंदी काजमी काफी तादाद में शिया समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## कई विधानसभाओं में योगेश वर्मा ने केक काटकर मनाया बाबा साहेब का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 137वीं जयंती पर देशभर में कार्यक्रम आयोजित हुए वहीं जनपद मेरठ में भी जगह-जगह बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही साथ उनके अनुयाईयों ने इस दिन को एक उत्सव की तरह मनाया। पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने जगह-जगह केक काटे और दलित समाज के बीच जाकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। इस दौरान दलित समाज के लोगों ने भी जगह-जगह कई विधानसभा में योगेश वर्मा का स्वागत किया। योगेश्वर वर्मा ने दलित समाज के लोगों से कहा कि भीमराव अंबेडकर की जयंती मात्र एक दिन नहीं है बल्कि यह दलित समाज की जिंदगी की शुरुआत का दिन है। बाबा साहब ने जिस दिन जन्म लिया उस दिन से दलित समाज की जिंदगी के उत्थान के दिन शुरू हो गए थे उन्होंने दलित समाज के लोगों से एकजुट रहने और समाज को मजबूत करने की अपील की है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जो हमें संविधान दिया है उसके दायरे में ही हमारी ताकत है और यह ताकत जब ही संभव है। जब हम एक जुटता के साथ वोट करें वोट की ताकत से ही हमें अपने दुश्मनों को चोट देनी है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एक जुटता के साथ रहे और अपने समाज के जिम्मेदार लोगों को मजबूत बनाने का काम करें ताकि वह विधानसभा और संसद में पहुंचकर अपने समाज की आवास को बुलंद कर सकें। इस दौरान उनके साथ पर ब्लॉक प्रमुख राजन वर्मा व राहुल गौतम मौजूद रहे।



## समाजसेवी अलाउद्दीन सैफी के निधन पर लोगों ने जताया दुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को मेरठ के रोहटा गांव में समाजसेवी अलाउद्दीन सैफी का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही शोक की लहर दौड़ गई जिसके बाद समाजसेवी व जनप्रतिनिधि उनके घर पहुंचे और परिवार वालों को संतावना दी। अलाउद्दीन सैफी हर समाज में मजबूत पकड़ रखे थे। उनके निधन की खबर के बाद क्षेत्र के विधायक गुलाम मोहम्मद परिवार को सहारा देने पहुंचे। विधायक ने कहा अलाउद्दीन सैफी बड़े मिलनसार व्यक्ति थे हमेशा उनकी कमी खलेगी वहीं लोक दल के वरिष्ठ नेता रणबीर दहिया परिवार वालों से मिले और दुख प्रकट किया। उधर, समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री शकील भारती ने भी जनाजे में शिरकत की उन्होंने कहा कि अलाउद्दीन जैसी शख्सियत बार-बार पैदा नहीं होती। सिवाल खास विधानसभा पूर्व प्रत्याशी नदीम चौहान भी अलाउद्दीन सैफी के आवास पहुंचे और परिवार वालों को संतावना दी समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य सम्राट मलिक ने भी दुख प्रकट किया। जोहर की नमाज के बाद अलाउद्दीन सैफी को सुपूर्द खाक किया गया।


अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण करते जिलाधिकारी।

## ऋषभ एकेडमी में बैसाखी व अंबेडकर जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऋषभ एकेडमी में बैसाखी पर्व एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 की छात्रा प्रियंका ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कक्षा 5 के छात्रों ने बैसाखी पर्व के महत्व को बताते हुए सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सभी ने सराहा। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने मिलकर सामूहिक भोज का भी आयोजन किया, जिससे आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता की भावना को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश चंद्र जैन, सचिव डॉ. संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रकाश जैन, प्रधानाचार्य शरद त्यागी एवं उप-प्रधानाचार्य पवन कपूर सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी को बैसाखी एवं अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को सामाजिक समरसता और महान व्यक्तित्वों के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर परीक्षितगढ़ में निकाली शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** कर गुजर गए जो वो भीम थे, दुनिया को जगाने वाले भीम थे, हमने तो सिर्फ इतिहास पढ़ा है यारों, इतिहास को बनाने वाले मेरे भीम थे। भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर नगर व देहात क्षेत्र में बाबा साहब की जयंती धूमधाम हर्षोल्लास से मनाई गई। मंगलवार को नगर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की शोभा यात्रा का शुभारंभ हस्तिनापुर के पूर्व विधायक योगेश वर्मा तथा चेयरमैन हिटलर त्यागी ने माल्यार्पण तथा फीता काट कर किया। शोभायात्रा आशे नाथ कुठी आश्रम से होते हुए मेरठ बस स्टैंड भगत सिंह चौक शिव चौक मवाना स्टैंड किठौर स्टैंड होते हुए कुटी आश्रम पर संपन्न हुई जिसमें काफी संख्या में युवा हाथों में नीले झंडे बैनर लेकर डीजे की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे तथा जगह-जगह नगर वासियों ने शोभा यात्रा पर फूलों से वर्षा की तथा स्वागत किया गया वहीं जगह-जगह लड्डू बांटे गए। वहीं जगह-जगह पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह मुस्तैद रहकर नगर व देहात क्षेत्र में शोभायात्रा संपन्न कराई।

वहीं बाबा साहब की जयंती पर भगत सिंह चौक पर भारतीय किसान संघर्ष मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता राहुल भाटी युवा जिला अध्यक्ष शादाब सैफी, निगम पहलवान वसीम सैफी, सिमरू आदि ने छबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया। वहीं देहात क्षेत्र के ग्राम अगवानपुर गांवडा गोविंदपुरी दुवेशपुर बहलोलपुर दबथला मादपुर गांव में भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता महिलाएं बच्चे हाथों में झंडा और बैनर लेकर जय भीम के नारों के साथ काफी संख्या मौजूद रहे। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष विष्णु शरण देवीदास गौतम, सभासद हम कुमार, रवि गौतम, धर्मेंद्र ठेकेदार, महेंद्र सिंह, भिकारी महिपाल आदि का शोभा यात्रा में विशेष सहयोग रहा।




अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते व्यापारी नेता मंसूर इस्लाम व मुस्लिम समाज के लोग।

## सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि युग पुरुष थे बाबा साहेबः संजय चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर सिवाल खास विधानसभा के ग्राम सरूरपुर में भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता संजय चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के शुभारंभ पर भाजपा नेता संजय चौधरी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'बाबा साहेब अमर रहें' और 'जय भीम' के नारों से गुंजायमान हो उठा। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लेकर बाबा साहेब के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की। संजय चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब केवल एक संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक युगपुरुष थे जिन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया। उनके दिखाए 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मार्ग पर चलकर ही हम एक सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहेब के 'अंत्योदय' के सपने को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। रैली के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कार्यक्रम आयोजक जगदीश प्रमुख, आदेश शर्मा, बबलू, देवेन्द्र, प्रदीप, जितेंद्र सहित सैकड़ों ग्रामीण व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## गांव-गांव में अंबेडकर जयंती की धूम, आतिर मंजूर ने किया भव्य माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर विधानसभा क्षेत्र में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पूरे उत्साह, श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आतिर आरि मंजूर ने क्षेत्र के मेदपुर, हसनपुर, गोविंपुरी, रूकनपुर सहित कई गांवों में पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान गांव-गांव में लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बाबा साहेब के आदर्शों को याद किया। आतिर आरिफ मंजूर ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में उनके विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं, जिन्हें अपनाकर समाज को मजबूत और समरस बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने और शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। साथ ही समाज में भाईचारा, एकता और अधिकारों के प्रति जागरूकता बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान जगह-जगह पुष्प अर्पण, सभा और विचार गोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पूरे क्षेत्र में अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सम्मान और गौरव का माहौल बना रहा।




अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शिरकत करते हुए सपा जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी, सपा नेता अमित शर्मा, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी।


अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता अंकित चौधरी व अन्य।

# चेन्नई ने कोलकाता को 193 का टारगेट दिया

### सैमसन ने 48, ब्रेविस ने 41 रन बनाए, कार्तिक त्यागी ने चटकाए2 विकेट

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 193 रन का टारगेट दिया। चेपाक स्टेडियम में केकेआर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। सीएसके ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। संजू सैमसन ने 32 बाल पर 4 चौके और 3 छक्कों के सहारे 48 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 बाल पर 41 रन की पारी खेली।

आयुष म्हात्रे ने 17 बाल पर 38 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के मारे। केकेआर से कार्तिक त्यागी ने दो विकेट झटके। वैभव अरोरा, अनुकूल राय और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला। चेन्नई की पारी का 20वां ओवर डाल रहे कार्तिक त्यागी ने महज 8 रन बनाए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। 18वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर डेवाल्ड ब्रेविस 41 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कार्तिक त्यागी ने वैभव अरोरा के हाथों कैच कराया। त्यागी को दूसरा विकेट



मिला है। उन्होंने संजू सैमसन (48 रन) को बोल्ड किया। 17वें ओवर में सीएसके ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर सरफराज खान 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सुनील नरेन ने 17वें ओवर की पहली बाल पर बोल्ड कर दिया। इसी के साथ 51 रन की साझेदारी टूट गई। 16वें ओवर में चेन्नई ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। इस ओवर में वैभव अरोरा ने 20 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में दो छक्के और एक चौका पड़ा। ब्रेविस ने दूसरी बाल पर छक्का लगाया, जबकि चौथी बाल पर सरफराज खान के बल्ले से छक्का आया। आखिरी बाल पर ब्रेविस ने चौका मारा। 14वें ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस ने वरुण चक्रवर्ती की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। चौथी और 5वीं बाल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। ओवर की दूसरी बाल पर सरफराज खान ने एक छक्का भी मारा। वरुण के इस ओवर से 15 रन आए। सुनील नरेन ने 13वें ओवर में महज 3 रन दिए। ये सभी रन सिंगल के जरिए आए। नरेन के इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। उन्होंने 3 ओवर महज 16 रन ही दिए हैं। सीएसके ने तीसरा विकेट गंवा दिया। यहां पर संजू सैमसन 48 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कार्तिक त्यागी ने 12वें ओवर की दूसरी बाल पर बोल्ड किया, पहली बाल पर छक्का पड़ा था। 10वें ओवर में चेन्नई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। संजू सैमसन ने कार्तिक त्यागी के ओवर की 5वीं बाल पर अपर कट करके छक्का लगाया। इसी छक्के के सहारे टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 9वें ओवर में सुनील नरेन ने महज 5 रन दिए। उनकी पहली बाल पर ब्रेविस के कैच आउट होने का मौका बना, लेकिन मिड आन पर कैच उठा था, मिडविकेट, मिड आन और मिड आफ के फील्डर इसे पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन फील्डर्स के पहुचने से पहले बाल जमीन पर गिर गई। टॉस हारकर बैटिंग कर रही चेन्नई की शुरुआत मिलीजुली रही। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 72 रन बनाने में दो विकेट गंवा दिए।

# मिचेल व दीप्ति शर्मा बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**लंदन, वार्ता।** मिचेल स्टार्क को विजडन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना है। उन्होंने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और एशेज में अहम भूमिका निभाई। वहीं दीप्ति शर्मा को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का सम्मान मिला है।

नवम्बर में घरेलू जमीन पर भारत की ऐतिहासिक विश्व कप जीत में उनका बड़ा योगदान रहा। इन पुरस्कारों का ऐलान अल्मनाक के 163वें संस्करण के प्रकाशन से पहले किया गया। 36 साल के स्टार्क ने इस साल 11 टेस्ट मैचों में 17-32 की औसत से 55 विकेट लिए। इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ नौ रन देकर छह विकेट लेने का उनका करियर बेस्ट प्रदर्शन भी शामिल रहा। इसके बाद 2025-26 एशेज के पहले दो टेस्ट में उन्होंने 18 विकेट झटके और पूरी सीरीज में 19-93 की औसत से 31 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। 28 साल की



दीप्ति शर्मा भारत की 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहीं। भारत ने नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने 30-71 की औसत से 215 रन बनाए और 20-40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। फाइनल में उन्होंने 58 रन की अहम पारी खेली और 5 विकेट लेकर मैच अपने नाम किया। भारत के पुरुष क्रिकेटरों को भी इस बार अल्मनाक में बड़ी पहचान मिली है। शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को विजडन के 'साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' में शामिल किया गया। इन सभी ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।

## खेल विशेष

### कमिंस के 17 अप्रैल को एसआरएच में वापस आने की उम्मीद

**हैदराबाद, वार्ता।** दो डेब्यू करने वाले भारतीय पेसरों की शानदार सफलता पर सवार सनराइजर्स हैदराबाद का बॉलिंग अटैक और मजबूत हो सकता है, क्योंकि पैट कमिस की टीम से कुछ अच्छी खबर आई है। उनके चुने हुए कप्तान, जो दुनिया के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं, जल्द ही उनके आने वाले मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। अभी तक कोई गारंटी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से नई उम्मीद जगी है। क्रिकबज को पता चला है कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिस बुधवार को घर पर फिटनेस टेस्ट देंगे, और अगर वह इसे पास कर लेते हैं - जिसके बारे में फेंचाइजी में उम्मीद की किरण है - तो उनके उनके लिए खेलना शुरू करने का चांस है। कमिस के 17 अप्रैल को हैदराबाद वापस आने की उम्मीद है। एसआरएच अपना अगला मैच शुक्रवार (18 अप्रैल) को अपने घर पर खेलेगा।

### ब्रिटेन के जैक ड्रेपर पहले राउंड में रिटायर हुए

**बार्सिलोना (स्पेन), वार्ता।** ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन में टॉमस मार्टिन एचेवेरी के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच के तीसरे सेट में रिटायर हो गए। क्ले-कोर्ट सीजन का अपना पहला मैच खेल रहे ड्रेपर ने अर्जेंटीना के एचेवेरी के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता, लेकिन उन्हें मूवमेंट में दिक्कत होने लगी और दूसरा सेट 6-3 से हार गए। 24 साल के इस खिलाड़ी पर एक फिजियो ने ध्यान दिया और डिसाइडिंग सेट से ठीक पहले उनके दाहिने घुटने के नीचे के हिस्से पर टेप लगाया गया। तीसरे सेट में एचेवेरी ने उनकी सर्व दो बार तोड़ी और कोर्ट पर घूमने में मुश्किल होने के बाद, उन्होंने 4-1 से पीछे होने पर मैच छोड़ दिया। दुनिया में 28वें रैंक वाले ड्रेपर हाथ की चोट से वापसी के दौरान सावधान रहे हैं और टूर्नामेंट से पहले हाल ही में हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स से हट गए थे।

# चेपॉक पर धोनी ने की प्रैक्टिस अभी वापसी में देरी संभव


**चेन्नई, वार्ता।** काफ इंजरी से उबर रहे एमएस धोनी की आईपीएल 2026 में वापसी के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि वह अभी भी मैच फटिनेस पर काम करते प्रतीत हो रहे हैं। 28 मार्च को सीजन के पहले दिन चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) ने अपने बयान में बताया था कि धोनी पहले दो सप्ताह तक के लिए बाहर रह सकते हैं और वह रिहैब से गुजरेंगे।

धोनी टीम के अन्य साथियों के साथ अभ्यास कर रहे हैं लेकिन वह केवल थ्रोडाउन का सामना कर रहे हैं और अभी भी उनका पूरी तरह से फटि होना बाकी है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ घरेलू मैच की पूर्व संध्या पर चेपॉक में अंडर लाइट्स सीएसके के अभ्यास के अंतिम चरण में धोनी ने नेट्स में थोड़ी देर अभ्यास किया। लेकिन एक बार फिर उन्होंने सपोर्ट स्टाफ से केवल थ्रोडाउन का सामना किया, जब हसी ने प्रैक्टिस पिच के बीच में गेंद डाली तो गेंद धोनी के बल्ले के जोड़ पर जा लगी। लेकिन जब गेंद उनके स्लॉट में पड़ी तब उन्होंने गेंद को अपने बॉटम हैंड का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट बाउंड्री की ओर भेज दिया। इसके बाद उन्होंने स्लॉट में पड़ी एक और गेंद को लेग साइड में 'जे' स्टैंड में भेज दिया। सीएसके का अभ्यास सत्र रात के नौ बजे समाप्त हुआ। धोनी ने विकेटकीपिग का अभ्यास नहीं किया। 44 वर्षीय धोनी ने सीएसके के अब तक चारों मुक. ाबले मिस किए हैं और मंगलवार को भी वह खेलने से चूक सकते हैं। उन्होंने अब तक चेन्नई के बाहर सीएसके के मुकाबलों के लिए गुवाहाटी और बेंगलुरु की यात्रा नहीं की है। वहीं सीएसके के घरेलू मुकाबलों के लिए भी वह चेपॉक नहीं पहुंचे हैं। गुवाहाटी में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिग ने कहा था कि वह टीम से जुड़ी चर्चाओं में शामिल रहते हैं और टीम पर उनका प्रभाव अभी भी मजबूत है। धोनी की अनुपस्थिति में संजू सैमसन विकेटकीपिग कर रहे हैं और इंग्लैंड के ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन ने अपने खेल से फर्निशर की भूमिका अदा करने की झलक दिखाई है।

# RCB की धाकड़ बल्लेबाजी व आउट ऑफ फॉर्म LSG के बीच मुकाबला

**बेंगलुरु, वार्ता।** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, जहां बाउंड्री छोटी होती हैं और बॉलर अक्सर ऐसे दिखते हैं जैसे मानसून आते ही उन्होंने अपना छाता खो दिया हो, एक और आईपीएल शाम चुपचाप अपने हमेशा के थिएटर जैसा माहौल बना लेती है।

इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी मजबूत घरेलू टीम के चैलेंजर के तौर पर आ रहे हैं। यहीं पर आरसीबी कुछ ऐसा कर रही है जो क्रिकेट कम और एक अच्छी तरह से तैयार फैक्ट्री ज्यादा लगता है और उनके रास्ते में आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए थोड़ा डरावना है। इसे सिर्फ अच्छी



बैटिंग फॉर्म कहना गलती होगी। यह भगदड़ को तेज चलना कहने जैसा होगा। इस मैदान पर, आरस. ीबी ने रन बनाने को लगभग रूटीन, फिर भी जबरदस्त बना दिया है। 200 रन का आंकड़ा अब कोई मील का पत्थर नहीं रहा, यह सिर्फ एक विनम्र सुझाव है। बैटिंग कंट्रोल में शुरू होती है, लगभग ऐसे जैसे कोई सरकारी ऑफिस समय पर खुल रहा हो, और फिर धीरे-धीरे कुछ ज्यादा अग्रेसिव और बॉलर्स के लिए उसे रोकना नामुमकिन हो जाता है। इस सीजन में आरसीबी की बैटिंग यूनिट को विराट कोहली लीड कर रहे हैं, जिन्होंने टॉप पर अपनी हमेशा की तरह अथॉरिटी के साथ चार मैचों में 179 रन बनाए हैं। उनके साथ, फिल सॉल्ट ने जबरदस्त शुरुआत दी है, जिसमें पिछले मैच में 36 गें. दों पर 78 रन की तेज पारी शामिल है, जिससे शुरुआत में ही माहौल बन गया। देवदत्त पडिक्कल भी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने तीन मैचों में 125 रन बनाए हैं, जिसमें दो तेज फिफ्टी शामिल हैं और उनका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा है, जिससे वह पावरप्ले और शुरुआती मिडिल ओवर्स में सबसे खतरनाक बैट्समैन में से एक बन गए हैं।

# वैभव का विकेट पहली गेंद पर लेने के बारे में पहले ही कहा था: हिंगे

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए अपने आईपीएल डेब्यू पर धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले विदर्भ के तेज गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने कहा कि उन्होंने पिछले साल ही यह सोच लिया था कि जब वह डेब्यू करेंगे तो चार या पांच विकेट लेंगे। हिंगे ने बताया कि उन्होंने पहले ही कुछ लोगों से यह भी कहा था कि वह पहली ही गेंद पर वैभव सूर्यवंशी का विकेट लेंगे।

मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड लेने के बाद हिंगे ने कहा कि पिछले साल मैंने कहीं पर लिखा था कि जब मैं डेब्यू करूंगा तो चार या पांच विकेट लूंगा। मैं पावरप्ले में जितना संभव हो हावी होना चाहता था। मुझे औरों का नहीं पता लेकिन मुझे इसमें (मैनिफेस्टेशन) विश्वास है। कप्तान इशान किशन ने पहला ओवर हिंगे को ही थमाया था और उन्होंने अपनी दूसरी ही गेंद पर सूर्यवंशी को आउट कर दिया। सूर्यवंशी की यह पहली गेंद थी और वह लेग साइड में खेलने गए लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर



कीपर के पास चली गई। हिंगे ने सूर्यवंशी के अलावा अपने पहले ही ओवर में ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस का विकेट भी लिया लेकिन उनका सबसे पसंदीदा विकेट सूर्यवंशी का विकेट था। हिंगे ने कहा कि सूर्यवंशी का विकेट सबसे बढ़िया था क्योंकि वह फॉर्म में थे। मैंने पहले ही कुछ लोगों से कह रखा था कि मैं उसे पहली ही गेंद पर आउट करूंगा, या तो बाउंसर डालूंगा या किसी और तरह से उसे आउट करूंगा। मैं पहली ही गेंद पर उसका विकेट लेना चाहता था। यही योजना थी और हमारे गें. दबाजी कोच वरुण (आरोन) भाई ने मेरी काफी मदद की। मैं हर किसी का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मेरा साथ दिया। हिंगे ने अपनी क्रिकेट की यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि जब उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था तब उन्हें यह भी पता नहीं था कि लेदर बॉल किसे कहते हैं। हिंगे ने कहा कि मैंने 13 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था, तब मैं यह भी नहीं जानता था कि लेदर बॉल क्या होती है। मैंने अपने पिता से कहा था कि मैं क्लब से जुड़ना चाहता हूं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए मना कर दिया कि मैं अभी काफी छोटा हूं। लेकिन कैसे भी फिर चीजें वहां से शुरू हुई और मैं लगातार खेलता रहा। यहां पर खड़ा होना एक सुखद एहसास है, मैं इस अवॉर्ड को अपने परिवार को समर्पित करना चाहता हूं। हिंगे के साथ ही एक अन्य तेज गें. दबाज साकिब हुसैन ने भी धमाकेदार डेब्यू किया और उन्होंने भी चार विकेट हासिल किए।

दूसरे ओवर में ही उन्होंने यशस्वी जायसवाल का विकेट निकाला था और फिर उन्होंने आरआर की ओर से एकमात्र अर्धशतक जड़ने वाले डॉनोवन फरेरा का भी विकेट निकाला। साकिब ने अपने इस प्रदर्शन का श्रेय आरोन को दिया। साकिब ने कहा कि हर एक खिलाड़ी की ख्वाहिश होती है कि उसका डेब्यू इस तरह से हो। जब मुझे पता चला कि मैं डेब्यू कर रहा हूं तो फिर काफी अच्छा लगा। गेंदबाजी कोच ने एक दिन पहले ही मुझे बता दिया था कि मैं खेलने वाला हूं, तो मैं उसके लिए तैयार था। गेंदबाजी कोच वरुण आरोन मेरे साथ पिछले तीन-चार मैच से काम कर रहे थे। मेरी गेंदबाजी में सुधार उनकी वजह से हुआ है।

### पैट कमिंस को अपना आदर्श मानते हैं प्रफुल हिंगे

**हैदराबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ आईपीएल 2026 में डेब्यू करते हुए विदर्भ के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को धमाकेदार शुरुआत दिलाते हुए अपने पहले ही ओवर में तीन विकेट निकाल लिए। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी के अलावा ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को पवेलियन चलता कर दिया। सीनियर स्तर पर 24 वर्षीय हिंगे का यह केवल दूसरा टी20 मैच था और उन्होंने ओवर की दूसरी ही गेंद पर सूर्यवंशी को चलता कर दिया। इसी ओवर में उन्होंने दो और विकेट निकाले और आईपीएल इतिहास में पारी के पहले ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज भी बन गए। इसके बाद हर कोई यह पूछने लगा: यह प्रफुल हिंगे कौन है? हिंगे ने अक्टूबर 2024 में विदर्भ के लिए प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था और पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने 11 पारियों में 26-37 की औसत से 16 विकेट हासिल किए थे। इस मुकाबले से पहले उन्होंने एकमात्र टी20 दिसम्बर 2025 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला था जिसमें उन्होंने 23 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। उन्होंने पिछले साल विदर्भ प्रो टी20 लीग में नेको मास्टर ब्लास्टर्स के खिताबी सीजन में अहम भूमिका अदा की थी। हिंगे एक घातक तेज गेंदबाज साबित हो सकते हैं और वह अपने कद का अच्छा इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। वह एसआरएच के अपने नियमित कप्तान पैट कमिस को अपना आदर्श मानते हैं और उनके साथ ड्रेसिग रूम शेयर करना चाहते हैं। हिंगे विदर्भ के अपने सीनियर साथी तेज गेंदबाज उमेश यादव को भी अपनी प्रेरणा मानते हैं जिनके साथ उन्होंने अपने टी20 डेब्यू पर गेंदबाजी की शुरुआत की थी। हिंगे ने कुल मिलाकर 10 प्रथम श्रेणी मुक. ाबले खेले हैं और 27 विकेट हासिल किए हैं। उन्होंने छह लिस्ट ए मुकाबले खेलते हुए पांच विकेट हासिल किए हैं।

# बिहार में बड़े स्टेज पर परफॉर्म करने का पोटेंशियल है: हर्षवर्धन

**हैदराबाद (तेलंगाना), वार्ता।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के प्रेसिडेंट,हर्षवर्धन ने आईपीएल 2026 में युवा फास्ट बॉलर साकिब हुसैन के शानदार डेब्यू पर खुशी जताई और इसे बिहार क्रिकेट के लिए गर्व का पल बताया। हर्षवर्धन ने इस बात पर जोर दिया कि साकिब का परफॉर्मेंस राज्य से उभर रहे खिलाड़ियों की बढ़ती ताकत और पोटेंशियल को दिखाता है और बिहार के क्रिकेटिंग इकोसिस्टम के लिए एक पॉजिटिव कदम है।

गोपालगंज जिले के रहने वाले और बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को रिप्रेजेंट करने वाले साकिब हुसैन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अपने डेब्यू पर शानदार परफॉर्मेंस दी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले ही मैच में, उन्होंने अपने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए, और अपनी टीम की जीत में अहम रोल निभाया। हर्षवर्धन ने कहा कि साकिब हुसैन को इस अचीवमेंट के लिए बहुत-बहुत बधाई। जिस तरह से उन्होंने अपने पहले ही आईपीएल मैच में बॉलिंग की, वह बिहार क्रिकेट के लिए एक पॉजिटिव साइन है। उनके परफॉर्मेंस से पता चलता है कि बिहार के प्लेयर्स में बड़े स्टेज पर परफॉर्म करने का पोटेंशियल है। हमें उम्मीद है कि वह भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन करते रहेंगे। इस बीच, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी जयिाउल अरफीन ने भी साकिब के परफॉर्मेंस की तारीफ की और इसे पूरे बिहार क्रिकेट समुदाय के लिए गर्व की बात बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साकिब का सफर कड़ी मेहनत और डेडिकेशन का सबूत है और यह राज्य के कई यंग क्रिकेटरों को अपने सपने पूरे करने के लिए इंस्पायर करेगा। मैच में, साकिब हुसैन ने यशस्वी जायसवाल, डोनोवन फरेरा, जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई जैसे खास प्लेयर्स को आउट करके अपनी बॉलिंग काबिलियत दिखाई, जिससे बड़े स्टेज पर टॉप-लेवल कॉम्पिटिशन के खिलाफ परफॉर्म करने की उनकी काबिलियत का पता चला। एक मिडिल-क्लास फैमिली से आईपीएल में अपनी पहचान बनाने तक का साकिब हुसैन का सफर सच में इंस्पायरिंग है। अनुशासन और लगातार कोशिश से उनकी तरक्की न सिर्फ उनके अपने पक्के इरादे को दिखाती है, बल्कि बिहार में क्रिकेट के इंफ्रास्ट्रक्चर और मौकों की लगातार तरक्की को भी दिखाती है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने साकिब हुसैन को बधाई दी।

# दुनिया के बेस्ट खिलाड़ियों की बराबरी कर सकता हूं: आयुष

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के आयुष शेट्टी, जिन्होंने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 में एक शानदार हफ्ते के बाद सिल्वर मेडल जीता, को लगने लगा है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की बराबरी कर सकते हैं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, जिन्होंने निंगबो में फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में टॉप रैंक वाले अपोनेंट्स को हराया था,

टाइटल मुकाबले में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शी यूकी से हार गए, लेकिन इस हार का इस्तेमाल अपने खेल में कमियों पर सोचने के लिए किया। टूर्नामेंट के बाद एक इंटरव्यू में, शेट्टी ने अपने बदलते माइंडसेट, एक साइकोलॉजिस्ट और एक नए कोचिग सेटअप के साथ काम करने के असर, और बैडमिंटन में सबसे ऊंचे लेवल पर लगातार मुकाबला करने के लिए जरूरी एडजस्टमेंट के बारे में बात की। सवाल: टूर्नामेंट के दौरान आपके स्मैश और अटैकिंग इंटेंट शानदार थे, लेकिन फाइनल में, आपके अपोनेंट ने आपको लंबी रैलियां खेलने पर मजबूर कर दिया। क्या आपको लगता है कि अटैक से डिफेंस में आपका बदलाव एक ऐसा एरिया है जिस पर ध्यान



देने की जरूरत है? आयुष शेट्टी: फाइनल में, (शी यूकी) ने अपनी लेंथ परफेक्ट रखी और मुझे नेट पर हावी होने का मौका नहीं दिया। इसलिए मैं कोई अच्छा अटैकिंग चांस नहीं बना सका। इसलिए मुझे इस पर काम करने और ज्यादा सब्र रखने और लंबी रैली खेलने की जरूरत है। सवाल: आपने कुनलावुत विटिडसार्न (थाईलैंड के) के खिलाफ बहुत अच्छा सेमीफाइनल खेला और दूसरे गेम में वापसी की। शी यूकी के साथ भी ऐसा ही पैटर्न चल रहा था। तो सेमीफाइनल में आपके लिए क्या काम आया और फाइनल में आपके लिए क्या काम नहीं आया? आयुष शेट्टी: यह एक जैसा पैटर्न था। शी यूकी के खिलाफ मेरी अच्छी लीड थी लेकिन कुनलावुत विटिडसार्न के खिलाफ, मैं लंबी रैली खेलने के लिए तैयार था। उस मैच में मैं ज्यादा सब्र वाला था। शि यूकी के साथ, मैं तैयार था लेकिन जैसे ही मैंने उसे गेम में वापस आने का थोड़ा मौका दिया, उससे उसे अपना कॉन्फिडेंस वापस पाने का मौका मिला। मैं वहां थोड़ा बेसब्र हो गया और कुछ जल्दी, आसान पॉइंट्स लेने लगा।

तभी गेम बदल गया। सवाल: हाल के दिनों में आपका माइंडसेट कैसे बदला है? आयुष शेट्टी: मैं हमेशा दुनिया के बेस्ट प्लेयर्स में से एक बनना चाहता था। यह हमेशा मेरा सपना था और अब भी है। तब, मुझे इस पर उतना यकीन नहीं था जितना अब है। समय के साथ, मुझे सच में यकीन होने लगा और मुझे मेहनत करनी होगी। मैं इस पर सच में कड़ी मेहनत कर रहा हूं। सवाल: आपने अब तक अपने करियर में हाई-रैंक्ड अपोनेंट्स और कुछ बहुत बड़े नामों को हराया है। तो, यह बड़े मैच का टेम्परामेंट, यह नर्वसनेस, क्लच मोमेंट्स को संभालने की यह एबिलिटी कहां से आती है? आयुष शेट्टी: पिछले साल, मैं कुछ टॉप प्लेयर्स के खिलाफ जीता था और इसने एक इंपॉर्टेंट रोल निभाया। इसने मुझे कॉन्फिडेंस दिया कि मैं दुनिया के बेस्ट प्लेयर्स के साथ खेल सकता हूं।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

बुधवार, 15 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# युद्ध या बातचीत!

अमेरिका ने अपनी तय घोषणा के अनुसार होर्मुज की नाकाबंदी तो कर दी, लेकिन शायद उसके समझ में नहीं आ रहा है कि उस पर अमल कैसे किया जाए, क्योंकि यदि वह इस पर अमल करता है, तो वर्ल्ड वॉर 3 का अंदेशा बढ़ जाएगा। इसकी शुरुआत होती भी दिखाई दे रही है। चीन ने नाकाबंदी को धता बताते हुए ईरान से तेल खरीदना जारी रखा और नाकाबंदी के बीच ही उसका एक जहाज होर्मुज से गुजरा। जब यह जहाज गुजर रहा था, तो अमेरिकी नेवी मूकदर्शक की तरह उसे जाते हुए देख रही थी। किसी की हिम्मत उसे रोकने की नहीं हुई। बात इतनी ही नहीं है चीन ने नाकाबंदी को लेकर तीखी प्रतिक्रिया भी दी है और कहा है कि अमेरिका उसके मामलों में दखल न दे। दिलचस्प यह है कि यह तमाम कार्रवाई ऐसे समय में हो रही है जब इस्लामाबाद शांति वार्ता बेनतीजा समाप्त होने के बाद फिर से बातचीत के प्रयास भी जारी होते दिखाई दे रहे हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि यह बातचीत 16 अप्रैल को हो सकती है। हालांकि अभी तक यह तय नहीं है कि यह बातचीत कहां होगी। चर्चा यह भी चल रही है कि पाकिस्तान फिर से मेजबानी करने के लिए तैयार दिखाई दे रहा है और उसने इसकी पेशकश भी कर दी है, लेकिन अभी इस पर अंतिम फैसला नहीं हो सका है। इस समय जिस तरह के हालात हैं वास्तव में बहुत पैचीदा हैं और कोई भी पक्के तौर पर इसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता। अब आगे आखिर क्या होने जा रहा है। नि:संदेह यह पूरी दुनिया के लिए बेहद डरावना समय है। इस समय अगर युद्ध भड़कता है, तो यह पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले सकता है। चीन, रूस इस समय काफी आक्रामक दिखाई दे रहे हैं और ईरान के साथ खड़े होने का दंभ भर रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ नाटो देश तुर्की ने सीधे इस्राईल को चेतावनी दे डाली है कि वह उस पर कभी भी हमला कर सकता है। तुर्की के राष्ट्रपति अरदोगन ने इस्राईल प्रधानमंत्री नेतन्याहू को हिटलर तक कह डाला। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय जो परिस्थितियां हैं, उसकी जिम्मेदारी सीधे नेतन्याहू और ट्रम्प पर आती है। उन्हीं के क्रियाकलापों ने आज दुनिया को एक अंधेरी सुरंग में डाल दिया है। जहां से निकलने का कोई रास्ता कम से कम इस समय तो दिखाई नहीं दे रहा है। यह स्थिति अगर लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह दुनिया के लिए बेहद भयंकर हालात पैदा कर सकती है, जिसकी कल्पना भी शायद किसी ने की हो, क्योंकि बताया जाता है कि आज कुछ देशों के पास इतना गोला बारूद है कि वह दुनिया को तीन–चार बार समाप्त कर सकते हैं। अभी भी समय है कि शांति की ओर लौटा जाए और यह इस पर निर्भर करता है कि आज जो विश्व के नेता हैं, वह अपनी जिम्मेदारी को ठीक से निभा पाते हैं या नहीं।

## यही है विकसित भारत का सच



आसमान छूती महंगाई के साथ मजदूरी बढ़ाने की बात वाजिब है और नोएडा में श्रमिकों की इस मांग पर संवेदनशीलता के साथ ध्यान दिया जाना चाहिए, जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, उसके अनुसार उनकी न्यूनतम मजदूरी भी बढ़नी चाहिए, कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वह इस देश के श्रमिकों की आखिरी पुकार थी–जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते–मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 रुपये मासिक आय में से 4,000–7,000 रुपये किराए में चले जाते हैं, जब तक 300 रुपये की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक 500 रुपये सालाना किराया बढ़ा देता है, आय बढ़ने से पहले ही यह बेलगाम महंगाई जीवन का गला घोंट देती है और कर्ज की गहराई में डुबो देती है, यही है विकसित भारत का सच

**–राहुल गांधी, पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस**

# क्या सभ्यताओं का संघर्ष है ईरान का अमेरिका से युद्ध





**तनवीर जाफरी**

अमेरिका –इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध को विश्व राजनीति में अनेक दृष्टिकोणों से परिभाषित किया जा रहा है। अनेक अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों की राय है कि यह युद्ध अमेरिका द्वारा विश्व की तेल संपदा पर नियंत्रण करने की एक जानी पहचानी चाल है जिसे ईरान पर परमाणु हथियार निर्मित करने के प्रयासों के बहाने युद्ध के रूप में अंजाम दिया जा रहा है। कुछ का मत है कि यह शस्त्र निर्माता देशों द्वारा अपने हथियार बेचने व खपाने की खातिर लड़ा जा रहा युद्ध है। कुछ इस युद्ध को इस्राईल की गहरी चाल बता रहे हैं क्योंकि इस्राईल ईरान को अपने सपनों के ग्रेटर इस्राईल के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा समझता है। जबकि कुछ इस युद्ध को ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े युद्ध के नजरिए से भी देख रहे हैं। तो क्या इस युद्ध को अन्य कारणों के अतिरिक्त ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े दो अलग अलग सभ्यताओं के संघर्ष की अवधारणा के रूप में भी देखा जा सकता है? क्या है और कहां से शुरू हुई सभ्यताओं का संघर्ष की यह अवधारणा?

दरअसल सबसे पहले यह विचार सैमुअल पी. हंटिंगटन ने 1993 में फॉरन अफेयर पत्रिका में प्रकाशित अपने लेख द क्लेश ऑफ सिविलाइजेशन के माध्यम से व्यक्त किए थे। बाद में उनके यही विचार 1996 में उनकी चर्चित पुस्तक The Clash of Civilizations and the Remaking of World Order में प्रस्तुत किए गए। सैमुअल पी. हंटिंगटन राजनीति शास्त्र के एक प्रमुख अमेरिकी विद्वान और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर थे। उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में लगभग 58 वर्ष तक अध्यापन का कार्य किया। सभ्यताओं के संघर्ष का सिद्धांत उन्हीं के द्वारा व्यक्त किया गया विचार है जिसे हंटिंगटन के सिद्धांत के रूप में भी जाना जाता है। यह थ्योरी अमेरिका में हुए 9/11 के हमलों के बाद और भी चर्चित हुई और आज भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में इसका समय समय पर जिक्र होता रहता है। वर्तमान अमेरिका –इस्राईल –ईरान युद्ध के दौरान इस तरह की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। तो क्या अमेरिका द्वारा मध्य एशिया पर थोपी गई जंग को ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़ी दो अलग अलग सभ्यताओं के संघर्ष के रूप में परभाषित किया जा सकता है या परिभाषित किया जाना चाहिए?

सबसे पहले तो यदि मुख्य रूप से मध्य एशिया में युद्धरत इन तीन देशों को ही देखें तो ईरान जहां शिया मुस्लिम बाहुल्य देश है वहीं इस्राईल एक यहूदी बाहुल्य मुल्क है जबकि युद्ध में उसका मुख्य सहयोगी अमेरिका एक ईसाई देश है। परन्तु इन तीनों ही देशों की सेनाओं में प्रत्एक धर्मों के लोग देखे जा सकते हैं। जहां इस्राईल की सेना इस्राईल डिफेंस फोर्सेज IDF में आज भी अरब व ईसाई मूल के लोग बड़ी संख्या में स्वेच्छा से अपनी सेवाएं दे रहे हैं वहीं अमेरिका में भी हजारों मुस्लिम अमेरिकी सेना का हिस्सा हैं। यहां तक कि अमेरिका में कई महत्वपूर्ण अधिकारी स्तर के पदों पर भी कई मुस्लिम तैनात हैं। इसी तरह ईरान की सेना में भी ईसाई और यहूदी दोनों ही मूल के सैनिक कार्यरत हैं। वैसे भी चूंकि ईरान में 18 वर्ष से ऊपर के सभी पुरुष नागरिकों के लिए 2 साल की अनिवार्य सैन्य सेवा है, जिसमें ईसाई, आर्मेनियन और असिरियन, यहूदी और जोरोस्ट्रियन जैसे सभी मान्यता प्राप्त धार्मिक अल्पसंख्यक भी शामिल हैं। पिछले दिनों अमेरिका ईरान युद्ध के दौरान भी एक ईसाई ईरानी सैनिक के शहीद होने पर ईरानी सत्ता प्रमुख स्व सैय्यद अली खामनेई ने उस ईसाई फौजी अधिकारी के घर पहुंचकर उसके परिवार को सांत्वना दी थी जिसकी वीडिओ काफी वायरल हुई थी। अब यदि इसी मध्य एशिया युद्ध को और बड़े सन्दर्भ में देखें तो भी हमें ऐसा कुछ भी नजर नहीं आता जिससे इसे ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े सभ्यताओं के संघर्ष के रूप में वर्णित किया जा सके। वर्तमान ईरान–यूएस/इस्राईल युद्ध में ईरान को राजनयिक और राजनीतिक समर्थन देने वाले बड़े देशों में रूस का नाम प्रमुख रूप से लिया जा सकता है। रूस ने ईरान को वायु रक्षा, ड्रोन तकनीक और अन्य उपकरणों की आपूर्ति की जिससे ईरान को आत्मरक्षा में भी आसानी हुई और वह इस्राईल व अमेरिकी ठिकानों पर भी कारगर हमले कर सका। जबकि रूस में भी सबसे बड़ा धर्म ईसाई धर्म है। खास तौर पर यहां रूढ़िवादी ईसाई रूस की कुल आबादी का लगभग 60–70 प्रतिशत हैं। यदि यह युद्ध सभ्यताओं का संघर्ष होता तो उस लिहाज से रूस ईसाई बाहुल्य अमेरिका के साथ खड़ा नजर आता न कि मुस्लिम बाहुल्य देश ईरान के साथ? इसी तरह चीन ने भी इस युद्ध के दौरान आयरन डोम से लेकर अत्याधुनिक संचार व सूचना प्रणाली तक सब कुछ मुहैय्या कराया। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी रूस व चीन ईरान के साथ मजबूती से खड़े रहे। चीन भी आधिकारिक तौर पर एक नास्तिक व धर्म निरपेक्ष देश है परन्तु यहां सबसे बड़ी धार्मिक आबादी बौद्ध धर्म, ताओवाद और कन्फ्यूजियसवाद के अनुयायियों की है।

**फ्रांस, स्पेन, इटली जैसे कई ईसाई बाहुल्य देशों ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की आलोचना कर यह जता दिया कि यह ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़ा दो अलग अलग सभ्यताओं का संघर्ष कतई नहीं। इसी तरह सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, कुवैत, जॉर्डन, मिस्र व मोरक्को जैसे अनेक मुस्लिम बाहुल्य देशों ने परोक्ष या अपरोक्ष रूप से यहां तक कि अपने देशों में अमेरिकी व अन्य पश्चिमी देशों के सैन्य अड्डे उपलब्ध कराकर ईरान की खुलकर मुखालिफत भी की।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल में दिखने लगा बालेन सरकार का असर



**यशोदा श्रीवास्तव**

**पूर्व के राजदूतों की वापसी और नए की नियुक्ति प्रक्रिया में करीब एक माह तक समय लग सकता है। इस बीच नए राजदूतों के चयन को लेकर सत्ता रूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के भीतर मंथन का दौर जारी है। चर्चा है कि प्रधानमंत्री बालेन शाह, गृहमंत्री सुडान गुरुंग और पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने के बीच राजदूतों की नियुक्ति को लेकर लगातार बैठकें चल रही है। प्रधानमंत्री बालेन शाह और गृहमंत्री सुडान गुरुंग चाहेंगे कि इस पद पर राजनीतिक नियुक्तियां कम से कम हों ताकि नेताओं की सिफारिश जैसी स्थिति से बचा जा सके।**

नेपाल में बालेन सरकार के करीब एक पखवारे ही हुए, इस बीच उनके कार्यशैली को देखें तो कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में निश्चित ही ढेर सारे ऐसे निर्णय लिए जा सकते हैं जो परिवर्तन का संदेश देते हों। वे चाहे शिक्षा से जुड़े हुए फैसले हों, महिला अधिकार की हो या पलायन, रोजगार और विदेश नीति से जुड़े हुए फैसले हों। एक पखवाड़े के भीतर ही अपने मंत्रिमंडल के एक सहयोगी को रुखसत कर उन्होंने अन्य मंत्रियों को सख्त संदेश भी दे दिया है।

बालेन सरकार ने जवाबदेही और जिम्मेदारी की एक स्पष्ट मिसाल पेश करते हुए श्रम, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया है, जबकि स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को कड़ी चेतावनी दी गई है। सत्ता रूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामि छाने की लिखित सिफारिश में श्रम मंत्री पर पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया था।

खबर के अनुसार दीपक कुमार साह ने अपनी पत्नी को लंबे समय से निष्क्रिय पड़े स्वास्थ्य बीमा बोर्ड में सदस्य के रूप में सक्रिय कराकर अपने अधिकारों का दुरूपयोग किया। मंत्री बनने के महज 15 दिन के भीतर ही साह को पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि सरकार और पार्टी नेतृत्व भ्रष्टाचार या पद के दुरूपयोग पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है। अपने मंत्रालय के प्रति अपेक्षित गंभीरता न दिखाने पर स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता को भी औपचारिक रूप से चेतावनी दी गई है, जिसे सरकारी हलकों में एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अनुशासन और पारदर्शिता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बालेन शाह के विदेश नीति पर भी दुनिया के करीब 182 देशों की नजर है जहां से नेपाल के राजनयिक संबंध हैं। इसी के साथ इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि बालेन शाह बतौर नेपाली पीएम अपनी पहली विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देते हैं। पूर्व की सरकारों के प्रधानमंत्री अमूमन चीन अथवा भारत को अपनी प्राथमिकता में रखते थे। बालेन सरकार की अभी तक जो कार्यशैली दिख रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वे अपनी विदेश नीति को लेकर काफी गंभीर है। संभवत: इसी उद्देश्य से हाल उन्होंने सिंह दरबार में विदेशों में तैनात अपने राजदूतों की मीटिंग ली है। आम तौर पर ऐसा नहीं होता रहा है। पूर्व की परंपरा यह थी कि प्रधानमंत्री अपने राजदूतों से अलग अलग मुलाकात करते थे। फिलहाल लोकतंत्र बहाली के बाद 2006 से तो यही परंपरा रही है। बालेन शाह का सामूहिक रूप से राजदूतों से मिलने का मकसद यही हो सकता है कि वे अपने विदेश नीति को और सुदृढ़ बनाने के पक्ष में हैं। राजनीतिक क्षेत्र से पूर्व की ओली सरकार में नियुक्त राजदूतों को वापस बुलाने के पीछे का उद्देश्य भी यही है। बालेन सरकार ने अभी भारत सहित छह देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी किया है। इसके पहले ऐसी ही नियुक्ति वाले 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश कार्की सरकार ने जारी किया था। ओली सरकार के कार्यकाल में राजनीतिक हलकों से 31 देशों में राजदूत नियुक्त हुए थे। आने वाले कुछ दिनों में अन्य देशों के राजदूतों में बदलाव संभव है। किसी भी देश में राजदूतों की नियुक्तियां प्राय: सत्ता दल की मर्जी पर ही होते हैं।

इनमें ज्यादातर नियुक्तियां राजनीतिक होती और कुछ ब्यूरोक्रेट्स आधारित होती है। राजदूतों की नियुक्ति में यही प्रक्रिया नेपाल की भी है। अभी जिन देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ है उसमें भारत, चीन, अमेरिका, जापान,यूके,और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन देशों के राजदूतों को एक महीने के भीतर नेपाल वापस आना होगा। इसके पहले रूस,सउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, लंका,स्पेन, जर्मनी,दक्षिण कोरिया,कतर, डेनमार्क और मलेशिया के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ था। नेपाल के 182 देशों से राजनयिक संबंध हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बैसाखी : कृषि, क्रांति और खालसा का त्रिवेणी संगम





**श्वेता गोयल**

भारत की मिट्टी केवल अन्न नहीं उपजाती बल्कि उत्सव, पराक्रम और त्याग की गाथाएं भी रचती है। भारत जैसे कृषि प्रधान राष्ट्र में, जहां लोक–जीवन ऋतुओं के चक्र के साथ कदमताल करता है, 'बैसाखी' भारतीय आत्मा के पुनर्जागरण का पर्व है। यह पर्व उस समय आता है, जब प्रकृति अपना श्रृंगार पूर्ण कर चुकी होती है और किसान की मेहनत स्वर्ण–कणों द्धगेहूं की फसलत्र के रूप में खेतों में लहलहाने लगती है। लेकिन बैसाखी का फलक केवल कृषि तक सीमित नहीं हैय यह कृषि से शुरू होकर 'खालसा' के शौर्य और स्वतंत्रता संग्राम के बलिदान तक विस्तृत है। बैसाखी का पर्व भारतीय जनमानस की आत्मा, विशेषकर किसान के पसीने की खुशबू और सिखों के गौरवशाली इतिहास का एक अनूठा संगम है।

कृषि प्रधान भारत में बैसाखी का सीधा और गहरा संबंध फसलों के पकने और प्रकृति के उल्लास से है। जब चैत्र मास की विदाई होती है और वैशाख का आगमन होता है, तब पंजाब और हरियाणा के खेतों में गेहूं की सुनहरी बालियां हवा के झोंकों के साथ झूमने लगती हैं। यह किसान की साल भर की मेहनत के सफल होने का प्रतीक है। किसान जब अपनी लहलहाती फसल को देखता है तो उसका हृदय कृतज्ञता और उल्लास से भर जाता है। यही वह क्षण होता है, जब ढोल–नगाड़ों की थाप पर पंजाब के गबरू और मुटियारे भांगड़ा और गिद्दा के रूप में अपनी खुशी का इजहार करते हैं। पारम्परिक पोशाकों की रंगीनी और गुरुद्वारों में जलने वाली दीपमालाएं इस पर्व को एक अलौकिक आभा प्रदान करती हैं। यद्यपि बैसाखी को विशेष रूप से पंजाब का त्योहार माना जाता है परंतु वास्तव में इसकी जड़ें संपूर्ण भारतवर्ष में फैली हुई हैं। यह पर्व भौगोलिक सीमाओं को लांघकर देश के अलग–अलग हिस्सों में अपनी विशिष्ट पहचान के साथ मनाया जाता है। उत्तर भारत की भांगड़े की गूंज जहां इसे ऊर्जा से भर देती है, वहीं पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' या 'पोइला बैसाखी' के रूप में नव वर्ष की शुरुआत मानकर मनाया जाता है। दक्षिण भारत के केरल में यही पर्व 'विशू' के नाम से जाना जाता है, जहां लोग समृद्धि की कामना के साथ नए साल का स्वागत करते हैं। असम के सुदूर क्षेत्रों में यह 'बिहू' की सुरीली धुनों में समाहित हो जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, यह दिन अत्यंत पवित्र है क्योंकि हजारों साल पहले इसी तिथि पर मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। यही कारण है कि इस दिन गंगा के तटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है और पवित्र नदियों में स्नान कर दान–पुण्य की परंपरा निभाई जाती है।

बैसाखी का धार्मिक और आध्यात्मिक पक्ष जितना समृद्ध है, इसका ऐतिहासिक पक्ष उतना ही गौरवशाली और साथ ही मर्मस्पर्शी भी है। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह जी ने सन् 1699 में इसी दिन आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध लड़ने के लिए एक ऐसे समाज की रचना की, जो निर्भय, अनुशासित और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित हो। गुरु जी ने 'पंच प्यारों' के माध्यम से मानवता को यह संदेश दिया कि बलिदान ही राष्ट्र और धर्म की रक्षा का सबसे बड़ा मार्ग है। इसीलिए सिख समुदाय के लिए यह दिन केवल फसल का उत्सव नहीं बल्कि उनके आत्म–सम्मान और शौर्य के पुनर्जन्म का दिन है।

इतिहास के पन्नों को पलटें तो 13 अप्रैल 1919 का दिन बैसाखी की खुशियों पर एक काले साए की तरह दिखाई देता है। अमृतसर का जलियांवाला बाग आज भी उन अनगिनत शहीदों की चीखों का साक्षी है, जिन्होंने रोलट एक्ट जैसे काले कानून के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर हजारों निहत्थे भारतीय वहां शांतिपूर्ण सभा के लिए एकत्रित हुए थे लेकिन जनरल डायर की क्रूरता ने बैसाखी के उत्सव को रक्त रंजित कर दिया। बिना किसी चेतावनी के चलाई गई अंधाधुंध गोलियों ने सैंकड़ों भारतीयों के सीने छलनी कर दिए। यह हत्याकांड ब्रिटिश हुकूमत के जुल्मों की चरम सीमा थी, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की मशाल को और अधिक प्रज्वलित कर दिया। बाद में वीर उधम सिंह ने जनरल डायर को मारकर इस राष्ट्रीय अपमान का प्रतिशोध लिया, जो बैसाखी के प्रति एक क्रांतिकारी श्रद्धांजलि थी।

ज्योतिषीय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी बैसाखी का विशेष महत्व है। बैसाखी का दिन एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना का सूचक है। इस दिन सूर्य अपनी प्रथम राशि मेष में प्रवेश करता है, जिसे 'मेष संक्रांति' कहा जाता है। यह वह समय होता है, जब सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिंदु पर पहुंच जाता है, जिससे शीत ऋतु का प्रभाव पूर्णत: समाप्त हो जाता है, प्रकृति में नवजीवन का संचार होने लगता है और ग्रीष्म का आगमन होता है। सौर वर्ष के इस आरंभ को समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। यह दिन कालचक्र के नवीन आरंभ का सूचक है। अंतत:, बैसाखी केवल एक त्यौहार नहीं है बल्कि यह संघर्ष, संस्कृति और समर्पण का अद्भुत समागम है। यह पर्व हमें यही संदेश देता है कि जहां परिश्रम का सम्मान है, वहां उल्लास का वास होता हैय जहां अन्याय के विरुद्ध लड़ने का साहस है, वहां खालसा का वास होता है और जहां राष्ट्र के प्रति प्रेम है, वहां बलिदान की अमर गाथाएं लिखी जाती हैं। यह पर्व हमें गुरु गोबिन्द सिंह जी जैसे महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में उतारने और राष्ट्र में शांति, सद्भावना तथा भाईचारे के नए युग की शुरुआत करने की प्रेरणा देता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और समाज के कल्याण हेतु सार्थक पहल करने का संदेश देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पश्चिम बंगाल। विधानसभा चुनाव से पहले हावड़ा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान, पार्टी के उम्मीदवार राणा चटर्जी के साथ शिबपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार करते हुए।

## पत्नी से तलाक के बाद गूगल जेमिनी को पत्नी मानने लगा युवक, आत्महत्या की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में गूगल के एआई चौटबाट जेमिनी से लगाव एक युवक की मौत की वजह बन गया। 36 साल के जोनाथन गावलस अपनी पत्नी से अलग होने के बाद अकेलेपन में एआई से बात करने लगे थे। धीरे-धीरे यह बातचीत एक काल्पनिक रिश्ते में बदल गई। उन्होंने चौटबाट को 'शिया' नाम दिया और उसे अपनी पत्नी की तरह मानने लगे।

# होर्मुज स्ट्रेट से 34 जहाज गुजरेः ट्रम्प

### ट्रम्प का दावाः ईरान सैन्य और अन्य रूप से 'पूरी तरह से तबाह' हो चुका है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से 34 जहाज गुजरे हैं, जो नाकेबंदी शुरू होने के बाद से अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। ट्रम्प एक बार फिर दावा किया कि ईरान सैन्य और अन्य रूप से 'पूरी तरह से तबाह' हो चुका है।

इसके साथ ही उन्होंने मीडिया, विशेष रूप से न्यूयॉर्क टाइम्स पर 'फर्जी खबरें' फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे यह दिखा रहे हैं कि ईरान जीत रहा है या बेहतर स्थिति में है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि इस तथ्य के बावजूद कि ईरान सैन्य और अन्य रूप से पूरी तरह से तबाह हो चुका है, असफल होते न्यूयॉर्क टाइम्स को पढ़ने वालों को लगेगा कि ईरान वास्तव में जीत रहा है या कम से कम काफी अच्छा कर रहा है, लेकिन यह सच नहीं है। ट्रम्प ने



■ इसके साथ ही ट्रम्प ने 158 जहाजों का आंकड़ा भी दिया था

कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स जानता है कि यह फर्जी खबर है। उन्होंने सवाल किया कि यह भ्रष्ट मीडिया संस्थान मेरे, मेरे समर्थकों और हमारे देश के खिलाफ अपने झूठ और भयानक कृत्यों के लिए कब माफी मांगेगा? अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया था कि ईरान की नौसेना 'समुद्र के तल में पड़ी है, पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है'। इसके साथ ही उन्होंने 158 जहाजों का आंकड़ा भी दिया था। ट्रम्प ने कहा कि हमने उनके उन छोटे जहाजों को नहीं मारा है जिन्हें वे 'फास्ट अटैक शिप' कहते हैं, क्योंकि हमने उन्हें बड़ा खतरा नहीं माना। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इनमें से कोई भी जहाज अमेरिकी नाकेबंदी के करीब आया, तो उन्हें तुरंत खत्म कर दिया जाएगा।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखना जरूरीः संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सभी पक्षों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता का सम्मान बनाए रखने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस जलडमरूमध्य में समुद्री व्यापार में व्यवधान का असर क्षेत्र से बाहर भी पड़ा है और इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता तथा विभिन्न क्षेत्रों में असुरक्षा बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि मौजूदा संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है और कूटनीतिक प्रयासों को जारी रखना जरूरी है। उन्होंने इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई वार्ता को 'सकारात्मक कदम' बताते हुए कहा कि युद्धविराम बनाए रखना और उल्लंघनों को रोकना आवश्यक है। गुटेरेस ने कहा कि गहरे मतभेदों के कारण समझौता तुरंत संभव नहीं है, लेकिन रचनात्मक बातचीत जारी रहनी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान, सऊदी अरब, मिस्र और तुर्की सहित मध्यस्थ देशों के प्रयासों की सराहना की।

# अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी संप्रभुता का घोर उल्लंघनः ईरान

### यूएन में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि ने महासचिव गुटेरेस व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र | शुरुआती अनुमानों के अनुसार अमेरिकी-इजरायली हमले में ईरान को लगभग 270 अरब डॉलर का नुकसानः ईरान

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने अमेरिका द्वारा उसके बंदरगाहों की कथित नौसैनिक नाकेबंदी की कड़ी निंदा करते हुए इसे उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का 'घोर उल्लंघन' बताया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र में इस कदम को 'अवैध आक्रामक कार्रवाई' करार दिया, जो क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए खतरा है।

इरावानी ने कहा कि 12 अप्रैल को यूएस सेंट्रल कमांड द्वारा घोषित यह नाकेबंदी संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत 'आक्रामकता का स्पष्ट उदाहरण' है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम ईरान के बंदरगाहों से आने-जाने वाले समुद्री यातायात को रोकने का प्रयास है, जिससे न केवल ईरान के संप्रभु अधिकारों में हस्तक्षेप हो रहा है, बल्कि तीसरे देशों और वैध समुद्री व्यापार के अधिकारों का भी उल्लंघन हो रहा है। ईरानी दूत ने चेतावनी दी कि तेहरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए 'सभी आवश्यक और उचित कदम' उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप कर नाकेबंदी की निंदा करने और क्षेत्र में बढ़ते तनाव को रोकने की अपील की है। इस बीच, अमेरिकी नौसेना ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है, जिसमें यूएसएस अब्राहम लिंकन सहित कई युद्धपोत और 11 विध्वंसक तैनात हैं। हालांकि, ऑपरेशन में शामिल जहाजों की सटीक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में सप्ताहांत में हुई वार्ता विफल रहने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी को मंजूरी दी।



■ अमेरिकी नौसेना ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है, जिसमें यूएसएस अब्राहम लिंकन सहित कई युद्धपोत और 11 विध्वंसक तैनात हैं

इसके अलावा, ईरान ने बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन से भी मुआवजे की मांग की है। ईरान का आरोप है कि इन देशों ने अमेरिका-इजराइल अभियान में भूमिका निभाई और कुछ मामलों में ईरान के भीतर नागरिक ठिकानों पर 'अवैध हमलों' में भी शामिल रहे। इरावानी ने पत्र में एंटोनियो गुटेरेस और बहरीन (जो अप्रैल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाल रहा है) को संबोधित करते हुए कहा कि बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन को ईरान को 'पूर्ण क्षतिपूर्ति' देनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन देशों को अपने 'अंतर्राष्ट्रीय रूप से अवैध कृत्यों' के कारण हुए सभी भौतिक और नैतिक नुकसान की भरपाई करनी होगी। ईरान के अनुसार, इन कार्रवाइयों से उसे भौतिक और नैतिक दोनों प्रकार का नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई संबंधित देशों को करनी चाहिए। वहीं ईरान सरकार की प्रवक्ता फातेमा मोहाजेरानी ने कहा है कि शुरुआती अनुमानों के अनुसार अमेरिकी-इजरायली हमलों से ईरान को लगभग 270 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

## ईरानी राष्ट्रपति ने पोप की आलोचना करने की निंदा की

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पोप की आलोचना करने के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पोप लियो चौदहवें का बचाव किया है। उन्होंने यह कहा कि ईसा मसीह का अपमान अस्वीकार्य है। पोप ने ईरान में अमेरिकी कार्रवाइयों की आलोचना की थी। विशेष रूप से, उन्होंने ईरानी लोगों के विरुद्ध अमेरिकी धमकियों को अस्वीकार्य बताया था। अप्रैल की शुरुआत में, अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ द्वारा सैन्य कर्मियों के लिए प्रार्थना के आह्वान के बाद पोप ने एक प्रवचन में कहा था कि प्रभुत्व जमाने की इच्छा ईसा मसीह के मार्ग के अनुरूप नहीं है। पेजेशकियान ने 'एक्स' पर कहा कि परम पावन पोप लियो चौदहवें, मैं ईरान के महान राष्ट्र की ओर से आपके प्रति किए गए अपमान की निंदा करता हूं और यह घोषित करता हूं कि शांति और भाईचारे के पैगंबर ईसा मसीह का अपमान किसी भी व्यक्ति को स्वीकार्य नहीं है।

## जिनपिंग ने पश्चिम एशिया के लिए रखा चार-सूत्री योजना का प्रस्ताव

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका में दिलचस्पी दिखाते हुए कहा है कि उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए यहां अबू धाबी के युवराज जाएद अल नहयान के साथ बैठक में चार-सूत्री प्रस्ताव रखा है। शी ने शांति पर जोर देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र के लिए एक साझा, विस्तृत, सहयोगपूर्ण और टिकाऊ सुरक्षा व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता का भी पूरी तरह सम्मान होना चाहिए। साथ ही नागरिकों एवं अवसंरचनाओं की भी सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। शी ने कहा कि दुनिया को जंगल बनाने से बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने विकास एवं सुरक्षा के सामंजस्य पर जोर देते हुए सभी पक्षों से साथ आकर क्षेत्रीय विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने अनुरोध किया। चीन का कूटनीतिक प्रयास ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका-ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम चल रहा है। इस दौरान दोनों देशों ने पाकिस्तान की मध्यस्थता में इस्लामाबाद में बैठकर शांति वार्ता भी की।

# अब गेंद ईरान के पाले मेंः अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दावा किया है कि शांति वार्ता के दौरान अमेरिका और ईरान ने काफी प्रगति की है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने से इन्कार करता है, तो शांति वार्ता का स्वरूप बदल जाएगा। वेंस ने फॉक्स न्यूज से कहा कि मैं सिर्फ यह नहीं कहूंगा कि चीजें गलत हुईं। मुझे यह भी लगता है कि चीजें सही रही हैं।

हमने काफी प्रगति की है। ईरान के साथ आगे की बातचीत की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अब गेंद ईरान के पाले में है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नहीं खोला, तो अमेरिका के साथ उनकी बातचीत का आधार बदल जाएगा। इस्लामाबाद वार्ता में अमेरिकी टीम का नेतृत्व करने वाले वेंस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ईरान से समृद्ध यूरेनियम को पूरी तरह वापस चाहता है ताकि अमेरिका का उस पर पूरा नियंत्रण रहे। वेंस ने कहा कि हमें निश्चित रूप से परमाणु सामग्री को ईरान से बाहर निकालने की आवश्यकता है। हम चाहते हैं कि वह सामग्री पूरी तरह से देश से



■ होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने से इन्कार पर शांति वार्ता का स्वरूप बदल जाएगाः जेडी वेंस

बाहर हो ताकि अमेरिका का उस पर नियंत्रण हो। यह हमारी पहली प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम समझौते की घोषणा के बाद 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में वार्ता शुरू हुई थी। हालांकि, 12 अप्रैल की सुबह वेंस ने घोषणा की थी कि दोनों देश किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके हैं और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी सौदे के वापस लौट रहा है। इससे पहले 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने तेहरान सहित ईरान के विभिन्न ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने भी इजराइली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए थे।

## पश्चिम एशिया में सशस्त्र टकराव की पुनरावृत्ति रोकने का आह्वान

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ईरान से क्षेत्र में नए सशस्त्र टकराव को रोकने का आह्वान किया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि रूस, पश्चिम एशिया के संकट को सुलझाने में सहायता करने के लिए सदा तैयार है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट का समाधान युद्ध नहीं है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ फोन पर हुई बातचीत में पश्चिम एशिया में फिर से सशस्त्र टकराव को रोकने पर जोर दिया। मंत्रालय ने कहा कि तेरह अप्रैल को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई विक्टोरोविच लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ फोन पर बातचीत की और क्षेत्र में सैन्य टकराव को फिर न होने पर जोर दिया। लावरोव ने अराघची से कहा कि रूस कूटनीतिक प्रयासों को जारी रखने और ऐसे समाधान खोजने की निरंतर प्रतिबद्धता का स्वागत करता है, जो संघर्ष के मूल कारणों को दूर करें। उन्होंने कहा कि ईरान और उसके पड़ोसियों के वैध हितों को ध्यान में रखते हुए पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक स्थिरता प्राप्त की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोला

**मॉस्को।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। स्पेन के राजनयिक मिशन ने यह जानकारी दी है। दूतावास ने एक्स पर कहा कि हम तेहरान लौट रहे हैं। संघर्ष विराम के बाद ईरान में स्पेनिश दूतावास फिर से खुल रहा है। राजदूत एंटोनियो सांचेज-बेनेडिटो गैस्पर, राजनयिक टीम और स्थानीय कर्मचारियों के साथ, शांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काम पर लौट रहे हैं। स्पेन के दूतावास को सात मार्च को खाली करा लिया गया था, राजनयिक मिशन ने उन सभी स्पेनिश नागरिकों की रवानगी सुनिश्चित कर ली थी जो ईरान छोड़ना चाहते थे।

### लुफ्थांसा हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द

**मॉस्को।** जर्मनी की सबसे बड़ी एयरलाइन समूह लुफ्थांसा में हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। यह जानकारी वेरेनिगुंग कॉकपिट यूनियन ने दी। जर्मन ट्रेड यूनियन वेरेनिगुंग कॉकपिट ने इससे पहले 13-14 अप्रैल को लुफ्थांसा पायलटों की तीसरी हड़ताल का आह्वान किया था। पायलटों और फ्लाइट अटेंडेंटों की हड़ताल की पहली और दूसरी लहर फरवरी और मार्च 2026 में हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप जर्मनी के प्रमुख शहरों के हवाई अड्डों पर सैकड़ों उड़ानें रद्द हो गई थीं। यूनियन ने एक बयान में कहा कि लुफ्थांसा, लुफ्थांसा कार्गो, सिटीलाइन और यूरोविंग्स में हड़ताल का पहला दिन उम्मीद के मुताबिक चल रहा है।

## स्टार्मर ने लेबनान पर इजरायली हमलों को रोकने का किया आह्वान

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने लेबनान पर इजराइली हमलों को समाप्त करने और लेबनान को पश्चिम एशिया युद्धविराम में शामिल करने का आह्वान किया है। स्टार्मर ने ब्रिटिश संसद में कहा कि हम मांग करते हैं कि लेबनान को तत्काल युद्धविराम में शामिल किया जाए। हिजबुल्लाह को निशस्त्रीकरण करना चाहिए, लेकिन मैं इस बात पर भी पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इजरायल के हमले गलत हैं। इनके विनाशकारी मानवीय परिणाम हो रहे हैं और ये लेबनान को संकट की ओर धकेल रहे हैं। बमबारी अब रुकनी चाहिए।

स्टार्मर ने ईरानी सभ्यता के विनाश के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टिप्पणियों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि सभ्यता को नष्ट करने वाली भाषा के संबंध में, क्या मैं इस सदन के सामने पूरी स्पष्टता रख सकता हूं?

■ इनके विनाशकारी मानवीय परिणाम हो रहे हैं और ये लेबनान को संकट की ओर धकेल रहे हैं

वह गलत था। ईरानी नागरिकों को उस तरह से धमकी देना गलत है। इजरायल और लेबनान में शिया आंदोलन हिजबुल्लाह के बीच तनाव 2 मार्च की रात को शुरू हुआ, जब क्षेत्रीय स्थिति में भारी गिरावट के बीच लेबनानी आंदोलन ने इजरायली क्षेत्र पर मिसाइल हमले फिर से शुरू कर दिए। इजरायल ने इसके जवाब में लेबनान पर बड़े पैमाने पर हमले किए और 16 मार्च को दक्षिणी लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने की घोषणा की। ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की खबरों के बाद, हिजबुल्लाह ने इजरायल के विरुद्ध अपने अभियान स्थगित कर दिए थे।

## 'भूत बंगला' का नया गाना 'ओ सुंदरी' हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'भूत बंगला' का नया गाना 'ओ सुंदरी' रिलीज हो गया है। 'भूत बंगला' के अनाउंसमेंट ने तो सबको एक्साइटेड कर ही दिया था, लेकिन अब इसके ट्रेलर ने इस मोस्ट-अवेयटेड हॉरर-कॉमेडी की दुनिया की एक झलक दिखा दी है। कॉमेडी और हॉरर के परफेक्ट ब्लेंड के साथ यह फिल्म एक जबरदस्त फैमिली एंटरटेनर होने वाली है। जहां एक तरफ फिल्म के गानों ने सस्पेंस बना रखा है, वहीं मेकर्स अब एक और नया ट्रैक 'ओ सुंदरी' लेकर आए हैं, जो फैमिली के साथ एन्जॉय करने के लिए एक बेहतरीन सेलिब्रेशन सॉन्ग है। दुल्हन के जोड़े में मिथिला पालकर बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं अक्षय कुमार और वामीका गब्बी अपने डांस मूव्स से स्टेज पर आग लगा रहे हैं।

# यूके में भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्त बर्खास्त

### अंग्रेजी न समझ पाने पर साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु की नौकरी गई, फॉर्म में गलत जानकारी देने का आरोप

**लंदन।** यूके में एक भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु को अंग्रेजी ठीक से न समझ पाने और आवेदन में गलत जानकारी देने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया। कारण यह रहा कि वह मरीजों और सहकर्मियों की बात ठीक से समझ नहीं पा रही थीं।

यह मामला जून 2024 का हो, लेकिन इसकी जानकारी अब सामने आई है। कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यार्क एंड स्कारबरो टीचिंग हास्पिटल्स एनएचएस ट्रस्ट जाइन किया था। जाइनिंग के कुछ ही समय बाद सहकर्मियों को पता चला कि वह मरीजों और स्टाफ की अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। स्पीच थेरेपिस्ट होने के बावजूद उन्हें उच्चारण, व्याकरण और बातचीत समझने में समस्या थी। अंततः जून 2024 में



■ कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यार्क एंड स्कारबरो टीचिंग हास्पिटल्स एनएचएस ट्रस्ट जाइन किया था

उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। आवेदन में कीर्तना ने अंग्रेजी को अपनी पहली भाषा बताया था, लेकिन बाद में रिव्यू मीटिंग में स्वीकार किया कि उनकी मातृभाषा तेलुगु है। बाद में दिसम्बर में उन्होंने बताया कि वह नौकरी के साथ-साथ अंग्रेजी सुधारने के लिए क्लास भी ले रही थीं। इस मामले में एक और अहम बात सामने आई कि नौकरी के आवेदन में उन्होंने अंग्रेजी को अपनी 'फर्स्ट लैंग्वेज' बताया था। जबकि फार्म के नियमों के अनुसार, 'फर्स्ट लैंग्वेज' वही मानी जाती है जो व्यक्ति रोजमर्रा की जिंदगी में सबसे ज्यादा इस्तेमाल करता हो। केवल अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करना इसे पहली भाषा नहीं बनाता। कीर्तना के मैनेजर ने यह भी बताया कि इंटरव्यू के दौरान उसने चैट बाक्स के जरिए सवाल पूछने का अनुरोध किया था, यानी आमने-सामने बातचीत से बचना चाहती थीं। इसे असामान्य माना गया, खासकर इसलिए क्योंकि वह उस समय यूके में ही रह रही थीं। अस्पताल ट्रस्ट के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि साई कीर्तना अक्टूबर 2023 से जून 2024 तक काम पर थीं और जून में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। कीर्तना ने इस फैसले को चुनौती दी और कहा कि उनकी पढ़ाई अंग्रेजी में हुई है, इसलिए इसे उनकी पहली भाषा माना जाना चाहिए। लेकिन पैनल ने इस तर्क को नहीं माना। पैनल का कहना था कि उन्होंने नौकरी पाने के लिए गलत जानकारी दी और यह धोखा देने की कोशिश थी। इसके बाद उन्हें रजिस्टर से हटा दिया गया। आवेदन फार्म में साफ लिखा होता है कि हक्या अंग्रेजी आपकी पहली भाषा है? इसका जवाब 'हां' तभी देना चाहिए, जब अंग्रेजी आपकी रोजमर्रा की मुख्य भाषा हो। सिर्फ अंग्रेजी में पढ़ाई करने से यह पहली भाषा नहीं मानी जाती।

# पाक में अस्पताल की लापरवाही से 331 बच्चे HIV पॉजीटिव

### आठ साल के बच्चे की मौत के बाद खुलासा, सिरिंज के दोबारा इस्तेमाल से फैला संक्रमण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ताउंसा शहर में 331 बच्चे एचआईवी पॉ पाए गए। ये मामले नवंबर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच दर्ज हुए। अब इस मामले में सरकारी अस्पताल में गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि अस्पताल में सिरिंज दोबारा इस्तेमाल हो रही थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, कई मामलों में एक ही दवा की शीशी से अलग-अलग बच्चों को इंजेक्शन दिया गया। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया। मामले का खुलासा आठ साल के बच्चे मोहम्मद अमीन की मौत के बाद हुआ। उसकी बहन असमा भी एचआईवीपॉ है। मां का कहना है कि बच्चों को अस्पताल में इलाज के दौरान संक्रमित सुई से एचआईवीहुआ। जांच में 32 घंटे की



अंडरकवर रिकार्डिंग की गई। इसमें 10 बार देखा गया कि सिरिंज को मल्टी-डोज वायल में दोबारा इस्तेमाल किया गया। इनमें से चार मामलों में उसी दवा को दूसरे बच्चों को दिया गया। संक्रामक रोग विशेषज्ञ डा. अल्ताफ अहमद ने वीडियो देखने के बाद कहा कि सिरिंज का पिछला हिस्सा वायरस को ट्रांसफर कर सकता है, भले ही नई सुई लगा दी जाए। उन्होंने इसे बेहद खतरनाक बताया। जांच में यह भी सामने आया

■ बच्चों को अस्पताल में इलाज के दौरान संक्रमित सुई से एचआईवीहुआः मां

कि 66 बार अस्पताल स्टाफ ने बिना स्टरलाइज्ड ग्लव्स के इंजेक्शन लगाए। एक नर्स को मेडिकल वेस्ट बाक्स में बिना ग्लव्स के हाथ डालते भी देखा गया।

विशेषज्ञों ने इसे संक्रमण नियंत्रण की बड़ी कमी बताया। हालांकि, अस्पताल के नए मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा कासिम बुजदार ने इन वीडियो को मानने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह फुटेज पुरानी या स्टेज्ड हो सकती है। सबसे पहले इस आउटब्रेक को निजी क्लिनिक के डाक्टर गुल कैसरानी ने पहचाना था। उन्होंने बताया कि 65-70 एचआईवीपॉ बच्चों में से ज्यादातर का इलाज टीएचआईक्यू ताउंसा में हुआ था। कुछ माता-पिता ने भी सिरिंज दोबारा इस्तेमाल की शिकायत की थी। डेटा के मुताबिक, 97 संक्रमित बच्चों के परिवारों में सिर्फ चार माताएं एचआईवी पॉजीटिव पाई गईं। इससे संकेत मिलता है कि संक्रमण मां से बच्चों में नहीं, बल्कि अन्य कारणों से फैला। पंजाब एड्स स्क्रीनिंग प्रोग्राम के डेटा में आधे से ज्यादा मामलों में 'कंटैमिनेटेड नीडल' को संक्रमण का कारण बताया गया है। हालांकि बाकी मामलों में कारण स्पष्ट नहीं है। मार्च 2025 में सरकार ने हस्तक्षेप किया और उस समय 106 केस बताए गए।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108